
राष्ट्रीय दैनिक



# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 बस धमकी दी है, मारेंगे नहीं, सिंधु जल संधि पर केंद्र......... | ऑस्ट्रेलिया चुनाव में लेबर पार्टी जीती, 21 साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने..... 12

वर्ष : 12 | अंक : 25 | पटना, सोमवार, 05 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी ने वायुसेना प्रमुख के साथ की बैठक

प्रात : किरण

नई दिल्ली / एजेंसी । भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह रविवार दोपहर को प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। यहां उन्होंने करीब 40 मिनट तक प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। मौजूदा समय में यह मुलाकातें काफी अहम हैं। खास तौर पर यह तब और भी अहम हो जाती है जब पाकिस्तान बीते 10 दिनों से नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद से सुरक्षा बलों ने आतंकियों पर शिकंजा कसा हुआ है। इस आतंकवादी हमले में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी थी। आतंकवादी हमले के बाद पूरी स्थिति की समीक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुखों, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। इस दौरान सरकार ने सेना को स्थिति से निपटने के लिए खुली छूट देने का निर्णय लिया था। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सेना ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों पर शिकंजा कस दिया है। इससे तिलमिलाया पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। पाकिस्तान बीते दस दिनों से नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी





कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री और वायु सेना प्रमुख के बीच हुई मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सेना के मुताबिक, पाकिस्तानी सैन्य चौकियों से 3-4 मई की रात के दौरान भी फायरिंग की गई। इस गोलीबारी का भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार से बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की है। भारतीय सेना ने तुरंत और सटीक रूप से इसका जवाब दिया। पाकिस्तान जहां एक ओर लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर वह भारतीय सेना से जुड़े संस्थानों पर साइबर अटैक भी कर रहा है। पाकिस्तान अभी तक भारतीय सेना से जुड़े शिक्षण संस्थानों, मेडिकल संस्थानों एवं वेलफेयर से जुड़ी वेबसाइट पर साइबर अटैक कर चुका है। हालांकि, पहले से सतर्क साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के इरादों को विफल कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना में देसी बम में विस्फोट से छह साल की बच्ची झुलसी

पटना। राजधानी पटना में दो देसी बम में विस्फोट होने से छह साल की बच्ची झुलस गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात पीरबहोर पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले बाकरगंज इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि बच्ची की पहचान उजागर नहीं की गई है, उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। टाउन-1 (पटना) की उप-मंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) दीक्षा ने बताया, ह्यपुलिस को शनिवार रात करीब नौ बजे बाकरगंज इलाके में दो देसी बम में विस्फोट होने की सूचना मिली। पीरबहोर पुलिस थाने के कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस घटना में छह साल की बच्ची मामूली रूप से झुलस गई। बच्ची को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है तथा फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।

### केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करे : ओवैसी

पटना। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की है। दो दिवसीय चुनावी दौरे पर रविवार को बिहार के दरभंगा पहुंचे ओवैसी ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने एक स्वर में सरकार से कहा कि इस मामले में तुरंत कदम उठाए, पीड़ित परिवारों को न्याय दे और आतंकवाद को हमेशा के लिए जड़ से खत्म करे। सभी दल सरकार के हर कड़े फैसले के साथ हैं। ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान से आतंकवादी हमारे देश में घुसकर हमारे लोगों की हत्या करते हैं। चाहे 26/11 का मुम्बई हमला हो, पठानकोट एयरबेस पर हमला हो, पुलवामा हमला हो या फिर हाल ही में 7 जुलाई को वैष्णो देवी के पास सात पुलिसकर्मियों की हत्या का मामला हो, ये ये सभी घटनाएं आतंकवाद का घिनौना चेहरा दिखाती हैं।

## पीएम मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम्स का किया शुभारंभ

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स का बिहार में अयोजन प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात : नीतीश

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स का हुआ आगाज, सीएम ने मशाल प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन
- पीएम मोदी ने बिहार के खेल विकास एवं युवाओं के जोश को सराहा



प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम्स के शुभारंभ की घोषणा की। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का मशाल प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से बिहार के खेल विकास एवं युवाओं के जोश की सराहना की। आयोजन समिति द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने अपनी गायन की प्रस्तुति और प्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने बिहार के गौरवशाली अतीत का वर्णन संगीत के जुगलबंदी के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि इस वर्ष खेलो इंडिया युथ गेम्स का आयोजन बिहार में किया जा रहा है और इसके शुभारम्भ की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। इस कार्यक्रम में पधारे केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया का भी अभिनंदन एवं स्वागत करता हूं। इन खेलों में शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से आये खिलाडियों का भी स्वागत करता हूँ और उनका अभिनंदन करता हूँ।

**खेल सुविधाओं का किया जा रहा विकास :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2018 से खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के आयोजन की जिम्मेदारी बिहार को दी गयी है, यह हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 5 जिलों क्रमशः घटना, गया, नालन्दा (राजगीर), भागलपुर एवं बेगूसराय में किया जा रहा है। हाल ही में मैंने पटना, गया एवं राजगीर में खेलों की तैयारियों का जायजा लिया। राज्य सरकार द्वारा पहले से ही खेल सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और अब केन्द्र सरकार का भी इसमें सहयोग मिल रहा है, जिससे यह काम और तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है, जहाँ आज यह कार्यक्रम हो रहा है। सभी स्कूलों एवं अन्य जगहों पर खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। उत्कृष्ट खिलाडियों को मेडल जीतने पर सीधे नौकरी दी जा रही है, इसके तहत अब तक 367 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दे दी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर में खेल अकादमी एवं खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कराया गया है। खेलों को और बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2024 में नया खेल विभाग बनाया गया है।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर केन्द्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार, नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी, सांसद रविशंकर प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, सामान्य प्रशासन तथा खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण, पटना प्रमण्डल के आयुक्त मयंक बरबड़े, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, खेल विभाग के निदेशक महेन्द्र कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, देश के कोने-कोने से आये खिलाड़ीगण एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### केन्द्र सरकार का मिल रहा पूरा सहयोग



बिहार के विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। उनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र सरकार के गठन के बाद जुलाई, 2024 में पेश किये गये बजट में बिहार के लिए विशेष आर्थिक मदद के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन तथा बाढ़ नियंत्रण आदि के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गयी है। इस वर्ष फरवरी, 2025 के केन्द्रीय बजट में भी बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना, ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता, राष्ट्रीय स्तर के खाद्य प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना एवं पटना आईआईटी के विस्तार की घोषणा की गयी है। साथ ही इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन का जिम्मा बिहार को दिया गया है। इन सभी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के वीडियो संदेश के माध्यम से शुभारम्भ की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः धन्यवाद देता हूँ। इसके साथ ही केन्द्रीय खेल मंत्री एवं इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूँ। मैं देश के विभिन्न राज्यों से आये सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूँ। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स मैदान में घूमकर सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम में खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम को केन्द्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने भी संबोधित किया।

# 700 फीट गहरी खाई में गिरा वाहन, 3 सैन्यकर्मियों की मौत

## जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना



प्रात : किरण

जम्मू/ एजेंसी। जम्मू एवं कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को एक सड़क दुर्घटना में तीन जवानों की मौत हो गई। सैन्य वाहन गहरी खाई में गिर गया। एक अधिकारी ने बताया, आज जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिर गया। तीन सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव अभियान तुरंत शुरू कर दिया गया। पुलिस ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पिछले पखवाड़े से जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग रामसू-रामबन खंड में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण बंद रहा है। कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण सड़क बह गई है। राजमार्ग की मरम्मत कर यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी 40 किलोमीटर से अधिक लंबा रामबन-रामशू खंड लगभग 300 किलोमीटर लंबे महत्वपूर्ण राजमार्ग की कमजोर कड़ी बना हुआ है। भूमि से घिरी घाटी के लिए सेना और सभी नागरिक आपूर्ति इसी राजमार्ग से होकर गुजरती है। इस रणनीतिक राजमार्ग के अस्थायी रूप से बंद होने से घाटी में पेट्रोलियम उत्पादों, खाद्य पदार्थों आदि सहित आवश्यक वस्तुओं की कमी हो जाती है। इस दुखद घटना ने दिसंबर 2024 के पुंछ हादसे की याद दिला दी है। जम्मू कश्मीर के पुंछ में दिसंबर 2024 में मेंढर सब डिविजन के बलनोई क्षेत्र में भारतीय सेना का वाहन गहरी खाई में गिर गया था। तब 5 जवानों की मौत हो गई थी और 5 गंभीर रूप से घायल हुए थे। सेना का वाहन तब 300 फीट की गहरी खाई में गिर गया था।

**मृतकों की हुई पहचान, बेगूसराय में शोक**

मृतक की पहचान अमित, सुजीत और मन बहादुर के रूप में हुई है। इनमें से एक शहीद जवान बेगूसराय का लाल सुजीत है, जो चकिया थाना क्षेत्र के अमरपुर वार्ड संख्या 8 के रहने वाले थे। शहीद सुजीत कुमार पठानकोट में जॉइंट कमिश्नर ऑफिसर के पद पर तैनात थे। उनके परिवार में पत्नी सिंधु देवी, तीन बच्चों में एक बेटा और दो बेटियां हैं। उनकी एक बेटी संध्या कुमारी पटना में सेना में जाने के लिए एनडीए की तैयारी कर रही है। सुजीत कुमार के परिवार में तीन बहनें और चार भाई हैं। सुजीत दूसरे नंबर पर थे। उन्होंने 2001 में आर्मी में सिपाही के पद पर नौकरी शुरू की थी। शहीद सुजीत की शादी 2004 में हुई थी। उनके पिता झपस राय रेल कर्मी थे। जो 6 साल पहले रिटायर हो गए हैं। परिजनों ने बताया कि शहीद जवान सुजीत कुमार का डेड बॉडी मंगलवार तक पहुंचने की संभावना है। यह घटना अत्यंत दुखद है और देश के लिए एक बड़ा नुकसान है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने जताया दुख**

हादसे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दुख जताया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के रामबन में हुई भयानक त्रासदी के बारे में सुनकर अत्यंत दुख हुआ, जहां एक वाहन दुर्घटना में भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए। हम राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी रामबन हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के रामबन में सेना की वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने से हमारे कई जवानों की शहादत का समाचार बेहद दुखद है।

**स्ट्राइक** | कूटनीतिक तौर पर पाक को सबक सिखाने के लिए लगातार कदम उठा रहा भारत

# भारत का एक और स्ट्राइक, बगलिहार बांध से चिनाब नदी का पानी रोका

प्रात : किरण

नई दिल्ली / एजेंसी । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 भारतीय की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस घटना के पीछे पाकिस्तान की साजिश का खुलासा होने के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार सख्त फैसले ले रही है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और स्ट्राइक किया है। भारत ने बगलिहार बांध से चिनाब नदी के पानी को पाकिस्तान जाने से रोक दिया है। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 65 साल पुराने सिंधु जल समझौते को सस्पेंड कर दिया था।

इसके साथ ही साथ भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई ऐसे बड़े फैसले लिए हैं जिससे पाकिस्तान की कमर टूट गई है। भारत कूटनीतिक तौर पर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए



लगातार कदम उठा रहा है। भारत सरकार ने अब चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध से पाकिस्तान की तरफ जाने वाले पानी के प्रवाह को रोक दिया है। इसके बाद झेलम नदी पर किशनगंगा बांध से भी पाकिस्तान के पानी को रोकने की तैयारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, रामबन बगलिहार और किशनगंगा हाइड्रो पावर डैम के जरिए भारत अपनी तरफ से पानी छोड़ने के टाइम को रेगुलेट कर सकता है। इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को पहुंचने वाले पानी को बिना किसी सूचना के कम और अधिक किया जा सकता है। जानकारों का मानना है कि चिनाब का पानी कम होने से पाकिस्तान में कृषि और पर्यावरण पर गहरा असर पड़ेगा ।

## पाकिस्तान ने भारतीय पोतों के लिए बंदरगाह बंद किए

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाए जाने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भारतीय ध्वज वाले पोतों के लिए अपने बंदरगाहों को बंद कर दिया। इससे पहले, भारत ने इस्लामाबाद के खिलाफ नए दंडात्मक कदम के रूप में शनिवार को पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी झंडे वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों में पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ ह्यदृढ़ और निर्णायकह्ल कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की खबर के अनुसार, भारत द्वारा दंडात्मक कदम उठाए जाने के बाद पाकिस्तान ने शनिवार देर रात आदेश दिया कि भारतीय ध्वज वाले किसी भी पोत को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और पाकिस्तानी पोतों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर रुकने की अनुमति नहीं होगी। समाचार पत्र के अनुसार, पड़ोसी देश के साथ समुद्री स्थिति संबंधी हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर पाकिस्तान समुद्री संप्रभुता, आर्थिक हित और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित कदमों को तत्काल प्रभाव से लागू करता हैः भारतीय ध्वजवाहक पोतों को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, पाकिस्तानी झंडे वाला कोई पोत किसी भी भारतीय बंदरगाह पर नहीं जाएगा (और इस मामले में) किसी भी छूट या व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी और मामले के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

# 20 मई को इंडिया गठबंधन का भारत बंद, महागठबंधन की बैठक में हुआ ऐलान

प्रात : किरण

पटना। महागठबंधन की बैठक रविवार को संपन्न हुई। इस बैठक में विपक्षी दलों ने तय किया कि वामदल के द्वारा आहूत किए गए भारत बंद को सफल कराने में महागठबंधन एकसाथ खड़ा रहेगा। तेजस्वी यादव 20 मई को भारत बंद कराया जाएगा। दरअसल, पटना में महागठबंधन के दलों की तीसरी और बड़ी बैठक रविवार को हुई। पटना के दीघा रिसोर्ट में आयोजित इस बैठक में राजद, कांग्रेस, वीआईपी और वामदलों के नेता मौजूद रहे। इस बैठक में तेजस्वी यादव, कांग्रेस बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राज समेत अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने 20 मई को वामदल के द्वारा आहूत बिहार बंद को समर्थन दिया है। इस बंद के जरिए महागठबंधन बिहार में एकजुट होने का सियासी संदेश भी देगा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बैठक के बाद कहा कि 20 मई को वामदल के भारत बंद को सभी साथ देंगे। जिलों में मिलकर बंद को सफल बनाया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा



कि अभी बैठकों का दौर आगे भी जारी रहेगा। बंद की घोषणा वाम दल के नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने की। उन्होंने मजदूरों के हक के लिए 20 मई को भारत बंद का आह्वान किया और इसे महा गठबंधन के सभी घटक दलों द्वारा समर्थन देने की बात कही। एक प्रकार से यह चुनाव के पहले बिहार में महा गठबंधन की ताकत दिखाने का माध्यम होगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने बैठक में सरकार के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। उन्होंने केंद्र सरकार पर मनमानी करने का आरोप लगाया। इसके खिलाफ सभी से आवाज बुलंद करने कहा। विकासशील पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने महा गठबंधन के सभी दलों को चुनाव में एकजुटता दिखाने के लिए विशेष जोर देने की बातें कही। इसमें चुनावी रणनीति, साझा चुनावी घोषणा पत्र, प्रचार को एकजुटता के साथ रणनीति बनाकर बढ़ाने पर जोर देने कहा। एकजुट होकर चुनाव लड़कर इस सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने बैठक के संदर्भ में कहा कि महागठबंधन पूरी तरह से मजबूत है और सभी दल मिलकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव ही रहेंगे, इस पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। इस पर सवाल उठाना अनुचित है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# सालाना स्नान मेला पर गुरुद्वारा गुरु के बाग में हुआ धार्मिक आयोजन

## वरदानी कुआं के जल से भरे सरोवर में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, लगाया पौधा





प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता वैशाख सुदी सप्तमी को गुरुद्वारा गुरु के बाग में धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने परिसर में स्थित वरदानी कुआं के जल से भरे सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई। दरबार साहिब में मत्था टेक अरदास किया। जिनकी मन्नतें पूरी हुईं, उन लोगों ने भाग में पौधा लगाने का काम किया। वार्षिक स्नान मेला को लेकर गुरु के बाग स्थित गुरुद्वारा में रविवार को विशेष दीवान सजा। इससे पहले पिछले दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति ग्रंथी विनोद सिंह और रंजीत सिंह की देखरेख में हुई। इसके बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह ने कथा कही। रागी जत्था में भाई कविंदर सिंह, भाई नविंदर सिंह व भाई ज्ञान सिंह ने शबद कीर्तन पेश किया। जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने स्नान मेला की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त मुख्य ग्रंथीथी ज्ञानी दिलीप सिंह के अरदास के साथ विशेष दीवान की समाप्ति हुई। वार्षिक स्नान मेला में शामिल होने के लिए बिहार के विभिन्न जिलों से लेकर देश के विभिन्न हिस्सों से भी लोग आए थे। मान्यता है कि इस पवित्र कुएं के जल से जो कोई भी स्नान कर दरबार साहिब में फल से अरदास कराता है, उसे संतान की प्राप्ति होती है और अन्य मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। जिनकी मनोकामना पूरी होती है, वह यहां आकर पौधा लगाते हैं। विशेष दीवान की समाप्ति पर गुरु का लंगर रामगढ़िया एसोसिएशन की ओर से चलाया गया। इससे पहले तख्तश्री पटना साहिब में भी सजे विशेष दीवान में रागी जत्था भाई ज्ञान सिंह, भाई बिक्रम सिंह, भाई अरविंद सिंह निर्गुण, भाई जोगिंदर सिंह, भाई जगत सिंह ने शबद कीर्तन किया और कथा ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कही।

# खाजेकलां से युवक व युवती लापता

## सिटीकोर्ट के पास मंदिर में चोरों ने किया चोरी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी( खाजेकलां थाना क्षेत्र के मोगलपुरा से युवक और एक युवती लापता है। मोगलपुरा का रहने वाला 31वर्षीय गुडू मल्लिक लापता है। पिता छोटे मल्लिक ने इसकी सूचना खाजेकलां थाना की पुलिस को देते हुए बताया कि 22 अप्रैल की रात घर से खाना खाकर निकला।

इसके बाद वह वापस नहीं लौटा है। इसी थाना क्षेत्र से 23 वर्षीय युवती भी लापता है। परिजनों ने बताया कि युवती 28 अप्रैल को घर में यह बता कर निकली कि थोड़ी देर में बाजार से आते हैं। इसके बाद वापस नहीं लौटी है। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने गोलू नाम के युवक पर बहला-फुसला कर लेकर भागने का आरोप लगाया है। पुलिस कांड दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### मंदिर से बरतनों की चोरी

आलमगंज थाना क्षेत्र के पुरानी सिटीकोर्ट के पास एक मंदिर से नशेड़ियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने भगवान के बरतन एवं 2100 रुपया नगद की चोरी कर ली। पुजारी पार्वती देवी ने बताया कि वह मंदिर में जब पूजा करने के लिए पहुंचीं, तब देखा कि मंदिर का पूरा सामान इधर-इधर बिखरा पड़ा है। छानबीन करने पर पता चला कि 22 पीस पीतल का कटोरा, दो थाली, दो घंटी, दो पंचमुखी दीया, लोटनी, बजाने वाला झाल करताल, 2100 रुपया नगद सहित अन्य सामान गायब है। पुलिस को बताया गया कि मंदिर के समीप ही कंटाही घाट के पास नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। आशंका है कि नशेड़ियों ने ही मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। इधर दीदारगंज निवासी चेकपोस्ट निवासी राजू राय की ऑटो चोरी चली गई है। इस संबंध में सूचना दीदारगंज थाना की पुलिस को दी है। बताया गया कि पंप के पास ऑटो लगा कर घर चला गया था। जब वह वापस घर से लौटा तो ऑटो उक्त स्थान पर नहीं मिला। वाहन अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।

# युवक के साथ मारपीट के बाद चाकू मार किया घायल, महिला को पीटा

पटना सिटी। अगमकुआं थाना क्षेत्र में एक युवक को चाकू मार घायल कर किया। वहीं दीदारगंज में महिला के साथ मारपीट की गई। अगमकुआं थाना क्षेत्र के नया टोला कुम्हरार के रहने वाले सुमित कुमार ने पुलिस को बताया कि बकाया राशि देने के लिए दीपक ने बुलाया था। धनुकी मोड़ के पास वह पांच की साथियों के साथ मौजूद था। हमारे पहुंचने के बाद बकाया देने के बदले मारपीट करते हुए चाकू से प्रहार कर जख्मी कर दिया। चाकू केप्रहार से हाथ में गहरा जख्म हो गया। इसके बाद निजी नर्सिंग होम में इलाज कराया। अगमकुआं थाना में सन्नी कुमार ने छोटू बिंद पर साथियों के साथ मारपीट करने और पर्स व मोबाइल छिनने का मामला दर्ज कराया है। दूसरी ओर दीदारगंज थाना क्षेत्र के हनुमानचक पूनाडीह की रहने वाली महिला करुणा कुमारी ने पड़ोसियों पर घर में घुस कर मारपीट करने के बाबत शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पडोसी सुनील कुमार, रणधीर कुमार, बुन्नी, मोहन राय, चंद्र राय समेत अन्य को आरोपित किया गया है। यह सब घर में घुस कर मारपीट किया है।

# एक व्यक्ति ने गले में फंदा डालकर की आत्महत्या

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्यू गोसाईटोला में गले में एक व्यक्ति की फांसी डाल हत्या की बात सामने आयी है। मृतक के परजिनो ने हत्या का आरोप लगाते हुए नौ लोगो को आरोपित किया है। वही पुलिस मामले को पुरी तरह संदिग्ध मानते हुए मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है। प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के न्यू गोसाईटोला निवासी अरूण राय के पुत्र सुभाष राय 27 की देर शाम उसके ग्रिल के दुकान में फंदे से झुलते पाया गया। बताया जाता है कि सुभाष राय एवं सुरेन्द्र राय के बीच घर का पानी गिडने को लेकर विवाद हुआ था।

जिसको लेकर पंचायत भी हुआ था। वही मृतक के पिता अरूण ने पुलिस को दिये ब्यान में बताया कि पडोस के सुरेन्द्र राय समेत नौ लोगो ने सुभाष राय को घर से खींचकर मारपीट करते हुए उसके ग्रिल के दुकान में फांसी से लटका दिया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजन को सौप दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि मामला पुरी तरह संदिग्ध है।

# सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी:पद्मश्री डॉ. बीके संजय

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दो व्याख्यानों का आयोजन किया गया। इसमें देहरादून स्थित संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर के डॉ. गौरव संजय तथा पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विषय थाः सड़क दुर्घटनाओं पर जनजागरूकता।

डॉ. गौरव संजय एक ऑर्थोपीडिक व स्पाइन सर्जन हैं और उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता श्री महेश कुमार कोहली भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुभारंभ राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. हरीश कुमार ठाकुर के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने पद्मश्री डॉ. बी.के. संजय, डॉ. गौरव संजय और श्री महेश कुमार कोहली का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया।

इसके पश्चात डॉ. गौरव संजय ने अपने व्याख्यान में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली समस्याओं, उनके कारणों और उन्हें रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बताया कि किस प्रकार हम इन दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।

पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने अपने संबोधन में बताया कि वे पिछले 25 वर्षों से सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। जिसमें वह अब तक लगभग 200 से अधिक संस्थानों में अपने विचार साझा कर चुके हैं। हाल ही में 30 अप्रैल 2025 को उन्होंने उत्तराखंड राजभवन में भी एक रोड सेफ्टी सेमिनार आयोजित किया था, जिसके मुख्य अतिथि उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह जी थे। उन्होंने डॉ. बी.के.एस. संजय और डॉ. गौरव संजय दोनों को उनके सराहनीय सामाजिक कार्यों के लिए बधाई दी।

डॉ. संजय ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के विद्यार्थियों को बताया कि हम अपने व्यवहार और वाणी से मानव जीवन को कैसे बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हम अपने जीवन को सुखमय कैसे बना सकते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने मानवता के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया और यह भी बताया कि हम सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बच सकते हैं।

डॉ. संजय द्वारा लिखित एक पुस्तक का नाम ह्लउपहार संदेश काह्व है और साथ ही डॉ. बी.के.एस. संजय और डॉ. गौरव संजय ने मिलकर दो पुस्तकें प्रकाशित की हैं झ ह्लत्र१ड्डे ३ॅ ढ्ढल्ल ड्ढा र४१ैड्डल्लर्ढ्ढ, ह्लभारत में सड़क दुर्घटनाएंह्व। इन पुस्तकों में यह बताया गया है कि सड़क दुर्घटनाएं क्यों होती हैं और उन्हें कैसे रोका जा सकता है।

श्री महेश कुमार कोहली ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों से अपील की कि हमें सड़क यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए।

इस व्याख्यान में राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. विकास सिंह, डॉ. भावना, डॉ. मिनी पाठक डोगरा तथा प्रो. हरीश कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# छह माह से 59 माह के बच्चों में अनीमिया दूर करने पर विभाग करेगा फोकस

प्रातः किरण संवाददाता



पटना- अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम को राज्य में प्रभावी बनाने की कवायद जारी है. इसके तहत छह माह से 59 माह तक के बच्चों में अनीमिया न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग विशेष फोकस कर रहा है. अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के इंडिकेटर को जिला पदाधिकारी के स्तर से मासिक समीक्षात्मक बैठक करायी जाएगी, जिसमें जिलाधिकारी स्वास्थ्य,शिक्षा एवं आईसीडीएस के साथ आइएफए सिरप के दवाओं की डिमांड एवं आपूर्ति श्रृंखला की मासिक मॉनिटरिंग भी करेंगी. इसके अलावा सभी तरह की डिमांड को एचएमआइएस पोर्टल पर भी प्रविष्टि करनी होगी. मालूम हो कि राज्य में अनीमिया के दर को कम करने के लिए राज्य में अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम संचालित है. इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयु समूहों के लाभार्थियों को संबंधित विभागों के द्वारा आयरन फोलिक एसिड का सिरप, गुलाबी एवं नीली गोली का अनुपूरण कराया जा रहा है.

डॉ. वी. पी. राय, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य ने बताया कि आयरन की कमी से होने वाला अनीमिया सबसे आम है. बच्चों में अनीमिया से कई बीमारियाँ हो सकती हैं. इनमे थकान एवं कमजोरी, त्वचा का पीला पड़ना, सांस लेने में तकलीफ, विकास संबंधी समस्याएँ आदि हो सकती हैं. अनीमिया की स्थिति गंभीर होने पर यह जानलेवा साबित हो सकता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की लगभग एक चौथाई आबादी अनीमिया से पीड़ित है जिसमे प्रीस्कूल आयु के लगभग आधे बच्चे शामिल हैं.

एचएमआईएस पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार अनीमिया मुक्त इंडेक्स पर 106.5 प्रतशत के साथ सिवान पहले स्थान पर है. वहीं 105.6 प्रतिशत के साथ समस्तीपुर दुसरे स्थान पर, 93.2 प्रतिशत के साथ सारण तीसरे स्थान पर, 91.4 प्रतिशत के साथ सुपौल चौथे एवं 86.5 प्रतिशत के साथ खगड़िया पांचवे स्थान पर है. अनीमिया मुक्त इंडेक्स अनीमिया मुक्त भारत के तहत सभी मानकों को देखकर तैयार किया जाता है. इसमें आईएफए सिरप 6-59 महीने के बच्चों को दो बार प्रदान किया जाता है, आईएफए गुलाबी गोलियां 5-9 साल के बच्चों को प्रदान की जाती हैं, आईएफए नीली गोलियां 10-19 साल के किशोरों को प्रदान की जाती हैं, प्रजनन आयु समूह की महिलाओं को साप्ताहिक रूप से आईएफए लाल गोलियां और गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 180 दिनों के लिए प्रतिदिन आईएफए लाल गोलियां प्रदान की जाती हैं.

पुनपुन निवासी कमला देवी बताती हैं कि जानकारी के अभाव में वह अपने बच्चे को पोषक भोजन नहीं दे पाती थी जिससे उनका बच्चा बीमार रहने लगा. जब डॉक्टर को दिखाया तब पता चला कि उनका बच्चा अनीमिया से ग्रसित है. डॉक्टर द्वारा बच्चे का समुचित उपचार किया गया और आहार तालिका बना कर दिया गया. अब वह बच्चे को चिकित्सीय परामर्श के अनुसार खाना खिलाती हैं और बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है.

# बैशाख सुदी सप्तमी को रविवार व्रत रख किया गंगा स्नान, शाम में पूजा



प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। वैशाख सुदी सप्तमी को छठ व्रत रखने वाली एवं अन्य महिलाओं ने भी रविवार को व्रत रखा। इसके पूर्व शनिवार को नहाय-खाय का रस्म किया। दोनों दिन गंगा नदी में स्नान करने के लिए भीड़ लगी रही। रविवार को सुबह में व्रतियों ने उपवास रखा। इस दौरान व्रतियों ने फल आदि हाथ में रखकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने का काम किया। व्रतियों ने गंगा में डुबकी लगाने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। गंगा नदी के किनारे रहे मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद घर लौटीं। यहां शाम में पान, फूल-माला, सुपारी आदि की मदद से भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना कर उपासना की। इसके बाद रिश्तेदार व परिवार के सदस्यों ने आशीर्वाद लिया। प्रसाद ग्रहण किया गया। इसे लेकर गंगा नदी आने-जाने वाले मार्ग में फल की खरीदारी हुई। शाम में व्रतियों ने भजन-कीर्तन भी किया।

# अमृतसर हवेली के पहले आउटलेट का शुभारंभ



पटना। राजधानी के कंकड़बाग स्थित गायत्री मंदिर रोड में अमृतसर हवेली रेस्टोरेंट के पहले आउटलेट का शुभारंभ हुआ। उक्त आउटलेट का उद्घाटन व्यवसाय बदरू जमा, रविंद्र नाथ सिंह, राधे कृष्ण पांडे एवं गणेश प्रसाद मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर आउटलेट के ओनर आसिफ जमा, शुभम मिश्रा, आलोक पटेल और राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह पंजाबी फूड चैन है। अमृतसर हवेली का देश भर में 50 से ज्यादा आउटलेट है। उन्होंने कहा कि यहां 70 से 75 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। साथ ही यहां बर्थडे व किट्टी पार्टी भी किया जा सकता है। यहां के सेफ पंजाब से हैं। उन्होंने कहा कि शुभारंभ के मौके पर ग्राहकों को व्यंजनों पर 5 से 10% तक की छूट दी जा रही है, साथ ही एक सप्ताह तक पंजाब का प्रसिद्ध छाछ कंप्लीमेंट्री तौर पर सर्व किया जाएगा।

# लाखों रूपए के जेवरात सहित महिला नौकरानी के साथ चार युवक गिरफ्तार

दानापुर। नगर के अंतर्गत जजेज कॉलोनी में पुलिस ने एक घर से ढाई लाख नगद समेत लाखों रूपए का जेवरात चोरी होने में महिला नौकरानी समेत चार युवकों को गिरफ्तार किया। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दानापुर के जजेज कॉलोनी निवासी ऋतंभरा पति शांतम्र मोहन ने 2 मई को घर से रूपए एवं जेवरात को नौकरानी द्वारा चोरी करने के संबंध आवेदन दी थी।एक टीम बनाकर वैधानिक अनुसंधान एवं तकनिकीसाक्ष्य,सीसीटीभी फुटेज का जांच पड़ताल की गई। उसके बाद सुलतानपुर में किराये के मकान में रह रही ममता देवी नौकरानी को गिरफ्तार किया गया।उससे पूछताछ के बाद बिहटा के कन्हौली निवासी सोनु कुमार, नौबतपुर के रामपुर निवासी सुमित कुमार और बिहटा के पैनाल निवासी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार लोगों के निशानदेही पर चोरी गई 2,56,500 नगद,सोने जैसा दो जोड़ा कान की बाली,चाँदी जैसा एक जोड़ा पायल,सोना जैसा 14 ग्राम धातु एवं चार चाभी बरामद किया गया है। सभी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

# 25 हजार का ईनामी पिन्टू राय को गिरफ्तार किया गया

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने हत्या एवं आर्म्स एक्ट जैसे कई अपराधिक घटनाओं में फरार चल रहे 25 हजार का ईनामी पिन्टू राय को गिरफ्तार किया गया एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि हत्या एवं आर्म्स एक्ट जैसे कई अपराधिक घटनाओं में फरार चल रहे 25 हजार ईनामी शंकरपुर निवासी पिन्टू राय बाहर जाने के लिए राजेन्द्रनगर स्टेशन पहुंचने वाला है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद द्वारा वरीय पदाधिकारी को सूचना देते हुए छापमारी दल का गठन किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए राजेन्द्रनगर स्टेशन परिसर गेट के बाहर पिंटू राय पुलिस वाहन को देखते ही भागने का प्रयास किया। जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।पिंटू के खिलाफ शाहपुर थाना में तीन,अकिलपुर में एक व दिघवारा थाना में एक सहित अन्य थानों में मामला दर्ज है।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत

दानापुर ।नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक की पहचान मनेर के कमला गोपालपुर निवासी प्रज्जवल सिंह 26 के रूप में हुई है। वह रूपसपुर थाना क्षेत्र के भट्ठा रोड पर किराए के मकान में रहता था और किराना दुकान चलाता था। दरअसल, प्रज्जवल अपने दोस्त निशांत कुमार के साथ कल शाम ब्रह्मस्थान गली में एक रिसेप्शन पार्टी में गया था। आज सुबह निशांत ने पुलिस को सूचना दी कि प्रज्जवल सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। पुलिस के पहुंचने पर प्रज्जवल की सांसें चल रही थीं। परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान प्रज्जवल के दोस्त निशांत की भी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। पुलिस ने उसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। मृतक के भाई विनय कुमार ने बताया कि प्रज्जवल ने रात करीब 12 बजे आधे घंटे में घर आने की बात कही थी। उसके बाद उसका फोन बंद हो गया।विनय ने यह भी बताया कि 9 या 10 अप्रैल को प्रज्जवल ने उनसे 3 लाख रुपए लेकर निशांत को दिए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# इस्लाम का असली चेहराः शांति ,आतंक नहीं विषय पर सम्मेलन आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सोशल मीडिया पत्रकार मो० मंजर सुलेमान से मिला समाचार के अनुसार, आज जब विश्व के अनेक हिस्सों में आतंकवाद और हिंसा को इस्लाम से जोड़ा जाता है, ऐसे समय में द्वारा पटना के फुलवारी शरीफ में आयोजित शांति सम्मेलन एक आवश्यक और सराहनीय पहल बनकर उभरा है। इस्लाम का असली चेहराः शांति, आतंक नहीं विषयक इस सम्मेलन में प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान मौलाना अबुल हकम मुहम्मद दानियाल ने इस्लाम की मूल भावना शांति, सौहार्द और मानवता को प्रस्तुत किया।सम्मेलन के दौरान मौलाना दानियाल ने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए निर्दोष नागरिकों पर आतंकी हमले को बेहद दुखद और निंदनीयह्व करार देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि यह कृत्य न सिर्फ मानवता के विरुद्ध है, बल्कि इस्लाम के सिद्धांतों के भी उलट है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वह शोक संतप्त परिवारों को धैर्य और शक्ति प्रदान करे।मौलाना ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान प्रायोजित था और उसे इस्लाम के नाम पर अंजाम दिया गया। लेकिन इस्लाम का आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा, इस्लाम और आतंकवाद दो विपरीत ध्रुव हैं, जिन्हें एकसाथ रखना न केवल अनुचित है बल्कि एक महान धर्म के साथ अन्याय भी है।मौलाना दानियाल ने बताया कि इस्लाम शब्द की उत्पत्ति सिल्म से हुई है, जिसका अर्थ ही है शांति। उन्होंने पवित्र कुरआन की अनेक आयतों का हवाला देते हुए इस्लाम की मूल शिक्षा को उजागर किया, ह्लसुलह करना सबसे बेहतर है। (सूरह अन-निसा 4:128), जिसने किसी निर्दोष व्यक्ति की हत्या की, उसने पूरी मानवता की हत्या की। (सूरह अल-माइदा 5:32), ह्लधरती में सुधार के बाद उसमें फिर से भ्रष्टाचार मत फैलाओ।ह्व (सूरह अल-अराफ 7:56), इन आयतों से स्पष्ट होता है कि इस्लाम का उद्देश्य समाज में सुधार, सौहार्द और न्याय की स्थापना है, न कि अराजकता और हिंसा।

सम्मेलन में मौलाना ने यह भी कहा कि यदि कोई इस्लाम के सच्चे स्वरूप को समझना चाहता है, तो उसे पैगंबर मुहम्मद (सल्ल०) के जीवन का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कई हदीसों के माध्यम से बताया कि पैगंबर ने हमेशा नर्मी, क्षमा और शांतिपूर्ण समाधान को प्राथमिकता दी। सच्चा मुसलमान वह है जिसकी जबान और हाथ से अन्य लोग सुरक्षित रहें। (सहीह बुखारी), जब भी पैगंबर को दो विकल्प दिए जाते एक कठिन और एक सरल तो वे सरल और शांतिमय विकल्प को चुनते थे।

# चोरी की 21 बाइक जब्त,7 बदमाश गिरफ्तार वाहन चोर गिरोह का हुआ पदार्फाश

प्रातः किरण संवाददाता



फतुहा। दीदारगंज थाना क्षेत्र में बीते 3 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग लूट व चोरी के बाईक की खरीद-बिक्री करने के लिए निजामपुर बगीचे में एकत्रित हुए हैं। पुलिस ने वरीय अधिकारियों को सूचना देते हुए उक्त जगह पर छापेमारी की जहाँ से 3 बाईक के साथ 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों से पुलिस ने पूछताछ के क्रम में इनके ही निशानदेही पर एक अन्य युवक को मालसलामी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है और अलग-अलग जगहों से पुलिस ने 24 घंटे में 18 और चोरी व लूट की बाईक को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए पटना के ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि ये एक अंतरजिला गिरोह है जो मुख्यतः बाईक लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। बाईक को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से ये पास के ही शराब की ढुलाई के लिए सस्ते दामों में वैशाली जिले के रूस्तमपुर दियारा इलाके में बेच दिया करते हैं। पटना जिले के नदी थाना, फतुहा थाना, दीदारगंज थाने से ही ये लोग मुख्यतः लूटपाट करते थे और नदी के उस पार बाईक को ठिकाने लगाते थे।

पटना पुलिस की यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। सभी गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास संबंधित थानों से पता किया जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी-1 निखिल कुमार, थानाध्यक्ष दीदारगंज, थानाध्यक्ष नदी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वही बाइक चोरी व लूट की घटना में राहुल महतो उर्फ कल्लू, रौशन, शंभु, पिंटू, रंजन, चंदन, जितेन्द्र उर्फ मोछू शामिल थे।

# नासरीगंज में प्रदूषण से परेशान लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत नासरीगंज बिस्कूट फैक्ट्री इलाके के लोगो विरोध प्रदूषण से परेशान लोगों ने सत्या राय की अध्यक्षता में स्थानीय लोगो ने एकजूट होकर विरोध प्रकट करते हुए धरना दिया। जिसमें मुख्य रूप से मनबोध यादव, शिवम यादव, प्रेमचंद कुमार सिन्हा, देवेंद्र भगत, आकाश कुमार, अनिल कुमार, सुबोध सिंह, सतेन्द्र कुमार दुबे, ललन सिंह, नीरज कुमार आदि शामिल हुए। लोगो ने कहा कि नासरीगंज मुहल्ला घनी आबादी वाला इलाका है। इस इलाके में स्टील समेत अन्य कई फैक्ट्री चल रहे ह। जिससे निकलने वाला धूआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है' इस धुएं से इलाके के विभिन्न रोग जैसे खांसी, अस्थमा, कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहें हैं' लोगो ने इससे निजात दिलाने को लेकर सरकार से तत्काल आवासीय क्षेत्र एवं ग्रीन जोन से बीमारी फैलाने वाली फैक्ट्री को बंद करने की मांग की। गुस्साये लोगो ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रदूषण के शर्तो को उल्लंघन करने के कारण कार्रवाई करते हुए पोल्लुशन सर्टिफिकेट रद्द करने की मांग की'

## ऊर्जा मंत्री ने गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पेसू को दिए सख्त निर्देश

# लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : बिजेंद्र

प्रात : किरण संवाददाता






पटना। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव के निर्देश पर विद्युत भवन में ऊर्जा सचिव पंकज कुमार पाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेसू क्षेत्र में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं शटडाउन की समीक्षा की गई। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए मंत्री ने पेसू टीम को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिए तत्परता से कार्य करें। बैठक में सीएमडी श्री पाल ने कहा कि आवश्यकतानुसार ही परियोजनाओं के कार्यान्वयन एवं दैनिक अनुरक्षण कार्य के लिए समीक्षा कर न्यूनतम समय के लिए ही शटडाउन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परियोजना एवं रखरखाव कार्य के लिए जो शटडाउन जरूरी हो, उसकी पहले से योजना बनाकर समाचार पत्रों और विभागीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके साथ-साथ माइकिंग के जरिए भी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाए ताकि लोग आवश्यक तैयारियां, जैसे पानी संग्रह, पहले से कर सकें। श्री पाल ने कहा कि हर शटडाउन की निगरानी संबंधित अधीक्षण अभियंता करेंगे और स्थल पर सहायक या कनीय अभियंता की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पॉवर कट की जानकारी सभी उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से समय से दी जाए। निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पेसू कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की समीक्षा भी की गई। इस बैठक में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुख्यालय तथा पेसू के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार में फिर से बनेगी एनडीए सरकार : बीएल वर्मा

प्रात : किरण संवाददाता



● केन्द्रीय मंत्री बोलें-एनडीए घटक मानेंगे प्रधानमंत्री की बात

पटना। बिहार दौरे पर आये केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने मुख्यमंत्री फेस और नेतृत्व को लेकर बड़ा दावा किया है। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक मामलों के राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने रविवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने का दावा किया।

इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर से सीएम बनने पर सीधा जवाब दिया। अपने बिहार दौरे में बीएल वर्मा मुजफ्फरपुर के सकरा में आंबेडकर सम्मान अभियान विचार गोष्ठी को संबोधित करेंगे। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने कांग्रेस, राजद नेता तेजस्वी यादव और महागठबंधन घटक दलों की होने वाली बैठक पर कहा कि इंडिया गठबंधन चाहे जितनी बैठक कर ले मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए का परचम लहराएगा, जिस तरह से पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की रफ्तार पर आगे बढ़ रहा है बिहार भी उसी रफ्तार पर आगे बढ़ेगा। एनडीए के घटक दलों में चिराग पासवान और जीतन राम मांझी की पार्टी के सीटों के डिमांड पर कहा कि चिराग पासवान तो प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। मुझे लगता है पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए में जो भी फैसला होगा वह स्वीकार करेंगे। समय आने पर सब ठीक हो जाएगा।

एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में उतरेगी और जीत हासिल करेगी। साथ ही नीतीश कुमार के फिर से मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा सबको मानना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले पर राज्य मंत्री ने कांग्रेस को जमकर लताड़ा और कहा कि कांग्रेस के नेता मुंह लगता है इस प्रकार के बयान देते हैं जो पाकिस्तान कोरास आते हैं। हमारी सेना के हौसलों को यह कमजोर करने का प्रयास करते हैं लेकिन हमारे बहादुर सेना उसके हौसले कमजोर होने वाला नहीं है। समय आने पर पाकिस्तान को जवाब दिया जाएगा। इसके लिए भारत तैयार है।

## कांग्रेस की पाकपरस्ती एक बार फिर हुई उजागर : मंगल

### पाकिस्तान-प्रेम में सेना का मनोबल तोड़ने के लिए कांग्रेस सांसद ने दिया बयान

● सर्जिकल व एयर स्ट्राइक का पहले भी कांग्रेस ने मांगा था सबूत

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने पहलगाम आतंकी हमले के महज 10 दिन बाद कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बयान को कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम में भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने की सोची-समझी रणनीति बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद के सर्जिकल स्ट्राइक को नक्कारने से सम्बंधित बयान घोर आपत्तिजनक व दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे एकबार फिर कांग्रेस की पाकपरस्ती उजागर हुई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद चन्नी ने यह बयान उस समय दिया है, जब भारतीय सेना आतंकियों को पालने-पोषने व संरक्षण देने वाले देश पाकिस्तन को सबक सिखाने के लिए तैयार है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेना के तीनों अंगों को कार्रवाई की खुली छूट दे रखा है। ऐसे में कांग्रेस सांसद का यह कहना कि,आज तक मुझे पता नहीं चला कि कहां स्ट्राइक हुए थे? उस समय पाकिस्तान में कितने बंदे मारे गए थे? कहीं नहीं दिखे सर्जिकल स्ट्राइक। किसी को पता नहीं चला। सांसद का यह बयान सीधे तौर पर भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का अपमान है।

उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की उनका धर्म पूछ कर हत्या कर दी गई । इससे पूरे देश में आक्रोश है। देश के 140 करोड़ लोग बदले की कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ऐसे में सर्जिकल व एयर स्ट्राइक पर सवाल उठा कर कांग्रेस ने न केवल भारतीय सेना बल्कि देश का भी अपमान किया है। पाकिस्तान व मुस्लिमों के तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस और कितना गिरेगी?

## नीरज ने गुनाहनामा में राजद शासन पर लगाए गंभीर आरोप

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार की राजनीति एक बार फिर गर्मा गई है। जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ प्रवक्ता नीरज कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव को एक तीखा खुला पत्र लिखा है, जिसका शीर्षक है गुनाहनामा। इस पत्र में लालू-राबड़ी शासनकाल को निशाने पर लेते हुए अति पिछड़ा वर्ग के साथ किए गए कथित राजनीतिक और सामाजिक अन्याय को उजागर किया गया है। नीरज कुमार ने पत्र में लिखा कि लालू यादव ने हमेशा खुद को सामाजिक न्याय का रक्षक बताया, लेकिन उनकी सरकार में ईबीसी समुदाय को सत्ता, सम्मान और अवसरों से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक बहिष्कार था, न कि न्याय। नीरज के लिखे गुनाहनामे में 1990 से 2005 तक बिहार में कुल 272 मंत्रियों में से केवल 18 मंत्री अति पिछड़ा वर्ग से थे, जो 6.6% से भी कम है। उन्होंने इसे साफ तौर पर ईबीसी की अनदेखी और दमन बताया। पत्र में यह भी कहा गया कि लालू सरकार ने अपने लंबे कार्यकाल के बावजूद पिछड़ा-अतिपिछड़ा कल्याण विभाग की स्थापना नहीं की। न ही पंचायतों में ईबीसी को एकल पदों पर आरक्षण दिया गया, जो इस वर्ग के प्रति उनकी उपेक्षा को दशार्ता है। नीरज कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि राजद, केंद्र और राज्य दोनों में सत्ता में होने के बावजूद, जातिगत जनगणना नहीं करवा सकी और न ही राज्यस्तरीय जाति सर्वेक्षण पर कोई ठोस पहल की। उन्होंने इसे राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी कहा। पत्र में यह भी जिक्र किया गया कि लालू शासनकाल में खासतौर पर ईबीसी वर्ग की बेटियों को शिक्षा और सामाजिक अधिकारों से वंचित रखा गया ताकि वे अपने अधिकारों के लिए जागरूक न हो सकें। नीरज कुमार ने पत्र में दावा किया कि लालू शासनकाल में 118 बड़े नरसंहार हुए, जिनमें सबसे ज्यादा नुकसान अति पिछड़ा वर्ग को झेलना पड़ा। उन्होंने उस दौर को लालटेन युग की संज्ञा दी, जिसे उन्होंने अराजकता और असुरक्षा का प्रतीक बताया। नीरज कुमार का यह पत्र आने वाले चुनावी माहौल में सियासी बयानबाजी को और तेज कर सकता है। जहां एक ओर यह राजद के सामाजिक न्याय के एजेंडे पर बड़ा सवाल खड़ा करता है, वहीं जदयू की ओर से यह ईबीसी समुदाय के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश के रूप में भी देखा जा रहा है।

## एसएलएमजी बेवरेजेस के संस्थापक एसएल लधानी का 85 वर्ष की आयु में निधन

प्रात : किरण

पटना/बक्सर। बहुत ही दुःख और सम्मान के साथ हम यह सूचित करते हैं कि श्री एस. एन. लधानी का 2 मई 2025 को सुबह 12:34 बजे बरेली स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। लधानी एक सफल उद्योगपति, दयालु समाजसेवी और सादा जीवन जीने वाले आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन में मेहनत, ईमानदारी और सेवा को सबसे ऊपर रखा। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। लधानी ने एसएलएमजी बेवरेजेस की स्थापना की, जो वर्तमान में बिहार के बक्सर में बनने वाले प्लांट के अलावा अयोध्या, अमेठी और आगरा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश में बॉटलिंग प्लांट संचालित करती है। एसएलएमजी बेवरेजेज, जो बिहार के बक्सर में 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से एक नया संयंत्र स्थापित कर रही है, उसकी 1,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश से एक और ऐसा ही संयंत्र खोलने की योजना है। बरेली में 4 मई को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में देशभर से अनेक विशिष्ट व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा (क.अ.र.), द कोका-कोला कंपनी के इंडिया एवं साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट शंकेत रे, ओबेरॉय ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्जुन ओबेरॉय, भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन, अयोध्या से साईं नितिन राम, अमृत राजपाल, गिरधारी चावला, लखनऊ से साईं हरीश लाल, वीरेंद्र खत्री, बनारस से एस. कुमार तथा बरेली से राजगोपाल खट्टर, ठाकुर दास और रमेश सुरतनी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री लधानी जी का जन्म 7 मार्च 1940 को अविभाजित भारत के सिंध प्रांत के सक्खर जिले के गुलाम घोट गांव में हुआ था। विभाजन के समय उन्होंने अपने परिवार के साथ फैजाबाद (अब अयोध्या) में बसने के लिए पलायन किया। यह उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरूआत थी, जो आगे चलकर उनकी मेहनत, दूरदर्शिता और गहरे संस्कारों से भरी प्रेरणादायक यात्रा में बदल गई। श्री लधानी जी ने अपने काम की शुरूआत 1957 में बिहार के कटिहार से की। कुछ ही समय में उन्होंने अपने भाइयों के साथ मिलकर व्यापार की राह पकड़ी। पहले उन्होंने बिहार और पश्चिम बंगाल में निर्माण कार्य किए, फिर 1980 के दशक में अयोध्या में कोल्ड स्टोरेज का कारोबार शुरू किया। उनका व्यापारिक अनुभव और मेहनत रंग लाने लगी। इसी दौरान उन्होंने पारले ग्रुप के साथ साझेदारी कर शीतल पेय उद्योग में कदम रखा। यह फैसला उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुआ। उनके शीतल पेय व्यवसाय ने पहले ही साल में 800 से 900 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़त दर्ज की, जो उनकी दूरदर्शिता और व्यापारिक समझ का शानदार उदाहरण है। 1992 में जब कोका-कोला ने भारत में दोबारा प्रवेश किया, तो श्री लधानी जी की देखरेख में आगरा प्लांट से ब्रांड की पहली बोतल का उत्पादन हुआ। उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता के चलते यह व्यवसाय आगे बढ़कर एसएलएमजी बेवरेजेज के रूप में विकसित हुआ, जो आज उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में सात बड़े प्लांट चला रहा है। लधानी के प्रयासों से न केवल 10,000 से अधिक लोगों को सीधा रोजगार मिला, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका को भी परोक्ष रूप से सहारा मिला। उनके व्यवसाय सिर्फ पेय पदार्थों तक ही सीमित नहीं थे, बल्कि उन्होंने होटल, शॉपिंग मॉल, पशु आहार उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी काम किया। बरेली और हरिद्वार में उन्होंने महत्वपूर्ण संपत्तियां बनाई और ऋषिकेश में ओबेरॉय समूह के साथ मिलकर एक होटल खोला। उनकी स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के चलते उन्होंने सौर और पवन ऊर्जा से करीब 75 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया। उनके व्यवसाय सिर्फ पेय पदार्थों तक ही सीमित नहीं थे, बल्कि उन्होंने होटल, शॉपिंग मॉल, पशु आहार उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी काम किया। बरेली और हरिद्वार में उन्होंने महत्वपूर्ण संपत्तियां बनाई और ऋषिकेश में ओबेरॉय समूह के साथ मिलकर एक होटल खोला। उनकी स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के चलते उन्होंने सौर और पवन ऊर्जा से करीब 75 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया।

## टेंडर मैनेज की सी बीआई जांच की मांग को लेकर राज्यपाल से मिले पप्पू यादव

पटना। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रविवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर बिहार में सरकारी टेंडर प्रक्रिया में लगातार हो रहे धांधली एवं टेंडर मैनेज की उच्च स्तरीय जाँच सी बी आई क से कराने का आग्रह किया। रिशु रंजन सिन्हा उर्फ रिशुश्री 2005 से लगातार सिंचाई विभाग,स्वास्थ्य विभाग और विल्डिंग विभाग के टेण्डर को मैनेज करता हैं। टेंडर मैनेजमेंट में इन विभागों के सचिव भी शामिल हैं. हमने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलकर 2005 से लेकर अभितक के सभी टेंडर की सीबीआई जाँच कराने का आग्रह किया हैं। राज्यपाल को दिए ज्ञापन में पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में 90 के दशक से लेकर 2005 तक सरकारी टेंडर माफियाओं के द्वारा मैनेज किया जाता था, जिसमें कई बाहुबली शामिल थे जो जगजाहिर है। हर बाहुबली का इलाका और सरकारी विभाग तय होता था, जिससे कोई बाहुबली एक दुसरे के मामले में दखल नहीं देता था ।

## जदयू के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी संजय चौहान राजद में हुए शामिल



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजद के राज्य कार्यालय के कपूर्री सभागार में रविवार को मिलन समारोह प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जनता दल यू के कोशी स्नातक क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी संजय चौहान ने अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, बीमा भारती, भूदेव चौधरी, प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, चंदेश्वर प्रसाद सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि संजय चौहान सहित उपस्थित सभी नेताओं को राजद की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, बीमा भारती, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, ने शामिल होने वाले नेताओं को राजद की सदस्यता रसीद के साथ प्रतीक चिन्ह गमछा, फूलों की माला और लालू जी के जीवनी पर लिखित पुस्तक गोपालगंज टू रायसीना देकर सम्मानित किया और सभी को राजद इसे सदस्यता ग्रहण कराकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि सभी लोगों ने सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के लिए जदयू को छोड़कर राजद की सदस्यता ग्रहण की है। पूर्व मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता ने कहा कि नीतीश कुमार ने सत्ता के लिए वैसी ताकतों के साथ समझौता कर लिया है जो देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है, और इस तरह के कार्यों को भाजपा के द्वारा लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके खिलाफ हम सभी को सजग रहकर इनका मुकाबला करना होगा। प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की लगातार साजिश चल रही है। हमसभी को मिलकर वैसी ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ना होगा और लालू जी के विचार और तेजस्वी जी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना होगा।

## सत्ता-स्वार्थ की बुनियाद पर खड़ा है इंडी गठबंधन : उमेश



● कहा- एनडीए के पास सुशासन का ट्रैक रिकॉर्ड

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर महागठबंधन की बैठक को खोखली एकता का महज दिखावा करार दिया। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए के पास सुशासन और विकास का ठोस ट्रैक रिकॉर्ड है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष के पास न तो जनहित के लिए कोई स्पष्ट विजन है, और न ही 15 वर्षों के शासनकाल की कोई जनकल्याणकारी उपलब्धि। श्री कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष का इंडी गठबंधन सत्ता-स्वार्थ की बुनियाद पर खड़ा है, जबकि एनडीए ने हमेशा आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने और राज्य में सुशासन को सुदृढ़ करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बिहार में बदले हुए जमीनी हालात और नीतीश सरकार के प्रति जनता में पैदा हुई विश्वास की भावना इस बात का प्रमाण हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए का जिलावार कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक रूप से सफल रहा, जिसने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार अब पूरी तरह एनडीए-मय हो चुका है और जनता का रुझान विकास और सुशासन की नीति की ओर है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 225 से अधिक सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा, विपक्ष की खोखली एकता चुनौती देने की स्थिति में दूर-दूर तक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे नेता माननीय श्री नीतीश कुमार ने जनसेवा को अपनी प्राथमिकता बनाते हुए सुशासन और विकास के नए मानक स्थापित किए एवं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य किया। जबकि, राजद और कांग्रेस ने हमेशा सत्ता का इस्तेमाल निजी हितों को साधने में किया, जिसके कारण उनकी राजनीति तेजी से रसातल की ओर बढ़ रही है

## वरिष्ठ कवि और पत्रकार अग्निपुष्प के निधन पर माले ने जताया शोक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। वरिष्ठ कवि, पत्रकार और वैचारिक प्रतिबद्धता के प्रतीक अग्निपुष्प के निधन पर भाकपा-माले राज्य कमिटी ने गहरा शोक जताया है। शनिवार को कोलकाता में उन्होंने अपने पुत्र अंशुमान के घर अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे, लेकिन विचारों की लौ उनके भीतर अंतिम क्षण तक जलती रही। माले महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। राज्य सचिव कुणाल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी मौत पर दुख जताया है। 1950 में दरभंगा के तरौनी गांव में जन्मे अग्निपुष्प जी ने कोलकाता से शिक्षा हासिल कर पहले दरभंगा और फिर पटना को अपना कार्य क्षेत्र बनाया। नक्सलबाड़ी आंदोलन के दौर में उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई और भाकपा-माले में एक कार्यकर्ता के रूप में काम करने लगे। अग्निपुष्प का साहित्यिक अवदान जितना गहरा था, उतना ही प्रभावशाली था उनकी पत्रकारिकता। उन्होंने शिखा और संवाद जैसी मैथिली पत्रिकाओं के संपादन में गहरी भूमिका निभाई। शिखा, आपातकाल के दौर में अपने सत्ताविरोधी तेवर के लिए जानी गई। समकालीन जनमत का संपादन करते हुए उन्होंने बिहार के अनेक ऊजार्वान पत्रकारों को एक नई दिशा दी। उन्होंने दो राष्ट्रीय अखबारों में वरिष्ठ पदों पर रहते हुए काम किया। मैथिली कविता में अग्निपुष्प का स्थान विशिष्ट रहा। वे कम लिखते थे, लेकिन उनकी कविताओं में तीव्रता और वैचारिक ताप स्पष्ट दिखता था। उन्होंने कुछ कहानियाँ भी लिखीं और राजकमल चौधरी की चर्चित कृति मुक्ति प्रसंग का मैथिली अनुवाद किया, जो अत्यधिक सराहा गया। बिहार में मुद्रण और संपादन के क्षेत्र में अग्निपुष्प ने नई परंपरा की नींव रखी। कम संसाधनों में सुंदर और विचारपरक पुस्तकों और पत्रिकाओं का प्रकाशन उनका विशिष्ट कौशल था। उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके सान्निध्य में पले बढ़े कई पत्रकार आज देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत हैं। कोलकाता के नीमतला घाट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनकी स्मृति, उनका लेखन, उनकी विचारशीलता - ये सब हमारे बीच जीवित रहेंगे। मैथिली और हिंदी साहित्य, पत्रकारिता और वैचारिक आंदोलन को उनकी उपस्थिति हमेशा महसूस होती रहेगी। अग्निपुष्प जी को विनम्र श्रद्धांजलि - एक जीवन जो परिवर्तकामी विचारों की लौ में जलता रहा, आगे भी राह दिखाता रहेगा।

## पिछड़ा - अतिपिछड़ा वर्ग को उनका हक दिलाना सरकार की प्राथमिकता : प्रभाकर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने रविवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव बड़ी गलतफहमी में जी रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनके हरा कपड़ा पहनने से सावन आ जाता है और काला साफा बांधने से ही रात होती है। तेजस्वी यादव और उनके राजनीतिक गुरु के हो-हल्ला करने से सरकार की नीतियां नहीं बदलती। सियार के हुंआ-हुंआ करने से शेर अपना रास्ता नहीं बदल लेता। पिछड़ा -अतिपिछड़ा को उनका हक दिलाना एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। इसका माध्यम चाहे, जातीय जनगणना हो, या कुछ और। जो भी रास्ता होगा, सरकार उसे अपनायेगी। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसको कौन हाईजैक करके रखा है, यह पूरा देश देख रहा है। जिस लालू प्रसाद की भ्रष्टाचार की जमीन पर तेजस्वी यादव पनपे हैं, आज उसी लालू प्रसाद के मुंह पर उन्होंने ताला जड़ दिया है। लालू प्रसाद को एक-एक शब्द बोलने के लिए अपने काबिल बेटे से इजाजत लेनी पड़ती है। असल में तेजस्वी की स्थिति ह्यचोर बोले जोर से जैसी है। वे दूसरे पर बेतुका आरोप लगाकर लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। लेकिन, पूरा देश-प्रदेश की नजर तेजस्वी के करतूतों पर है। तेजस्वी के कमजोर दिमाग के कारण यह बार-बार बताना पड़ता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बिहार में एनडीए के सर्वमान्य नेता हैं। श्री मिश्र ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार लगातार विकासपरक योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति का जायजा ले रहे हैं।

## जाप नेताओं का कांग्रेस में विलय, पप्पू यादव बोले- बिहार में खत्म होगा एनडीए

● आंख बहुमूल्य धरोहर, इसकी बीमारी से निजात को शिविर लगाना बेहतर : रेशमी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। रविवार को पटना के पाटालिपुत्रा ऐक्सोटिका में पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने जाप के पूर्व नेताओं के साथ बैठक की। जाप नेताओं ने कांग्रेस में शामिल होने की सहमति जताई। इसके बाद पप्पू यादव ने प्रेस वार्ता में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह कदम बिहार में कांग्रेस को मजबूत करेगा और जनहित में काम करेगा। पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व से समय माँगा हैं. जल्द ही हमसब मिलकर गांधी मैदान में एक बड़ी रैली करेंगे। रैली में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को आने का निमंत्रण दिया जाएगा। आज से हमारे एक एक कार्यकर्ता कांग्रेस को मजबूत करने में लग जाएँगे. पप्पू यादव ने कहा कि इंडिया अलायन्स में कांग्रेस सबसे बड़ा घटक दल हैं. हमारी माँग है कि कांग्रेस कम से कम 100 सीटो पर चुनाव लदे। पप्पू यादव ने इस प्रेस वार्ता में राहुल गांधी को सामाजिक न्याय और देश के अंतिम व्यक्ति के हक की लड़ाई का प्रतीक बताया। उन्होंने जातिगत जनगणना, निजी क्षेत्र में आरक्षण, और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर जोर दिया। साथ ही, बीजेपी और पीएम मोदी की नीतियों पर तीखा हमला बोला और बिहार में इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी देश की रक्षा के लिए हर तरह के अपमान सहने की ताकत दिखाई। उन्होंने 10 हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से गरीब और उपेक्षित वर्गों की समस्याओं को समझने का प्रयास किया। देश के अंतिम व्यक्ति की हिस्सेदारी और साझेदारी की वकालत कर रहे हैं। देश के बेरोजगार, किसान, और पलायन करने वाले लोगों को बड़ी उम्मीदें हैं। पप्पू यादव ने शहीद जगदेव प्रसाद, कपूर्री ठाकुर, राष्ट्रकवि दिनकर, और बीपी सिंह जैसे नेताओं का जिक्र किया, जिन्होंने मंडल आयोग और सामाजिक-आर्थिक न्याय के लिए संघर्ष किया। आजादी के आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका को भी याद किया गया। पप्पू यादव ने कहा कि जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का सिद्धांत लागू हो। पप्पू यादव ने बिहार में इंडिया गठबंधन की जीत के लिए संकल्प जताया और कहा कि बिहार में एनडीए को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। कांग्रेस के हर निर्णय के साथ वे मजबूती से खड़े रहेंगे। मौके पर राघवेंद्र कुशवाहा,प्रेमचंद सिंह,राजेश पप्पू ,अभिजीत सिंह,रामचंद्र यादव पूर्व विधायक,माँजय लाल राय,राजीव सिंह,विभा देवी,मनीष कुमार,पहाड़ी बाबा,बबलू भगत,राजू दानवीर,मोहन यादव,नागेंद्र सिंह त्यागी,मोहम्मद इसराइल ,सूदू यादव,अरुण सिंह,महेंद्र सिंह यादव,विजय सिंह यादव,ध्रुव यादव,संजय जेई,तोराब नेयाजी,नंद किशोर चौधरी,रंजन यादव ,डॉक्टर मुन्ना खान,नैयर खान,विक्टर यादव,अरुण यादव,दिलीप खिरह,राजकुमार पासवान,विशाल कुशवाहा,विजय सिंह,इंजीनियर तमसिंह,मो हलचल,नीतू सिंह,चुन्नू सिंह,जावेद अख़्तर, सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## महागठबंधन की सरकार बनी तो हर क्षेत्र में होगा विकास का काम : रहमानी

प्रात : किरण संवाददाता



● कहा-सुपौल ओवर ब्रिज का बंद काम शीघ्र शुरू हो

पटना/सुपौल। विगत कई वर्षों से सुपौल में ओवर ब्रिज की माँग हो रही थी। अब जब बड़ी मुश्किल से सरकार ने ब्रिज निर्माण का कार्य शुरू किया तो महज 25 प्रतिशत काम होने के बाद ठेके वाली कंपनी ने विगत कई वर्षों से कार्य को रोक दिया है जिससे न सिर्फ विकास का कार्य बाधित हुआ है बल्कि आम जनों को इससे भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उक्त बातें कहना है सुपौल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी का। बसबिट्टी रोड सुपौल स्थित अपने आवासीय कार्यालय पर आयोजित बैठक के बाद उन्होंने कहा कि समाहरणालय से लेकर अम्बेडकर चौक आरक्षी अधीक्षक के आवास तक सिर्फ धूल ही धूल रहता है जिससे स्थानीय निवासी के साथ साथ राहगीर को भी भारी समस्या होती है। आस पड़ोस के निवासी को तो धूल से साँस लेने में भी परेशानी हो सकती है जो कि एक गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है इसलिए सरकार से आग्रह है कि पुनः निर्माण शुरू कराने हेतु संविदा की कंपनी को शीघ्र निर्देशित किया जाए। वहीं दूसरी तरफ रहमानी के कहा कि सुपौल का टाउन हॉल भी कई महीनों से बनकर तैयार है और सरकारी कार्य भी हो रहे हैं लेकिन ये आम जनता के लिए नहीं दिया जा रहा है। चूँकि टाउन हॉल नगर परिषद के अधीन आता है इसलिए स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इसे नगर परिषद को सौंप दिया जाए और एक नॉमिनल दर पर आम जनता एवं राजनीतिक दलों के कार्यक्रम हेतु आवंटित करने की प्रक्रिया की जाए । इस मौके पर पप्पू वर्मा, सुनील सिंह, रामपुकार सिंह, प्रमोद यादव, सोनू आजाद, संजय पासवान, मो मुस्ताक, दिवाकर, अबू कैश, मनोज झा आदि मौजूद रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस टीम पर हमला व तोड़फोड़ मामले में एक नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, तीन बालक निरुद्ध

समस्तीपुर, शहर के ताजपुर रोड में बीते शनिवार को एक सड़क हादसे के बाद हुए बवाल मामले में मुफ्फसिल थाने में आठ लोगों को नामजद करते हुए अन्य 50-60 लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, चोरी और शांति भंग करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी गई है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है और तीन अन्य बालकों को निरुद्ध किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमीरगंज मोहल्ले के चंदा पासवान के पुत्र बादल कुमार ऊर्फ बबलू के रूप में हुई है। यह एफ आईआर नगर थाने में पदस्थापित एसआई महानंद सोरेन के आवेदन पर दर्ज की गई है। गौरतलब है कि नगर थाना के कांड संख्या 01/25 के अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थापन के बाद मंडल कारा में सुपुर्द कर वापस लौट रही थी। इसी दौरान उपद्रवियों की भीड़ ने ताजपुर रोड स्थित दाहाबाबू गैरेज के पास पुलिस वाहन को लाठी-डंडे और पत्थरों से पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था और बैटरी व अन्य सामान भी निकाल ले गए थे। भीड़ ने पुलिस विरोधी नारे लगाने शुरू कर दिए और देखते ही देखते गाली-गलौज, धक्का-मुक्की करते हुए हमला कर दिया। पथराव करते हुए सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर एवं मुफ्फसिल थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया था। घटनाक्रम की वीडियोग्राफी की गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से वीडियो के आधार पर 8 उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें नामजद किया गया है। साथ ही 50-60 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

### नेपाल से भारत तस्करी कर लायी जा रही नेपाली शराब की बरामदगी एवं एक तस्कर की गिरफ्तार



मधुबनी जयनगर एसएसबी के जवानों के द्धारा शराब के साथ मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एसएसबी के द्वारा शराब मामले में की गई कार्रवाई को लेकर दी गई जानकारी के मुताबिक एसएसबी 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बीओपी पारसा एफ कंपनी की ड्यूटी पार्टी द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर, सीमा स्तंभ संख्या 297/1 के निकट लगभग 200 मीटर भारत की ओर नाका ड्यूटी के दौरान शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। नेपाल से भारत में अवैध रूप से तस्करी कर लायी जा रही तीन सौ एम एल का नेपाली देशी शराब के साथ एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब में कुल 570 बोतलें जब्त की गईं। शराब मामले में गिरफ्तार आरोपी 65 वर्षीय रामरेक महतो निवासी गाँव जड्डूपट्टी, थाना - चरौत, जिला - सीतामढ़ी बताया जाता है। जब्त की गई शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी को आगे की कार्रवाई हेतू मधवापुर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

### योग गुरु पद्मश्री स्वामी शिवानंद जी का निधन सनातन धर्म के लिए अपूर्णीय क्षति : सांसद

दरभंगा।सनातन धर्म के प्रसिद्ध संत तथा योग की महत्ता को विश्व स्तर पर स्थापित करने वाले काशी के प्रसिद्ध तपस्वी पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु स्वामी शिवानंद जी के निधन पर दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है तथा इसे सनातन धर्म के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। सांसद डा ठाकुर ने स्वामी शिवानंद को महान तपस्वी बताते हुए कहा कि स्वामी शिवानंद जी ने योग और संयमित जीवन शैली से समाज को एक नई दिशा दी तथा उनका तपस्वी जीवन और उच्च विचार सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। सनातन धर्मावलंबियों के लिए उनके योगदानों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने योग और साधना को जन जन तक पहुंचाकर समाज में स्वास्थ्य और आत्मशक्ति का जागरण किया। सांसद डा ठाकुर ने स्वामी शिवानंद जी के जीवन को समर्पण संयम और साधना की अनुपम मिशाल बताते हुए कहा कि युगों युगों तक स्वामी जी के संदेश सदैव प्रासंगिक बने रहेंगे।

# मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के क्रम में जिले के विकास के लिए की गई घोषणाएं

● जिलाधिकारी ने योजनाओ की कार्य प्रगति से संबंधित विस्तृत समीक्षा कि

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के क्रम में जिले के विकास के लिए की गई घोषणाओ एवं राज्य सरकार द्वारा उन सभी घोषणाओ को धरातल पर उतारने को लेकर ससमय उसकी स्वीकृति के उपरांत योजनाओं की कार्य प्रगति से संबंधित विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने सभी संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में किया। उन्होंने समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया की संबंधित योजनाओं के लिए भूमि अर्जन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित गति से करे,ताकि ससमय योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके।उन्होंने डीसीएलआर सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन भूमि अर्जन के कार्य की प्रगति की समीक्षा करवाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में कार्य में प्रगति दिखनी चाहिए। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि शहर में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के कार्य हेतु जल्द एजेंसी का चयन करे।उन्होंने मिथिला हाट के विस्तारीकरण के कार्य की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियो को कई निर्देश भी दिए।गौरतलब हो कि दिनाक 12.01. 2025 का प्रगति यात्रा क दौरान जिले के विकास को लेकर 9 घोषणायें की गई थी,जिसकी स्वीकृति में सरकार द्वारा दे दी गई है,जो निम्न है।

1. बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई सुविधा के लिए कमला नदी से मरने कमला-पुरानी कमला जीवछ नदी की इन्टर लिंकिंग कार्य किया जायेगा (लागत राशि 426 करोड़ 01 लाख) स्वीकृति तिथि 04.02.2025 2. पश्चिमी कोशी नहर के बिदेश्वरस्थान उप शाखा नहर एवं उग्रनाथ शाखा नहर का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारीकरण किया जायेगा (लागत राशि 748 करोड़ 13 लाख) स्वीकृति तिथि 04.02.2025 3. मिथिला हाट का और विस्तारीकरण किया जायेगा (लागत राशि 7 करोड़ 78 लाख) स्वीकृति तिथि 01.02.2025 4. मधुबनी में अंतर्राज्यीय बस अड्डे का निर्माण कराया जायेगा (लागत राशि 14 करोड़ 53 लाख) स्वीकृति तिथि 04.02.2025 5. जयनगर शहीद चौक के पास रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जायेगा (लागत राशि 178 करोड़) स्वीकृति तिथि 04.02.2025 6. मधुबनी शहर के लिए रिंग रोड का निर्माण किया जायेगा जिसके तहत कनकपुर से जगतपुर तक सड़क निर्माण कराते हुए इसे पंडौल बाइपास से जोड़ा जायेगा (लागत राशि 293 करोड़ 95 लाख) स्वीकृति तिथि 04.02.2025 7. ठल्-27 के समीप लौकही प्रखंड में बनगामा गाँव के समीप लगभग 500 एकड़ जमीन में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जायेगा (लागत राशि 02 अरब 36 करोड़ 25 लाख)स्वीकृति तिथि 04.02.2025 8. जिला मुख्यालय स्थित हवाई अड्डे को छोटे विमानों के लिए ह्यउड़ान योजनाह्ण में शामिल करने हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध किया जायेगा स्वीकृति तिथि 13.01.2025 9. माँ सीता एवं प्रभु श्री राम के प्रथम मिलन स्थल फुलहर स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा (लागत राशि 1 करोड़ 13 लाख) स्वीकृति तिथि 04.02.2025 उक्त बैठक में अपर समाहर्ता राजेश कुमार,नगर आयुक्त अनिल चौधरी,डीपीआरओ परिमल कुमार,डीसीएलआर मधुबनी।सदर सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## तप- त्याग व बलिदान के प्रतीक हैं परशुराम : अजीत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भगवान परशुराम के जयंती पखवाड़े के मौके पर रविवार को क्षेत्र के पानापुर बजरंगबली चौक के पास एक निजी सभागार में ब्राह्मण मिलन समारोह संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व मुखिया परशुराम झा तथा संचालन मुखिया इंद्र मोहन झा ने किया। सम्मेलन का शुभारंभ राज्य के पूर्व मंत्री अजीत कुमार, बाबा गरीब नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक व विष्णु कांत झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शुभ अवसर पर पंडित नथुनी तिवारी के नेतृत्व में 21 पंडितों ने स्वस्तिवाचन किया। सम्मेलन के प्रारंभ में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपना श्रद्धा व्यक्त किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा भगवान परशुराम तप-- त्याग व बलिदान के प्रतिमूर्ति हैं ।वे आज भी जीवित हैं, एवं अदृश्य होकर अपने वंशजों व समाज के कल्याण के लिए निरंतर अपना आशीर्वाद प्रदान करते रहते हैं ।आज उन्हीं के पुण्य प्रताप से इस समाज मे अत्याचारी --जुल्मी का पतन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान परशुराम के कृतित्व व्यक्तित्व से सीख लेकर गलत का प्रतिकार करना चाहिए। उन्होंने कहा की भूमिहार व ब्राह्मण दोनों भगवान परशुराम के ही संतान हैं। हमें समाज की तरक्की के लिए अपने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा मैं हमेशा समरस समाज के निर्माण के लिए लड़ाई लड़ा हूं, आगे भी लड़ता रहूंगा। मिलन समारोह में 500 से अधिक ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोग शामिल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंडित विष्णु कांत झा ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा दान , ज्ञान और समाज निर्माण के लिए अपनी अग्रणी भूमिका निभाया है और आगे भी निभाते रहेगा। पंडित विनय पाठक ने सामाजिक व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि अब भी यदि हम एकजुट नहीं हुए तो हमारे समाज का सर्वांगीण विकास कतई संभव नहीं है ।मौके पर सम्मेलन को पंडित अशोक झा, पंडित साकेत रमन पांडे, पंडित शंभू नाथ चौबे , पंडित मुरारी तिवारी , पंडित मुरारी झा, पंडित रामनरेश पाठक, पंडित नथुनी तिवारी, पंडित सुबोध पांडे ,अभिनंदन पांडे, ओमप्रकाश तिवारी ,चंदन पांडे, त्रिलोकी नाथ तिवारी, ओमप्रकाश झा ,संतोष पांडे, रामबाबू पांडे, विनय कुमार झा, पप्पू मिश्रा ,कौशल दुबे ,पुतुल झा ,सुबोध चौबे, राकेश चौबे, मंकू पाठक, नीरज प्रकाश, पंडित अंजनी झा, पंडित देवेंद्र झा आदि ने संबोधित किया एवं समाज से एकजुट होने का अपील किया।

## जिले के प्रखंडों में दिव्यांगता प्रमाणीकरण शिविर आज से

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उनके दिव्यंगता प्रमाणीकरण करने, उन्हें स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने हेतु जिले के सभी प्रखंडों में 5 मई से 15 मई तक दिव्यंगता पहचान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल में निर्धारित किया गया है। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने शिविर के सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग को नोडल पदाधिकारी नामित किया है। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिविल सर्जन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस से समन्वय स्थापित कर प्रखंडों में दिव्यंगता पहचान शिविर का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।5 मई को इसकी शुरूआत पारू एवं सरैया प्रखंड से की जा रही है।जिलाधिकारी ने प्रखंडबार आयोजित होने वाले दिव्यंगता पहचान शिविर हेतु पदाधिकारी के दायित्व का निर्धारण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। संबंधित प्रखंड के नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उक्त प्रखंड के दिव्यांग बच्चों का पहचान कर उन्हें सभी प्रकार की सुरक्षा मानकों के साथ समय पर शिविर स्थल तक सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। शिविर के सफल आयोजन हेतु पैरा लीगल वालंटियर से समन्वय स्थापित करते हुए आंगनवाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता, विकास मित्र ,पंचायत सचिव एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आवश्यक सहयोग लेने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड बार दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सूची शिविर आयोजन के एक दिन पूर्व सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग को अचूक रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई को जिले में संचालित बाल गृह के दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सूची शिविर आयोजन के 1 दिन पूर्व सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है एवं बाल गृह में ही दिव्यांग बच्चों का यूडीआईडी कार्ड बनवाने एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखंड के पंचायत सचिव, विकास मित्र बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका आंगनबाड़ी सेविका सहायिका आशा कार्यकर्ता स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने एवं समन्वय स्थापित कर शिविर आयोजन के कार्यक्रमों का अनुवीक्षण एवं अनुश्रवण करने का निर्देश दिया है। सिविल सर्जन को शिविर में दिव्यंगता मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की एक दल की तिथि वार रोस्टर तैयार कर प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा शिविर में रेफर किए गए दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तर पर मेडिकल बोर्ड गठित कर उनका प्रमाणीकरण करने का निर्देश दिया है।

## मवेसी घर में लगी आग एसएसबी पुलिस ग्रामीणो के तत्परता से आग पर काबू पाया गया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर मवेसी घर में लगी आग एसएसबी के ततपरता से आग पर काबू पाया गया ।आग लगने मामले को लेकर एसएसबी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक हरने कैंप स्थित डी समवाय से 200 मीटर भारत-नेपाल सीमा की दिशा में, सीमा स्तंभ संख्या 280/23 से भारत की ओर, ररइ कैंप हरने से चेक पोस्ट 49 को जाने वाली सड़क के उत्तर दिशा में पराल से बने मवेशियों के घर में आग लग गई ।घटना की सूचना मिलते ही 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर की सीमा चौकी हरने के जवानो ने अग्निशमन यंत्रों के साथ मौके पर पहुंच कर अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग तथा ग्रामीणों के सहयोग से आग पर सफलतापूर्वक काबू पाया गया ।प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि की सूचना नहीं मिली है ।आग जिस घर में लगी, वह राज कुमार यादव पिता राम बालक यादव निवासी ग्राम हरने का बताया गया है ।यह घर मवेशी बांधने एवं घास/पराल रखने हेतु उपयोग में लिया जाता था ।आग लगने के कारणों की पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है ।मामले की जांच जारी है। कमांडेंट, 48वीं वाहिनी गोविंद सिंह भंडारी ने सशस्त्र सीमा बल की त्वरित कार्रवाई और बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि एसएसबी न केवल सीमा सुरक्षा में बल्कि आपदा प्रबंधन और नागरिक सहयोग में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है ।उन्होंने सीमा चौकी हरने के जवानों की तत्परता और साहसिक कार्य की प्रशंसा की और भविष्य में इसी प्रकार जनसेवा और राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए ।

## 3 बाइक सवार पांच बदमाशों ने किशोर का किया अपहरण

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर गांव से शनिवार की देर रात तीन बाईक पर सवार पांच बदमाशों ने घर में सो कर मोबाइल देख रहे किशोर का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। अपहरण की सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने समस्तीपुर दरभंगा मुखय पथ के लेनिन चौक के समीप रात में ही सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना, वारिसनगर थाना, मथुरापुर थाना के पुलिस ने पहुंचकर लोगों का समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन अपहृत किशोर को बरामदगी नहीं को लेकर सड़क जाम किये हुई था। काफी समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। सड़क जाम करीब तीन घण्टे तक रहीं। वही घटनास्थल पर पुलिस के साथ बीसदर डीएसपी टू विजय कुमार महतो मौजूद थे। ग्रामीणों की माने तो उक्त किशोर अपने घर में सो कर मोबाइल देख रहा था। तभी दो बदमाश पिस्टल के बल पर धर में घुसकर बाईक पर बैठा ले कर समस्तीपुर की ओर भाग निकला। सभी बदमाश तीन बाईक पर पांच की संख्या में हथियार से लैस होकर किशोर के धर पहुंचकर धटना को अंजाम दिया। अपहृत किशोर की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर वार्ड 8 निवासी सुधीर कुमार झा के पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई है। किशोर की मां सुचित्रा झा ने बताई की 15 दिन पूर्व कल्याणपुर थाना कांड संख्या 332 /24 में दूरभाष पर कैसे सुलहनामा लगा देने की धमकी दिया था। नहीं तो अंजाम भूगतने की बात कह फोन काट दिया। उक्त धटना में तीन को आरोपित किया था। जिसमें से पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन दो आरोपित अभी भी पुलिस के पकड़ से बाहर है। इस बात की शिकायत किशोर की मां सुचित्रा झा ने एसपी से करने की बात कही। लेकिन किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं किया गया। जिसकी चर्चा जोरों पर है। लोगो की माने तो पुर्व धटना में सुलहनामा नहीं होने को लेकर उक्त धटना को अंजाम दिया गया है। जिसका चर्चा हर लोगों की जुबान पर हो रही थी। समाचार सम्प्रेषण तक युवक की बारामदगी नहीं हो पाया है। पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही है। किशोर की मां सुचित्रा झा ने कल्याणपुर थाना में पांच नामजद एवं एक अज्ञात पर आवेदन देकर पारथिमिक दर्ज कराया है। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि जल्द ही अपहृत किशोर को बरामद कर लिया जाएगा।

## भमरुपुर में 7 मई से श्रीराम कथा के आयोजन की तैयारियों को लेकर ग्रामीणों की बैठक सम्पन्न



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भमरुपुर में आगामी 7 मई से शुरू होने वाले श्रीराम कथा के सफल आयोजन को लेकर 4 मई को राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के आवास पर ग्रामीणों की बैठक हुई है। इसमें इस आयोजन को वृहत रूप से आयोजित करने को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र ईश्वर एवं सुरेश नारायण चौधरी के संचालन में हुई। इस बैठक में हिंदू समाज के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया। आयोजित होने वाले श्रीराम कथा के सफल आयोजन को लेकर कमेटी बनाने पर विचार किया गया। साथ ही आसपास के सभी गांवों तक में इसके प्रचार-प्रसार को लेकर युवाओं की टोली बनाने पर भी सभी ने एकमत निर्णय लिया। प्रत्येक टोली में चार-पांच युवा व एक वरिष्ठ व्यक्ति को शामिल करने पर भी विचार किया गया। आयोजन का दिन नजदीक आने पर सभी ने युद्धस्तर पर इसमें जुट जाने का निर्णय लिया। साथ ही इस आयोजन में छोटे-बड़े, ऊंच-नीच व जात-पात के भेद को मिटाते हुए सभी को कंधे से कन्धा मिलाते हुए इसमें सहभागिता देने की अपील की गई। बताया गया कि श्रीराम कथा 15 मई तक चलेगा और इसके प्रथम दिन यानि सात मई को सुबह में भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। बैठक में वीरेंद्र चौधरी, सदानंद चौधरी, तरुण चौधरी, संजय चौधरी, श्याम किशोर चौधरी, बैधनाथ चौधरी, प्रभाकर चौधरी एवं संजीव चौधरी सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## हंसी मानव जीवन की प्राकृतिक और अनमोल संजीवनी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः-विश्व हास्य दिवस के अवसर पर मानव जीवन में हंसी का महत्व विषय पर नगर परिषद जमुई स्थित कल्याणपुर में एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक एवं हास्य कवि श्री दिनेश मंडल ने की। परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शिक्षक श्री दिनेश मंडल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल मई के प्रथम रविवार को मनाया जाता है। सबसे पहले 10 मई 1998 को भारत के मुंबई में लाफ्टर योगा मूवमेंट के जनक डॉ.मदन कपाड़िया के द्वारा मनाया गया था. हंसी जीवन की संगीत है. हंसी से बढ़कर कोई श्रृंगार नहीं है. हंसी एक जीवन शैली है, जो तन, मन और समाज तीनों के लिए अमूल्य है। यह केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता भी है, जो यह सिखाता है कि हम हंसे और दूसरों को भी हंसाए। हंसी ठहाके के अनेक लाभ है, जो व्यक्ति के जीवन के लिए वरदान साबित हो सकता है। मुख्य वक्ता के बतौर विश्व हास्य दिवस पर हंसी के महत्व को रेखांकित करते हुए स्थानीय राजकीय महिला डिग्री कॉलेज, जमुई के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि हंसी मानव जीवन की प्राकृतिक और अनमोल संजीवनी है, जो बिना किसी मूल्य के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य प्रदान करती है. यह चिंता, तनाव और अवसाद जैसी समस्याओं का सहज उपचार करती है. हंसी जीवन की कठिनाइयों में आशा की किरण बनकर व्यक्ति को आगे बढ़ाने की शक्ति देती है. हमें चाहिए कि हास्य दिवस पर सभी यह संकल्प लें कि हर दिन थोड़ी हंसी बाटेंगे। क्योंकि मुस्कान वह वक्र रेखा है, जो हर सीधी समस्याओं को हल कर सकती है. एक मुस्कान सौ गमों को भगा देती है. कहा गया है कि- मुस्कुराइए की मुस्कुराहट जिंदगी बना देगी. गमों के बादलों को भी उम्मीदों में जगा देगी. उन्होंने कहा कि हंसी तन-मन की सबसे बड़ी महौषधि है। जहां हंसी नहीं, वहां जीवन निष्प्राण हो जाता है। मेडिकल साइंस भी मानता है कि हंसी से रक्तचाप नियंत्रित होता है। इम्यून सिस्टम मजबूत होती है,और नींद भी अच्छी आती है। हंसी ठहाके में वह जादुई शक्ति है, जो व्यायाम और ध्यान में होता है। वर्तमान मानव जीवन भाग दौड़ ,प्रतिस्पर्धा, आर्थिक तनाव और तकनीकी व्यस्तता में उलझा हुआ है. ऐसे में हंसी मानव जीवन की वह संजीवनी बूटी है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखती है। एस पी एस महिला कॉलेज के इतिहास के विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि हंसी वह साधन है जो चिंता, अवसाद ,अकेलापन जैसी समस्याओं का समाधान देता है। हंसी वह सूर्य है, जो जीवन के अंधकार को दूर कर देता है। हमें हंसी के बहुआयामी लाभ से चूकना नहीं चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री मुरारी झा ने कहा कि हंसी के युग में हास्य एक सरल चिकित्सा है। हंसी वह जादू है, जो दिलों को जोड़ता है। हंसी के बहुआयामी गुण और बेनिफिट हैं, जिसका लाभ सभी उम्र के लोगों को लेना चाहिए। हंसी ठहाके में कोई रुपया खर्च नहीं है। अतः इसका लाभ लेने में कोई हर्ज नहीं है। वरीय अधिवक्ता श्री रामचंद्र रवि ने कहा कि हंसी प्रकृति द्वारा प्रदत निःशुल्क उपहार है। हास्य सबसे बड़ा टॉनिक है। जो व्यक्ति नित्य हंसते हुए जीवन जीता है, वह चिरंजीवी होता है। हंसी के महत्व को इनकार नहीं किया जा सकता। एसपीएस महिला डिग्री कॉलेज के प्रो.आनंद कुमार सिंह ने कहा कि हास्य व्यक्ति के लिए उपयोगी सिरप की भांति है। जो व्यक्ति हास्य रूपी सिरप को पिएगा, उसके पास रोग नहीं टिक पाएगा। अतः हास्य स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है।

## बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव की अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें नमन किया

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला बार एसोसिएशन दरभंगा के पूर्व महासचिव स्वर्गीय इन्द्रशेखर मिश्र की 9 वीं पुण्यतिथि पर अधिवक्ताओं ने रविवार को वकालतखाना भवन के केंद्रीय कक्ष में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें नमन किया।बार एसोसिएशन का महासचिव कृष्ण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ता अरुण कुमार चौधरी ने बार एसोसिएशन के अधिवक्ता अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि इन्दु बाबू अधिवक्ताओं और अधिवक्ता संघ के लिए समर्पित थे।वे दरभंगा में पटना उच्च न्यायालय का खंडपीठ गठन के लिए सदैव तत्परता से पत्राचार किये। जिला जज को सिविल रिभीजन सुनने का अधिकार मिले और दरभंगा सिविल कोर्ट में भीजिलेंस कोर्ट एवं बिजली मामले की कोर्ट गठन के लिए प्रयत्नशील रहे। मौके पर अधिवक्ता बिरेन्द्र कुमार सिंह, , राजीव रंजन ठाकुर,हेमंत कुमार, अनिल कुमार मिश्रा,कमला कांत झा, सोहन कुमार सिंहा,रमण जी चौधरी, अमर प्रकाश, भवनाथ मिश्रा,प्रमोद कुमार ठाकुर, राम सुखित चौधरी, विष्णु कांत चौधरी, संजीव कुमार, आफताब हुसैन जिलानी, माधव कुमार लाभ, संतोष कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार ठाकुर, सुधार कुमार चौधरी, समेत दर्जनों अधिवक्ताओं ने इन्दु बाबू के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया ।इन्दु बाबू के पुत्र अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना जी, सुधीर कुमार मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, शुधांशु शेखर,अभिषेक कुमार भी वकालतखाना के केन्द्रीय कक्ष में उपस्थित रहकर इन्दु बाबू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## समाज की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं योजनाओं की जानकारी : जनक राम



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने लेहरियासराय अंबेडकर पार्क स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के आदमकद प्रार्थना पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में शामिल होने दरभंगा प्रवास पर आए बिहार सरकार के माननीय मंत्री दरभंगा परिसदन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। आप सभी कार्यकर्ता इन सभी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें ताकि इस महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ समाज के गरीब लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ है एवं आप सभी के कार्य कुशलता के कारण ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर उतरना एवं इसकी जानकारी लोगों तक देना कार्यकताओं का काम है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में एनडीए 200 से अधिक विधानसभा सीटों पर जीत प्राप्त करेगी इस लक्ष्य के साथ हम सभी को अभी से अपने-अपने मतदान केंद्र पर काम करना है। उन्होंने सभी कार्यकताओं केंद्र में नरेंद्र मोदी एवं बिहार में नीतीश कुमार के हाथ को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद सिर्फ अंबेडकर के नाम पर अपनी राजनीति चमकाने काम करती है जबकि बाबा साहब अंबेडकर का सम्मान नरेंद्र मोदी की सरकार ने चरितार्थ करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को कई मौके पर कांग्रेस पार्टी ने अपमानित करने का काम किया है।

## आप सरकारी अस्पताल में जाए, डॉक्टर व व्यवस्था मेरी जबाबदेही: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।आप सरकारी अस्पताल में जाएं, डाक्टर व व्यवस्था देना मेरी जबाबदेही है। चमकी बुखार से बचाव को लेकर प्रखंड से लेकर मेडिकल कालेज के पीकू वार्ड तक व्यवस्था दुरूस्त है। उक्त बातें जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने शनिवार को मरवन प्रखंड के पकड़ी पकोही स्थित कन्या मध्य विद्यालय में चमकी बुखार से बचाव हेतु जागरूकता अभियान के तहत आयोजित संध्या चौपाल के दौरान लोगों को संवोधित करते हुए कही। लोगों को विश्वास दिलाते हुए उन्होंने कहा कि दर्पण प्लस ऐप के माध्यम से सुनिश्चित रहता है कि जिला के सभी प्रखंडों में रात्रि में डाक्टर है। यह ऐप रात्रि में डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित करता है। उस ग्रुप में मै स्वयं भी जुड़ा हूं। इसलिए आप सरकारी अस्पताल में बेफिक्र होकर जाएं। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेयाश्री उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार व संचालन डीपीएम स्वास्थ्य रेहान अशरफ व धन्यवाद ज्ञापन जिला मलेरिया पदाधिकारी डा. सुधीर कुमार ने किया। मौके पर डीपीओ आईसीडीएस, प्रखंड विकास पदा., अंचलाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पंचायत के मुखिया, समाजसेवी, प्रधानाध्यापक, हेल्थ ऐजुकेटर, बीपीएम, बीएचएम, बीसीएम, लेखापाल, भंडारपाल, लिपिक, बीएमएनई, सभी डीईओ, एएनएम, फैसीलिटेटर, आशा, सेविका, जीविका सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सरकारी खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का : प्रो विनय कुमार चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।विधायक प्रो.विनय कुमार चौधरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में डेढ़ दर्जन से अधिक अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच राहत राशि का चेक वितरित किया ।इस दौरान उन्होंने उपस्थिति जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट मानना है कि सरकार के सरकारी खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का बनता है। इसके अनुकूल आपदा पीड़ितों को स समय राहत राशि उपलब्ध कराई जाती है ।बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के जन्नत खातून जकौली,संजय मंडल धेरुख, राज किशोर झा सझुवार ,वीणा देवी मृतुजापुर , लक्ष्मण यादव त्रिमुहानी ,इंद्र मोहन झा बलनी,अंजू देवी हावीभौआर, मेहरुन्निसा शिवराम, विमला देवी बाथो एवं अन्य सात अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच विधायक श्री चौधरी ने राहत राशि का चेक प्रदान किया। पीड़ित परिवारों का पिछले दिनों अग्नि देवता के प्रकोप से आशियाना सहितअन्न वस्त्र एवं फर्नीचर जल का राख हो गई थी।जिन्हें तत्काल अंचल कार्यालय द्वारा पॉलीथिन शीट आपूर्ति की गई थीऔर वर्तमान समय में अन्न वस्त्र एवं बर्तन के लिए 12000का चेक प्रदान किया गया।इस दौरान प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद कुमार राय,अमित झा , रिंकू ठाकुर ,बिट्टू पासवान, प्रेम शंकर मिश्र, लाल बाबू झा ,गोबिंद चौधरी,अजय झा,दीपक मंडल, नमो नाथ हजारी,संतोष झा ,राधे साहू, बिनय यादव, बैजू यादव,कुंदन चौधरी, कुशेश्वर पासवान,अंचल नाजिर श्याम चंद मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, सोमवार, 05 मई, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### सीतानाबाद में हुई भीषण अग्निकांड में दो परिवारों का घर जलकर राख, 5 लाख से अधिक का नुकसान

सहरसा सीतानाबाद, वार्ड संख्या-1 में दिन के एक बजे अचानक लगी आग,आग में कालिया देवी (पति-सूरज शर्मा) और संगीता देवी (पति- अरुण शर्मा) का घर जलकर पूरी तरह खाक हो गया। इस भीषण अग्निकांड में घर में रखी बाइक, साइकिल, खाने का अनाज, 30 हजार नकद और लगभग 50 हजार के आभूषण समेत करीब 5 लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आग लगने का कारण चूल्हे से निकली चिंगारी बताया जा रहा है, जिसने धीरे-धीरे पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने सरकार और प्रशासन से तत्काल सहायता की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की जा रही है कि वे आगे बढ़कर पीड़ित परिवार को राहत दिलाने में सहयोग करें।

# जिले में 12 स्थान पर 17वें दिन महिला जन संवाद कार्यक्रम आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। असरगंज प्रखंड के ममई पंचायत के चौरगांव में किरण जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम संगठन क्षेत्र की लगभग 200 दीदियों ने भाग लिया बैठक में सामुदायिक समन्वयक रत्नाकर भारती ने बैठक का संचालन किया। इसके बाद उक्त कार्यक्रम में दीदियों को माननीय मुख्यमंत्री महोदय का संदेश पत्र पढ़ कर सुनाया गया। इसके बाद संवाद रथ के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजना जिसमें महिलाओ एवं लड़कियों हेतु चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बालिका पोशाक एवं साइकिल योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य योजना, जीविका अंतर्गत सतत जीविकोपार्जन योजना, दीदी का अधिकार केंद्र, दीदी की रसोई, सिलाई सेंटर, कस्टम हायरिंग सेंटर आदि योजना के बारे में दिखाया गया। इसके बाद सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कुछ महिलाओं ने अपना अनुभव साझा की जिसमें सुलोचना देवी ने बी पी एस सी से सहायक अध्यापक बनने, किरण देवी को साइकिल योजना का लाभ मिलने, मधु और प्रमिला देवी को सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ मिलने से कपड़े की दुकान खोलने, कल्पना देवी को शौचालय का लाभ मिलने मिलने से खुशी व्यक्त की गई। इसके बाद कुछ दीदियों के द्वारा अपनी आकांक्षाएं व्यक्त करते हुए रंभा देवी वार्ड में स्थित आंगनबाड़ी में शौचालय बनवाने की मांग, सरिता देवी एवं अन्य सदस्य द्वारा वार्ड 8 में सामुदायिक भवन का निर्माण, सुप्रिया कुमारी द्वारा उच्च संस्थानों में पढ़ाई के लिए तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग संस्थान में दाखिल की मांग, एवं सभी सदस्यों ने जीविका भवन निर्माण, अनाज गोदाम की मांग, दलहन के बीज में शत प्रतिशत सब्सिडी की मांग, फसल बीमा निःशुल्क करने आदि की मांग की गई इसके बाद सभी ने सामाजिक कर्तव्यों एवं दायित्व को निभाने हेतु शपथ लिया। हवेली खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत आंचल जीविका महिला ग्राम संगठन गोबड्डा और कमल जीविका महिला ग्राम संगठन बढ़ौना में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दोनों ग्राम संगठन के क्षेत्र से महिलाओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक गुरुदेव, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अंजु कुमारी, प्रशिक्षण अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह शामिल हुए। जिला परियोजना प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के दिशा में मिल का पत्थर साबित हो रही हैं इस संवाद के माध्यम से महिलाओं की सरकार से क्या अपेक्षाएं है उसको संकलित कर उसे राज्य स्तर पर भेजा जाएगा जिस पर आगे काम करने की रणनीति बनेगी। जिससे की आगे चलकर लोग उसका समुचित लाभ ले पाएंगे इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं अपना अनुभव भी साझा कर रही है कि किस योजना से किस प्रकार उनके जीवन में परिवर्तन आया है। गौरी देवी बताई कि जीविका परियोजना में जुड़ने से कैसे उनके जीवन में परिवर्तन आया है। सोनी देवी बताई कि सतत जीविकोपार्जन योजना में जुड़ने से उनकी जिंदगी बदल गई है इसके अलावे महिलाओं ने अपनी आकांक्षाएं भी दर्ज करवाई है। प्रेमलता दीदी सिंचाई की आकांक्षा है कि व्यवस्था होनी चाहिए। अनुराधा देवी के द्वारा बताया गया कि धागा बनाने का कंपनी खोला जाए। संगीता देवी पर्सनल लोन बैंक के ब्याज में जो चक्रवृद्धि ब्याज लगता है उसको कम कर दिया जाए। अनीता देवी के द्वारा आकांक्षा किया गया की पेन पेंसिल बल्ब बनाने की फैक्ट्री इत्यादि अपने पंचायत में ही लगाया जाए जिसमें दीदी अधिकार केंद्र, पक्की नली, सिलाई केंद्र, जीविका भवन निर्माण, जीविका बैंक, वृद्धा और विधवा पेंशन में बढ़ोतरी, गोबड्डा में स्वास्थ्य उपकेंद्र तथा कोल्ड स्टोरेज, बच्चों के लिए पार्क, हर पंचायत में उच्च विद्यालय आदि की मांग की है, खुशी कुमारी और गुड़िया कुमारी के द्वारा इंटर पास लड़कियों के लिए एक स्कूटी और लैपटॉप सरकार से प्रोत्साहन और आगे की पढ़ाई के लिए आकांक्षा रखी गई। इसके अलावा सभी पांचयत में पुस्तकालय खुलवाने की मांग रखी गई ताकि आगे के पढ़ाई में सहयोग मिल सके। तारापुर प्रखंड के परभारा पंचायत में लक्ष्मीबाई जीविका महिला ग्राम संगठन के क्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें इस कार्यक्षेत्र की आकांक्षा की स्तर पर बच्चों को पढ़ने के लिए पुस्तकालय होना चाहिए। पंचायत स्तर पर जीविका का अपना महिला बैंक होना चाहिए, तारापुर बाजार में सार्वजनिक शौचालय होना चाहिए। पंचायत स्तर पर खेल मैदान होना चाहिए स्मार्ट मीटर बिल ज्यादा (दोगुना) आ रहा है इसका समस्या का समाधान हो।

# राष्ट्रीय अर्हता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2025 शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त सम्पन्न



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा रविवार को आयोजित राष्ट्रीय अर्हता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) (यूजी)-2025 शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा एक पाली में अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित थी। परीक्षा के संचालन हेतु मधेपुरा जिलान्तर्गत कुल चार परीक्षा केन्द्र यथा- टीपी कॉलेज, मधेपुरा, रास बिहारी प्लस टू विद्यालय, मधेपुरा, एस एन पी एम प्लस टू विद्यालय, मधेपुरा एवं रा केषव कन्या प्लस टू विद्यालय, मधेपुरा बनाए गए थे। इसके लिए शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार, मधेपुरा में परीक्षा के अवसर पर विधि-व्यवस्था की आदर्श स्थिति बनाये रखने एवं कदाचाररहित परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को ब्रिफिंग किया गया था। इस दौरान पुलिस अधिकक्ष, मधेपुरा संदीप सिंह, अपर समाहर्त्ता, मधेपुरा अरूण कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा सैयद अंसारी के साथ साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी समेत दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं को 31 से अधिक योजनाओं की जानकारी लीफलेट के जरिए की जा रही है प्रदान




प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा महिला संवाद कार्यक्रम जिले में ग्रामीण विकास की नई उम्मीद लेकर आया है। यह पहल नई है, लेकिन इसका प्रभाव गहराई तक पहुँच रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में घूम रहे महिला संवाद रथ ने लोगों की आकांक्षाओं को जानने का सशक्त माध्यम बना लिया है। ग्रामीण विकास विभाग के नेतृत्व में यह कार्यक्रम 18 अप्रैल से शुरू हुआ है और लगातार आयोजित किया जा रहा है। संवाद रथ के आयोजन और उद्देश्य महिला संवाद रथ प्रतिदिन दो सत्रों में ग्राम संगठनों में संवाद आयोजित कर रहा है। इन आयोजनों में सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं पर केंद्रित 50 मिनट की वीडियो फिल्म एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जाती है। साथ ही, महिलाओं को 31 से अधिक योजनाओं की जानकारी लीफलेट के जरिए प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महिलाओं के नाम संदेश पत्र भी वितरित किया जा रहा है। महिलाओं की भागीदारी और मुद्दे संवाद कार्यक्रम में गाँव की विभिन्न वर्गों की महिलाएं, जैसे शिक्षिका, नर्स, आंगनबाड़ी सेविका, महिला पुलिस, पंचायत प्रतिनिधि, उद्यमी और जीविका दीदियाँ, सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। ये महिलाएं न केवल सरकार की योजनाओं के अपने अनुभव साझा कर रही हैं, बल्कि उन समस्याओं और आकांक्षाओं को भी उजागर कर रही हैं जो अब तक अनसुनी थी। इन कार्यक्रमों में सामूहिक विकास की आकांक्षाएं प्रमुखता से सामने आ रही है। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ, और रोजगार के साधन जैसे मुद्दों पर चर्चा हो रही है। महिलाएं अपने गाँव और परिवार की उन्नति के लिए खुलकर अपनी मांगें रख रही हैं। अब तक का आयोजन जिले में अब तक 396 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। 1 लाख से अधिक महिलाएं इसमें भाग ले चुकी हैं, और 5 हजार से अधिक महिलाओं ने अपनी आकांक्षाएँ दर्ज कराई हैं। यह कार्यक्रम जून के मध्य तक जिले के 1468 ग्राम संगठनों में आयोजित किया जाएगा। महिला संवाद कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया है कि जब महिलाएं संगठित होकर अपनी बात रखती हैं

# केसीसी ऋण वितरण शिविर का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार द्वारा किया गया

## सभी लाभुक ऋण पाकर काफी प्रसन्न दिखे




प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। दी मुंगेर जमुई सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक लि0, मुंगेर के तत्वावधान में शनिवार को जमा वृद्धि योजना अंतर्गत खाता खोलो अभियान एवं केसीसी ऋण वितरण शिविर का आयोजन मंत्री सहकारिता विभाग, बिहार, पटना डा. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुंगेर विधायक प्रणव कुमार, कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस शिविर में मंत्री द्वारा कुल 17 लोगों के बीच 50-50 हजार की राशि का ऋण वितरित किया गया। सभी लाभुक ऋण पाकर काफी प्रसन्न दिखे। मंत्री ने उपस्थित लोगों से कहा की राज्य सरकार आज सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों को उनके फसल का उचित मूल्य दिलाने एवं फसल क्षति पर होने वाले नुकसान का मुआवजा देने के लिए भी योजनाएं चला रखी है। किसानों को अपने फसल को पैक्स तक पहुंचाने पर भी उन्हें उचित मूल्य दिया जा रहा है। किसान अन्नदाता होते हैं और राज्य सरकार अन्नदाता की हर समस्याओं के समाधान के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने किसानों से भी सहकारिता विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की तथा सभी पदाधिकारियों को ऋण के लिए प्राप्त अधिक से अधिक आवेदनों को स्वीकृति देते हुए ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# आलमनगर विस के पूर्व विधायक प्रत्याशी ई. नवीन निषाद ने तेजस्वी को शॉल और शिव लिंग का फोटो देकर किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) शनिवार को मिलर हाई स्कूल मैदान पटना में आयोजित रैली अतिपिछड़ा जगाओ, भाजपा भगाओ, तेजस्वी सरकार बनाओ रैली में ई. नबीन कुमार निषाद के नेतृत्व में आलमनगर विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता सहित आमजन, बुद्धिजीवियों को लेकर रैली में शामिल हुआ और बिहार के भविष्य नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को दक्षिण भारत का शॉल ओढ़ा कर सम्मान किए, उत्तर बिहार के प्रसिद्ध शिव मंदिर सिंहेश्वर श्रृंगी ऋषि की सिंहेश्वर धाम के बाबा भोलेनाथ का शिवलिंग का चित्र भेट किया और रैली को संबोधन करते हुए बताया की आजाद भारत में संविधान में निहित अधिकार बाबा भीम राव अम्बेडकर जी दिये थे उसको सरजमीन पर लागू सामाजिक न्याय के प्रणेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी ने सभी शोषित पीड़ित अतिपिछड़ा समाज को लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर लोक सभा, राज्य सभा, विधानसभा और विधान परिषद के मंदिर में बैठाने का काम किया। शासन सत्ता में हिस्सेदारी देकर सभी वर्गों का मान सम्मान बढ़ाया है। इसलिए पूरे बिहार के अति पिछड़ा समाज ने ठाना है, लालू के लाल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। अतिपिछड़ा समाज ने भरी हुंकार, 2025 में आ रही है तेजस्वी सरकार। उन्होंने बिहार से आये हुए तमाम अति पिछड़ा समाज से आह्वान किए की अभी वर्तमान में जो जातीगत जनगणना कराने का निर्णय हुआ है ये निर्णय लालू के दूरदर्शी सोच का परिणाम है की उनकी ये माँग बहुत पहले सदन में रखा था। उन्होंने कहा जब तेजस्वी को मात्र 17 महीनों के कार्यकाल का मौका मिला तो बिहार में पाँच लाख सरकारी नौकरी दिया और जातिगत जनगणना कराकर आरक्षण की सीमा बढ़ा कर चौका लगाया। इसलिए हम आप सभी से आग्रह करते है की आने वाले विधानसभा चुनाव में एक एक वोट लालटेन का ईवीएम पर बटन दबाकर तेजस्वी जी के हातों को मजबूत करे जब तेजस्वी जी मुख्यमंत्री बनेंगे तब बिहार में रोजगार का बहार होगा, अपराधमुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त और खुशहाली से भरा बिहार होगा। हर वर्ग का सम्मान होगा।

# वक्फ कानून के विरोध में सड़क पर उतरे हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग




प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा वक्फ कानून के विरोध में शनिवार को निकाली गयी सड़क मार्च में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। वहीं महागठबंधन सहित राजद का भी पुरजोर समर्थन मिला। दरअसल कला भवन परिसर में आयोजित सभा के मंच टूट गया, जिससे भगदड़ मच गई, इस दौरान करीब एक दर्जन से अधिक लोग चोटिल हुए। इस मौके पर भाकपा नेता प्रमोद प्रभाकर और सदर विधायक प्रो,चंद्रशेखर भी गंभीर रूप से घायल हुए। बहरहाल सभी घायलों का सदर अस्पताल मधेपुरा में इलाज चल रहा है। वहीं इस मामले को लेकर इलाजरत भाकपा के राष्ट्रीय सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि वक्फ की जमीन पर सरकार की पैनी नजर है सरकार उद्योगपति के हाथ उक्त को बेचने की साजिश रच रही है जिसके विरुद्ध आज वक्फ कानून के विरोध में हजारों की संख्या में लोग सड़क पर उतर कर विशाल जुलुस निकाला इसी के समर्थन में हम लोग यानी महागठबंधन सहित राजद के विधायक और कार्यकर्ता भाग लिए जहाँ कला भवन परिसर में आयोजित सभा स्थल पर क्षमता से अधिक लोग मंच पर चढ़ गए जिससे मंच टूट गया और करीब एक दर्जन से अधिक लोग भगदड़ में घायल हो गए। हालांकि सभी लोगों का इलाज चल रहा है हमारी तो पैर की ऊँगली फेक्चर हो गया है उन्होंने कहा कि अभी तो ऊँगली गयी अगर जान भी चली जाय तो भी यह आंदोलन रुकने वाला नहीं जब तक कि सरकार इस कानून को वापस नहीं ले लेते हैं।

# महिला संवाद में सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु संकल्प भी ले रही हैं महिलाएं

प्रात: किरण संवाददाता



लखीसराय । राज्य के विकास योजनाओं के निति निर्धारण में महिलाओं की भूमिका के साथ ही उनके अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को स्थान देने के उद्देश्य से बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला संवाद कार्यक्रम जारी है ' यह कार्यक्रम राज्य की आधी आबादी की अभिव्यक्ति की आजादी और उनकी परिकल्पनाओं को भी प्रदर्शित कर रहा है । राज्य सरकार के निर्देश पर जीविका के ग्राम संगठनों द्वारा 18 अप्रैल से जारी महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं एवं छात्राएं बिना किसी हिचक के राज्य सरकार से मिले अधिकारों का उपयोग करते हुए राज्य में महिलाओं एवं छात्राओं के लिए संचालित योजनाओं की सफलता एवं असफलता पर अपनी राय दे रही हैं । संचालित योजनाओं से मिले लाभ का बखान एवं अगर कहीं किसी योजना के सफल क्रियान्वयन में कहीं त्रुटी रह गई है तो उसे सही करने का सलाह भी दे रही हैं।

लखीसराय जिला के 5 प्रखंडो में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से गाँव की महिलाएं एवं छात्राएं अपने गाँव के चहुंमुखी विकास के लिए नई मांग , इच्छाएं एवं आकांक्षाओं को सुचिवद्ध करा रही हैं । लखीसराय सदर के महिसोना में भवानी जीविका महिला ग्राम संगठन की सदस्य अनीता देवी ने कृषि उद्यमी केंद्र की मांग की है ताकि उनके गाँव में कृषि क्रांति लाई जा सके । कृषि उद्यमी केंद्र जीविका दीदियों द्वारा ही जिला के विभिन्न प्रखंडों में संचालित है जहाँ से किसानो को खेती से संबंधित सलाह एवं सुविधाओं के साथ कृषि यंत्र एवं खाद-बीज आदि उपलब्ध कराये जा रहे हैं ।

गाँव की महिलाएं वैसे ही कृषि उद्यमी केंद्र की मांग अपने गाँव के लिए कर रही हैं । सूर्यगढ़ा प्रखंड के सुर्यपुरा गाँव की छात्रा अदिति ने अपने प्रखंड में बी.एड कॉलेज की मांग की है । हलसी के पिपरा ग्राम की निशु कुमारी ने अपने विद्यालय में खेल मैदान और गाँव में स्टेडियम की मांग की है ताकि खेल के प्रति रूचि रखने वाली छात्राएं राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायें । माया देवी ने पोखर के सफाई के साथ ही नाली की पानी की निकासी की मांग की है । अन्य आयोजन स्थल पर इसी तरह से महिलाएं एवं छात्राएं अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से रख रही हैं । चानन की प्रिया ने अपनी पढाई के दौरान राज्य सरकार से मिले पोषक राशी, साईकिल एवं छात्रवृति की राशी के बारे में बताया और कहा कि सरकार की योजनाओं से मिले लाभ के कारण हम उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। महिला संवाद कार्यक्रम प्रतिदिन दो पालियों में जीविका से संबद्द ग्राम संगठनो द्वारा आयोजित किया जा रहा है ' प्रति कार्यक्रम ढाई सौ से अधिक महिलाएं एवं छात्राएं शिरकत कर रही हैं और उनके बीच से लगभग तीस इच्छाएं एवं आकांक्षाएं एप में दर्ज कराई जा रही हैं ।

' कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं जब प्रतिनिधि भी उनकी मांग एवं योजनाओं को समझ रहे हैं । महिला संवाद कार्यक्रम में इच्छा एवं आकांक्षा लेने से पहले उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं की राज्य सरकार द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं के लिए संचालित योजनाओं पर आधारित फिल्मे दिखाई जा रही हैं ' इन फिल्मो में योजनाओ के बारे में बताया जा रहा है ताकि अगर कोई महिला एवं छात्रा अब तक लाभान्वित नहीं हुई हैं तो लाभ उठा सकें ।

इसके लिए लीफलेट एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार का पत्र भी वितरण किया जा रहा है ताकि महिलाएं एवं छात्राएं अपने अधिकारों के प्रति सजग हों और उनका मनोबल बढे ' अपने अधिकारों की रक्षा और बाल विवाह उन्मूलन एवं दहेज मुक्त विवाह तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु संकल्प भी ले रही हैं। रविवार को को लखीसराय सदर में संगम ग्राम संगठन ने दामोदरपुर गाँव में एवं सरस्वती ग्राम संगठन द्वारा महिसोना गाँव में , रामगढ चौक में प्रेम ग्राम संगठन दवारा नोनगढ़ गाँव में एवं माही ग्राम संगठन दवारा शर्मा गाँव में , सूर्यगढ़ा में बागवान ग्राम संगठन द्वारा किरणपुर एवं कावेरी ग्राम संगठन द्वारा कवादपुर गाँव में , हलसी में कोयल ग्राम संगठन द्वारा भानपुरा गाँव में एवं सहयोग ग्राम संगठन द्वारा शिरखंदी गाँव में तथा चानन में कल्याण ग्राम संगठन द्वारा लाखोचक एवं नारीशक्ति ग्राम संगठन द्वारा महेशलता गाँव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# कांग्रेस ने विभिन्न गांवों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर दिया सन्देश

## लखीसराय के रामगढ़ चौक प्रखंड में लगाया चौपाल



प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय जिले के रामगढ़ चौक प्रखंड क्षेत्र के अकोनी गांव में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने किया। इस मौके पर कांग्रेस के अक्छउ के सदस्य प्रभात कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। कांग्रेस चौपाल में उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के आजादी के समय से किए गये कार्यों की विस्तार से चर्चा की गयी। इसके बावजूद भी आज देश में संगठन की स्थिति कमजोर हो गयी है। उमेश पासवान को सर्व सम्मति से प्रस्ताव लेकर रामगढ़ चौक प्रखंड के अध्यक्ष के लिए पारित किया गया। कांग्रेस पार्टी को म कार्यकताओं को गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों के घरों पर झंडा लगाकर पार्टी के नितियों से लोगों को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विनय कुमार, नरेश प्रसाद,सूरजभान सिंह, चुन्नू सिंह सहित अन्य कोंग्रेसी उपस्थित थे।

# लखीसराय में सोये हुए व्यक्ति की जमीनी विवाद में लाठी-डंडे व रॉड से पीट-पीट कर हत्या,इलाके में मची सनसनी



प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय के सूर्यगढा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गाँव में जमीनी विवाद ने एक व्यक्ति की जान ले ली !मृतक की पहचान 55 वर्षीय सुरेश यादव के रूप में हुई है ! घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मृतक का गांव के हीं नंदन यादव से लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था !बीती रात वह अपने बथान में सो रहे थे !इसी दौरान गांव के बिट्टू कुमार,चंदन कुमार,वकील यादव,नंदन यादव और अभय कुमार ने बथान में उसकी लाठी डंडे और लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया इस हमले में मौके पर ही सुरेश यादव की मौत हो गई !सूचना मिलते हैं सूर्यगढा पुलिस और एसडीपीओ शिवम कुमार मौके पर पहुंचे !पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखीसराय सदर अस्पताल भेजा !मृतक के पुत्र के बयान पर पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है !मृतक के परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को उठाने से मना कर रहे थे !एसडीपीओ के आश्वासन के बाद हीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका ! पुलिस ने घटनास्थल के पास से खून से सनी लाठी बरामद की है !घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है !

# किसानों के सामने आंदोलन के सिवा बरौनी डेयरी को बचाने का कोई दूसरा विकल्प नहीं: अशोक

प्रात: किरण संवाददाता




तेघरा ।अपना खून जलाकर दिन-रात कठिन मेहनत से पशुपालन कर अमृत तुल्य दूध के रूप में दौलत पैदा करने वाला दूध उत्पादक किसान आज कंगाल है ।हमारा डेयरी घाटे में है। बरौनी डेयरी प्रबंधन और ठीकेदार मालामाल है। जबकि किसान फटेहाल है। कमरतोड़.मेहनत कर किसान दौलत पैदा करता है। परन्तु वह दौलत ना तो किसानों की जेब में जाता है, ना ही बरौनी डेयरी के खॅजाने में जाता है। बीच में ही भ्रष्ट पदाधिकारी और उनके दलाल मिलकर बांट लेते हैं। अंग्रेजों की तरह दमन और दहशत पैदा कर बरौनी डेयरी प्रबंधन द्वारा समितियों के बीच डर, भय, दहशत का आतंक पैदा कर दिया है। जाति और पार्टी के नाम पर फूट डालो राज करो की नीति के तहत किसानों के3 बीच अपने स्टाफ और दलालों के द्वारा कुप्रचार और दुष्प्रचार फैलाकर हमें एकजूट नहीं होने देते हैं। शिक्षकगण विभिन्न पार्टियों में रहने के बावजूद अपने हक की लड़ाई में एकजुट होकर लड़ते हैं और अपनी हक को हासिल करते हैं। अपनी मांगों को मानने के लिए सरकार को मजबूर करते हैं। उसी प्रकार हमें भी संगठित होकर अपनी मांगों को हासिल करने के लिए आज संकल्प लेने की जरूरत है। अपनी हकमरी के खिलाफ जाति और पार्टी से ऊपर उठकर हम एकजूट होकर संघर्ष करें ।यही वक्त की मांग है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। हमें आज आह्वान करना चाहिए कि निकलो घर मकानों से, जंग लड़ो बेईमानों से ।उक्त बातें किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कही। कन्वेंशन की अध्यक्षता बरौनी डेयरी के पूर्व अध्यक्ष मोहन मुरारी सिंह ने की,जबकि मंच संचालन किसान सभा के जिला सचिव दिनेश सिंह ने की। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए निदेशक मंडल के सदस्य दीपक कुमार ने विस्तार से प्रबंध निदेशक बरौनी डेयरी के भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए कहा कि विगत 3 साल से बरौनी डेयरी में आम सभा नहीं किया गया। विधिवत ऑडिट नहीं हुआ है। बोर्ड की बैठक के बगैर प्रबंध निदेशक सारे फैसले लेकर पूरे डेयरी में लूट मचाए हुए हैं। विधानसभा और विधान परिषद में भी सवाल उठाए गए ।मगर सरकार के मंत्री ने सदन में झूठा बयान देकर लोगों को बरगलाने की कोशिश की। इसलिए किसानों के सामने आंदोलन के सिवा बरौनी डेयरी को बचाने का दूसरा कोई रास्ता नहीं है। बरौनी डेयरी से जुड़े हुए कुछ सचिव और अध्यक्ष तथा बोर्ड के सदस्यों को खुश कर बरौनी डेयरी को बंद करने नहीं देंगे, बल्कि इससे जुड़ें हुए दो लाख किसानों को जगाएंगे और उन्हें संगठित कर संघर्ष के रास्ते आगे बढेगे। कन्वेंशन को किसान नेता सनातन सिंह,विवेकानंद चौधरी रामविलास महतो,राजकुमार राय,रामाधार राय,संजय कुमार, शंभू कुमार, चंद्रदेव महतो,राजीव चौधरी,रवि कुमार, राजकुमार यादव,संजय कुमार चौधरी,चिंटू कुमार,राजीव कुमार,नीलम देवी,संजय कुमार,निरंजन कुमार ईश्वर के अलावे बेगूसराय कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य रामनरेश महतो,पैक्स अध्यक्ष सरोज कुमार,शंकर कुमार,शंकर कुमार ईश्वर आदि ने कन्वेंशन को संबोधित किया।

# जातिगत जनगणना गरीब, वंचित, पिछड़ा के लिए रामबाण साबित होगा : अभिमन्यु पटेल

मधेपुरा छात्र जेडीयू मधेपुरा के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जातीय जनगणना के बारे में बताया कि जातिगत जनगणना गरीब, वंचित, पिछड़ा के लिए रामबाण साबित होगा। इससे सभी को जिसका जितना संख्या उतना अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी मुख्य मांग था जातिगत जनगणना करवाना। इस लिए उन्होंने केंद्र सरकार का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। मौके पर वरिष्ठ नेता राजीव कुमार जोशी, युवा जदयू जिला अध्यक्ष नवीन कुमार कुशवाहा, विश्वविद्यालय अध्यक्ष निखिल सिंह यादव, छात्र जिला उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार यादव, विश्विद्यालय उपाध्यक्ष सनोज यादव, टोपी कॉलेज अध्यक्ष प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे।

# मां बगलामुखी का अवतरण दिन वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी है

जितेन्द्र कुमार सिन्हा





विभिन्न पंचांगों के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को सौराष्ट्र के हरिद्रा सरोवर के तट पर ह्वमाता बगलामुखीह्न का अवतरण हुआ था। सनातन धर्म में माता बगलामुखी का स्थान अत्यंत रहस्यमयी और प्रभावशाली माना गया है। माता बगलामुखी को पीतांबरा, स्तंभिनी शक्ति, ब्रह्मास्त्र रूपिणी, वश्यकरण देवी, और बगुला वाहनधारिणी जैसे कई नामों से जाना जाता है। दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या ह्वमाता बगलामुखीह्न है। माता बगलामुखी महाविद्या भगवान विष्णु के तेज से युक्त होने के कारण वैष्णवी है। वैशाख शुक्ल अष्टमी को माता बगलामुखी की जयंती मनाई जाती है, जिसे ह्वबगलामुखी जयंतीह्न कहा जाता है। माता बगलामुखीह्न का तीन नेत्र और चार हाथ, सिर पर सोने का मुकुट, स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित, शरीर पतला और सुंदर, रंग गोरा और स्वर्ण कांति, सुमुखी हैं। बगलामुखी का संबंध महाविद्या, देवी, निवास स्थान मरघट, अस्त्र तलवार, जीवन साथी बगलामुख, स्वरुप नवयौवना और पीले रंग की साडी धारण करने वाली मां बगलामुखी सोने के सिंहासन पर विराजती हैं। मां बगलामुखी का प्रिय सोना, पिला वस्त्र, पिले फूल, हल्दी, पिला चावल है। माता बगलामुखी का स्वरूप अत्यंत उग्र और प्रभावशाली है। देवी के दाहिने हाथ में गदा है और बाएं हाथ से वे एक दानव की जीभ पकड़कर उसे निष्क्रिय करती हैं। यह मुद्रा ह्वस्तंभन शक्तिह्न का प्रतिनिधित्व करता है जो शत्रु की वाणी, शक्ति और गति को रोक देती है। देवी भागवत पुराण एवं सनातन धर्म ग्रंथों में शाक्त सम्प्रदाय के विभिन्न ग्रंथों में माता बगलामुखी का महत्वपूर्ण उल्लेख किया गया है। ग्रंथों के अनुसार, माता बगलामुखी की पूजा करने पर माता शत्रुओं पर पूरा नियंत्रण, व्यक्ति को क्रोध, मन के आवेग, जीभ और खाने की आदतों पर नियंत्रण की भावना प्रदान करती हैं। स्वतंत्र तंत्र एवं ग्रंथों के अनुसार, ह्वमाता बगलामुखीह्न के प्रादुर्भाव, सतयुग में जगत को नष्ट करने वाला, भयंकर तूफान आने पर, जिससे प्राणियों के जीवन पर संकट मंडराने, पृथ्वी का जल से विनाश होने, जीव-जंतु और सृष्टि का विनाश होने, इसे देख कर भगवान विष्णु चिंतित हो गये। ऐसी स्थिति में देवताओं ने भगवान शिव से मदद मांगी। भगवान शिव ने देवताओं को सुझाव दिया कि देवी शक्ति तूफान को शांत कर सकती हैं। इस सुझाव के बाद भगवान विष्णु ने पृथ्वी को बचाने के लिए सौराष्ट्र देश में हरिद्रा सरोवर के समीप जाकर भगवती को प्रसन्न करने के लिये तप करने लगे। श्रीविद्या ने हरिद्रा सरोवर से बगलामुखी रूप में प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिया तथा विध्वंसकारी तूफान का तुरंत स्तम्भन कर दिया। इस प्रकार मंगलयुक्त चतुर्दशी की अर्धरात्रि में इसका प्रादुर्भाव हुआ था। एक अन्य कथा में, एक राक्षस ने भगवान ब्रह्मा का सृष्टि ग्रंथ चुराकर पाताल लोक में छिपा दिया। देवताओं की याचना पर माता बगलामुखी ने बगुले का रूप धारण किया और उस राक्षस को वश में कर उसकी मृत्यु सुनिश्चित की। बाद में ग्रंथ को ब्रह्मा को लौटा दिया गया। सुख समृद्धि पाने, कष्टों, विपत्तियों, बुराइयों से राहत पाने के लिए मां बगलामुखी की उपासना और पूजा की जाती है। सभी कार्यों में सफलता मिले एवं घर में सुख-समृद्धि एवं शत्रु नाश के लिए मां बगलामुखी की पूजा श्रेष्ठ मानी जाती है। जो माता बगलामुखी की पूजा करते हैं वे खुद को काले जादू और अन्य गैर-घटनाओं से बचा सकते हैं। कानूनी समस्या से मुक्त होने के लिए भी माता बगलामुखी की उपासना की जाती है। बगलामुखी साधना की परंपरा वैदिक युग से जुड़ी हुई है। ब्रह्माजी ने सबसे पहले इस विद्या को सनकादि ऋषियों को प्रदान किया था। सनकादियों से प्रेरित होकर देवर्षि नारद, भगवान विष्णु, परशुराम और द्रोणाचार्य जैसे महापुरुषों ने भी इस साधना को प्राप्त किया।

# ये हैं कौन,कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है

भीष्म साहनी द्वारा लिखित लोकप्रिय उपन्यास ह्वतमसह्न का प्रकाशन 1973 में हुआ था। साहित्य जगत में यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। इसे 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा गया। प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता गोविंद निहलानी ने 1986 में इसी तमस उपन्यास पर आधारित एक दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फि ल्म भी बनाई। इस में भारत पाक विभाजन के समय की कई दर्दनाक घटनाओं का वर्णन किया गया है। इसी में यह भी दिखाया गया था कि किस तरह साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये कोई मुसलमान ही किसी मस्जिद में सूअर का मांस फेंक देता है और कोई हिन्दू मंदिरों में गौमांस फेंककर साम्प्रदायिक तनाव के वातावरण में पेट्रोल छिड़कने जैसे काम करता है। गोया यह एक पुरानी व सधी हुई रणनीति है जोकि विघटनकारी मानसिकता रखने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये और उसके बाद उसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिये अमल में लाई जाती है। तो क्या 1947 जैसी साम्प्रदायिक मानसिकता रखने वाले षड्यंत्रकारी राजनीतिज्ञों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज भी उसी तरह का घिनौना खेल खेला जा रहा है? क्या आज भी देश के विभिन्न इलाकों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की खबरों की सोशल मीडिया व अखबारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया खामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया। कई का पुलिस एनकाउंटर किया गया। जाहिर है ऐसे मामलों में मुसलमान ही प्रायः निशाना बनते रहे हैं। परन्तु जब पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर में राहुल, सचिन और बृजपाल को कार में दो क्विंटल गोमांस के साथ गिरफ्तार करती है तो इसे किस नजरिये से देखा जाना चाहिये? जब आगरा और मुरादाबाद में भी पुलिस गोहत्या के मामले में हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करे तो क्या कहा जाये? इसी तरह इसी वर्ष गत 12 मार्च को गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने गौशाला में मांस रखकर उसे गौमांस बताने और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। पुलिस को पता चला कि यह साजिश पास की ही एक दूसरी गौशाला की संचालक छाया शर्मा और उसके साथियों ने रची थी। उनका मकसद श्रीराम गौशाला पर कब्जा जमाना और धार्मिक माहौल खराब करना था। छाया शर्मा के साथियों ने स्वयं बाजार से मांस खरीदकर गौशाला में रखा और फिर गौरक्षकों को सूचना देकर साम्प्रदायिक भड़काने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में योगेश चौधरी और शिवम को गिरफ्तार किया था जिन्होंने बाद में यह स्वीकार किया था कि उन्होंने ही हिंडन विहार की किसी मांस की दुकान से मांस खरीदा और गौशाला में मांस रख कर खुद ही फर्जी नाम से गौरक्षकों को फोन कर गौशाला में मांस होने की सूचना दी। बाद में इन्होंने अपना फोन भी बंद कर दिया ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। पूरे देश में अब तक ऐसे सैकड़ों मामले उजागर हो चुके हैं जिससे पता चलता है कि बड़े षड्यंत्र के तहत धर्म विशेष के लोगों के प्रति नफरत व गुस्सा पैदा करने के लिये ऐसे कुकृत्य किये जाते हैं। इसी तरह कई मामले पाकिस्तानी झंडों व पाकिस्तान जिंदाबाद के नारों को लेकर सामने आ चुके। अभी पिछले ही दिनों लुधियाना के थाना हैबोवाल क्षेत्र स्थित सिद्धपीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर मंगलवार को पाकिस्तान का झंडा लगा पाया गया। बताया जाता है कि यहाँ हर मंगलवार को 10 से 15 हजार तक श्रद्धालु मंदिर में दर्शनार्थ आते हैं। इसी मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन ने आरोपी की पहचान विक्रम आनंद व उसके अज्ञात साथी के रुप में की है। यह सब मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया। पहलगाम हादसे के बाद देश का माहौल और भी खराब करने के उद्देश्य से पाकिस्तान का झंडा लगाया गया था।

# केसी के नाम पर चालबाजीः निजी बैंकों की शिकारी पूँजी और किसानों की लूट

**हाल ही में राजस्थान के एक वीडियो ने इस सवाल को फिर से जीवंत कर दिया, जहाँ एक पढ़ा-लिखा किसान एक्सिस बैंक की उस चाल को बेनकाब करता है, जो उसके जैसे लाखों भोले किसानों के साथ हो रही है-बिना बताये उनके किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते से बीमा और पॉलिसियों के नाम पर पैसे काट लिए जाते हैं। यह घटना केवल एक राज्य की नहीं, बल्कि एक पूरे आर्थिक शोषण तंत्र का हिस्सा है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना को सरकार ने किसानों को सस्ती दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया था ताकि वह अपनी खेती की लागत को बिना साहूकारों के जाल में फंसे, पूरा कर सके। इस योजना की आत्मा थी-आसान, पारदर्शी और भरोसेमंद वित्तीय सहायता। परन्तु जब यही योजना निजी बैंकों के हाथ में जाती है, तो वह इसे एक बेचने योग्य उत्पाद बना देते हैं।**






डॉ सत्यवान सौरभ

(लेखक)

भारत एक कृषि प्रधान देश है। यह वाक्य हम स्कूलों में पहली कक्षा से पढ़ते आ रहे हैं, पर सवाल यह है कि क्या वाकई भारत का दिल किसानों के साथ धड़कता है? क्या सरकारें, बैंकिंग संस्थाएं, और आर्थिक नीति निमार्ता इस कृषि प्रधानता का सम्मान करते हैं? हाल ही में राजस्थान के एक वीडियो ने इस सवाल को फिर से जीवंत कर दिया, जहाँ एक पढ़ा-लिखा किसान एक्सिस बैंक की उस चाल को बेनकाब करता है, जो उसके जैसे लाखों भोले किसानों के साथ हो रही है-बिना बताये उनके किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते से बीमा और पॉलिसियों के नाम पर पैसे काट लिए जाते हैं। यह घटना केवल एक राज्य की नहीं, बल्कि एक पूरे आर्थिक शोषण तंत्र का हिस्सा है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना को सरकार ने किसानों को सस्ती दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया था ताकि वह अपनी खेती की लागत को बिना साहूकारों के जाल में फंसे, पूरा कर सके। इस योजना की आत्मा थी-आसान, पारदर्शी और भरोसेमंद वित्तीय सहायता। परन्तु जब यही योजना निजी बैंकों के हाथ में जाती है, तो वह इसे एक बेचने योग्य उत्पाद बना देते हैं। किसानों को केसीसी के नाम पर जबरन जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा, और कभी-कभी तो मोबाइल सिम या अन्य सेवाएं भी थमा दी जाती हैं। इन सबकी कीमत सीधे उनके खाते से काट ली जाती है-बिना उनकी सहमति, बिना जानकारी। राजस्थान में एक किसान द्वारा रिकॉर्ड किया गया वीडियो इस पूरे तंत्र की परतें खोलता है। किसान एक्सिस बैंक से पूछता है कि उसके खाते से पैसे किस अधिकार से काटे गए? बैंक कर्मियों के पास कोई स्पष्ट उत्तर नहीं। वह पॉलिसी की बात करते हैं, मगर सहमति के कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाते। वीडियो में साफ झलकता है कि यह ह्वनीतिह्न नहीं, बल्कि नीचता है। किसान की भाषा, आत्मविश्वास और तथ्यात्मक तैयारी यह बताती है कि यदि किसान जागरूक हो जाए, तो यह तंत्र ज्यादा दिन नहीं टिकेगा। ऐसा नहीं है कि केवल एक्सिस बैंक इस तरह की गतिविधियों में लिप्त है। कई अन्य निजी बैंक-आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, आईडीएफसी और यहाँ तक कि कुछ सहकारी बैंकों पर भी किसान संगठनों ने ऐसे आरोप लगाए हैं। किसानों के खातों से बीमा के नाम पर सालाना हजारों रुपये काट लिए जाते हैं। कई बार तो उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उनके नाम पर कोई पॉलिसी चालू की गई है। जब वे शिकायत करने बैंक जाते हैं, तो उन्हें या तो चुप करा दिया जाता है, या कहा जाता है-ह्वयह नियम हैह्न, ह्वयह सिस्टम से कटता हैह्न, या ह्वआपने फॉर्म पर हस्ताक्षर किए थेह्न। यहाँ हस्ताक्षर का मतलब जबरन भरवाया गया फार्म होता है, जिसे किसान समझ ही नहीं पाता। यह सवाल बेहद जरूरी है कि सरकारें इस पर क्या कर रही हैं? क्या उनके पास इस बात की जानकारी नहीं है कि बैंकों द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है? अगर है, तो क्या अब तक कोई कठोर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो या ऋण माफी योजनाएं, यह सब किसानों के नाम पर चलती हैं। पर जब उनके ही पैसे चुपचाप काटे जाते हैं, तब वही सरकारें मौन क्यों हो जाती हैं? क्या सरकार निजी बैंकों की इस ह्यअनैतिक कमाईह्न में मौन साझेदार बन चुकी है? हाल के वर्षों में किसानों ने कई बार इस विषय पर जनहित याचिकाएँ दायर की हैं। कुछ राज्यों की उच्च न्यायालयों ने इस पर ध्यान भी दिया है, पर कोई राष्ट्रीय स्तर पर एक ठोस नीति सामने नहीं आई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ दिशा-निर्देश जरूर जारी किए हैं, जैसे बीमा या कोई अन्य उत्पाद ग्राहक की स्पष्ट अनुमति से ही जोड़ा जाए, परंतु जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। शहरों में रहने वाला पढ़ा-लिखा ग्राहक जब बैंक में जाता है, तो उसे बीमा, पॉलिसी और ट्रांजेक्शन से जुड़ी हर बात बताई जाती है। लेकिन वही बैंक जब गाँव में शाखा खोलता है, तो वहाँ नियमों की किताबें गायब हो जाती हैं। ग्रामीण ग्राहक को ह्यकमजोर, अनपढ़ और भोलाह्न मानकर बैंकों का रवैया ह्यलूट और डरानेह्न वाला हो जाता है। इसे ही हम आर्थिक असमानता कहते हैं-जहाँ सुविधा नहीं, सिर्फ. ह्यशोषणह्न पहुँचता है सरकार को चाहिए कि वह हर पंचायत स्तर पर डिजिटल और बैंकिंग साक्षरता शिविर आयोजित करे। किसान को यह समझाना जरूरी है कि वह क्या साइन कर रहा है और उसका क्या असर होगा। साथ ही फ्क्कको एक ऐसा ऑनलाइन पोर्टल बनाना चाहिए जहाँ किसान अपने खाते से कटे हर रुपये का कारण जान सके, और बिना बैंक के पास जाए उसे शिकायत दर्ज कराने की सुविधा मिले। यदि किसी बैंक की कई शाखाओं से ऐसी शिकायतें आती हैं, तो उस बैंक पर किसान ऋण से जुड़ी सेवाओं पर रोक लगाई जाए। गाँव स्तर पर किसान जागरूकता समितियाँ बनें, जो बैंकिंग धोखाधड़ी की निगरानी करें और जरूरत पड़ने पर बैंक का बहिष्कार करें। आज भारत का किसान न केवल मौसम से, जमीन से, और बाजार से लड़ रहा है, बल्कि बैंकों के दोगलेपन से भी जूझ रहा है। वो बैंक, जो कभी उसकी आर्थिक रीढ़ बनने का वादा करते हैं, अब उसकी पीठ में छुरा घोंपने लगे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि हम सिर्फ. वीडियो देखकर हैरान न हों, बल्कि उस किसान की चेतना को अपनाएँ, जो सवाल करता है, जवाब मांगता है और अपने अधिकार के लिए आवाज उठाता है। किसान को सिर्फ.अनाज उगाने वाली मशीन न समझा जाए। वो भी एक सजग नागरिक है। जिस देश में उसके नाम पर बजट तैयार होता है, वहाँ उसकी जेब खाली करने वालों को माफ नहीं किया जा सकता। ह्लसंस्कारों ने झुकना सिखाया है, पर किसी की अकड़ के सामने नहींह्न-इस वाक्य को केवल एक तस्वीर की सीमा में न रखें। यह किसानों के संघर्ष की असल कहानी है। अब समय आ गया है कि हर किसान, हर नागरिक, हर पत्रकार और हर नीति निमार्ता यह समझे-अगर किसान की आवाज नहीं सुनी गई, तो कल खेत भी चुप हो जाएगा और थाली भी।

# इतिहास का बोझः कब तक हमारी पीढ़ियाँ झुकती रहेंगी

**मुगल दरबारों की चमक, विदेशी आक्रांताओं की वीरता और गुलामी के प्रतीकों को जिस तरह से भारतीय इतिहास के केन्द्र में रखा गया है, वह न केवल बौद्धिक अन्याय है बल्कि सांस्कृतिक आत्महीनता का भी बीज है। आखिर कब तक हमारे बच्चों पर मुगल शासकों का बोझ लादा जाएगा? कब तक हमारी नई पीढ़ी औरंगजेब, बाबर, और खिलजी की तलवारों को आदर्श समझेगी, और अपने महान पूर्वजों की गाथाओं से अनजान रहेगी? यह प्रश्न केवल शिक्षा व्यवस्था का नहीं है, यह हमारी आत्मा और पहचान का प्रश्न है। चाणक्यः रणनीति और राष्ट्र का मस्तिष्क चाणक्य, जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है, कोई साधारण राजपुरुष नहीं थे। वे राजनीति, अर्थशास्त्र और कूटनीति के मनीषी थे। ह्यअर्थशास्त्रह्न जैसा ग्रंथ लिखने वाला यह विचारक, केवल एक राजा का गुरु नहीं था, वह सम्राटों को राष्ट्रधर्म का बोध कराने वाला मार्गदर्शक था।**





प्रियंका सौरभ

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

इतिहास केवल अतीत का आईना नहीं होता, वह आने वाली पीढ़ियों की दृष्टि का आधार भी होता है ।ह्व पर अफसोस, भारत के वर्तमान शैक्षणिक ढाँचे में यह आईना धुंधला कर दिया गया है। मुगल दरबारों की चमक, विदेशी आक्रांताओं की वीरता और गुलामी के प्रतीकों को जिस तरह से भारतीय इतिहास के केन्द्र में रखा गया है, वह न केवल बौद्धिक अन्याय है बल्कि सांस्कृतिक आत्महीनता का भी बीज है। आखिर कब तक हमारे बच्चों पर मुगल शासकों का बोझ लादा जाएगा? कब तक हमारी नई पीढ़ी औरंगजेब, बाबर, और खिलजी की तलवारों को आदर्श समझेगी, और अपने महान पूर्वजों की गाथाओं से अनजान रहेगी? यह प्रश्न केवल शिक्षा व्यवस्था का नहीं है, यह हमारी आत्मा और पहचान का प्रश्न है। चाणक्यः रणनीति और राष्ट्र का मस्तिष्क चाणक्य, जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है, कोई साधारण राजपुरुष नहीं थे। वे राजनीति, अर्थशास्त्र और कूटनीति के मनीषी थे। ह्यअर्थशास्त्रह्न जैसा ग्रंथ लिखने वाला यह विचारक, केवल एक राजा का गुरु नहीं था, वह सम्राटों को राष्ट्रधर्म का बोध कराने वाला मार्गदर्शक था। पर क्या हमारे पाठ्यक्रम में चाणक्य के सिद्धांतों को वह स्थान मिला है, जो वह वास्तव में ीिरी१५ी करते हैं? किसी भी राष्ट्र की नीतिगत समझ अपने विचारशील नेताओं के दर्शन से बनती है। चाणक्य के सिद्धांत आज भी शासन, कूटनीति और प्रशासन के क्षेत्र में प्रासंगिक हैं। लेकिन जब इतिहास की किताबों में चाणक्य के नाम पर केवल 2-3 पंक्तियाँ मिलती हैं, तब समझ आता है कि ज्ञान के सूर्य को कितनी कृत्रिम छायाओं में ढक दिया गया है। चित्रगुप्तः धर्म और कर्म के प्राचीन लेखाकार चित्रगुप्त-एक ऐसा नाम, जो केवल धार्मिक आस्थाओं तक सीमित कर दिया गया है, परन्तु उनका महत्व एक अत्यंत उच्च कोटि के सामाजिक व्यवस्थापक का था। वे कर्म का लेखा-जोखा रखने वाले देवता माने जाते हैं, पर इसका व्यापक आशय आज की पीढ़ी को नहीं सिखाया जाता। चित्रगुप्त न्याय और दायित्व की उस परंपरा का प्रतीक हैं, जो भारतीय दर्शन की रीढ़ है। अगर हम अपने बच्चों को यह नहीं बताएँगे कि हमारे पूर्वजों ने न्याय, विवेक और उत्तरदायित्व को कितनी ऊँचाई दी थी, तो वे विदेशी न्यायशास्त्रों को ही ह्यआधुनिकह्न और ह्यसर्वोत्तमह्न मानते रहेंगे। छत्रपति शिवाजी महाराजः राष्ट्र के स्वाभिमान की तलवार छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा नहीं थे; वे भारतीय राष्ट्रवाद की जीवंत प्रतिमा थे। उनकी युद्धनीति, उनकी प्रशासनिक सूझबूझ, और उनके धर्मनिरपेक्ष व्यवहार ने उस दौर में भी हिन्दुस्तान की अस्मिता को एक नई परिभाषा दी, जब भारत टुकड़ों में बँटा हुआ था। पर आज भी कई राज्यों के स्कूली पाठ्यक्रमों में शिवाजी का नाम केवल एक ह्यमराठा योद्धाह्न तक सीमित कर दिया गया है। क्या यही है हमारी ऐतिहासिक दृष्टि? क्या यह न्याय है उस नायक के साथ, जिसने ह्यहिंदवी स्वराज्यह्न की कल्पना को तलवार की धार पर जिया? इतिहास के पन्नों से बहिष्कृत गौरव इतिहास सिर्फ. वो नहीं होता जो घटित हुआ, इतिहास वो होता है जिसे बताया गया, पढ़ाया गया और दोहराया गया। जब पाठ्यपुस्तकों में तैमूर और गोरी को विस्तार से पढ़ाया जाए और पृथ्वीराज चौहान, राणा प्रताप, गुरुगोबिंद सिंह, झाँसी की रानी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को हाशिये पर डाल दिया जाए, तो पीढ़ियाँ गुलाम मानसिकता की पाठशाला से ही निकलेंगी। भारत का इतिहास वेदों में है, उपनिषदों में है, रामायण और महाभारत में है, नालंदा और तक्षशिला में है, आर्यभट्ट, वराहमिहिर और भास्कराचार्य के विज्ञान में है। पर अफसोस, बच्चों को इनकी जगह सिखाया जाता है कि किस विदेशी ने भारत में ह्यरेल लायाह्न, ह्यडाकघर लायाह्न और ह्यकानून सिखायाह्न। समस्या केवल इतिहास की नहीं, आत्मबोध की है यह विषय केवल पाठ्यक्रम में नाम जोड़ने और हटाने का नहीं है। यह एक गहरी वैचारिक लड़ाई है-हमारे आत्मबोध, आत्मगौरव और सांस्कृतिक अस्तित्व की। अगर हमारी पीढ़ियाँ लगातार वही इतिहास पढ़ेंगी जिसमें वे पराजित, गुलाम और निरीह चित्रित किए गए हैं, तो वे स्वाभिमान और स्वतंत्र सोच कैसे विकसित करेंगी? हम यह नहीं कहते कि मुगल इतिहास को हटाया जाए। हम यह कहते हैं कि उसे भी उसी आलोचनात्मक दृष्टि से पढ़ाया जाए जैसे किसी भी अन्य युग को। और उसके साथ-साथ हमारे नायकों को भी वह सम्मान मिले, जो वे पात्र हैं, दया नहीं। ह्यजय सनातनह्नः कोई नारा नहीं, एक पुनर्स्मरण है ह्लजय सनातनह्व का अर्थ केवल धार्मिक जयघोष नहीं है। यह उस मूल चेतना का आह्वान है जो भारत को भारत बनाती है-सहिष्णुता, विज्ञान, दर्शन, आत्मानुशासन और कर्म। सनातन भारत की आत्मा में चाणक्य की नीति, शिवाजी की शौर्यता, चित्रगुप्त की न्याय भावना, विदुर की नैतिकता, और महर्षि पतंजलि की योगमय सोच शामिल है। जब तक यह आत्मा पाठ्यक्रमों में नहीं झलकेगी, तब तक हमारी चेतना अधूरी ही रहेगी। निष्कर्षः समय है पुनर्लेखन का, पुनर्जागरण का आज आवश्यकता है एक नए भारत के निर्माण की-ऐसा भारत जो अपने अतीत से शर्मिंदा न हो, बल्कि उस पर गर्व करे। हमें अपने इतिहास का पुनर्लेखन नहीं, पुनर्जागरण करना है। हमारे पूर्वजों की गाथाएँ, उनके सिद्धांत, उनके मूल्यों को नई पीढ़ी तक ले जाना कोई साम्प्रदायिक कार्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्तरदायित्व है। अब समय है कि हमारी शिक्षा नीति, पाठ्यपुस्तक समितियाँ और बौद्धिक संस्थान यह सोचें-क्या हम एक आत्मनिर्भर, आत्मगौरव से युक्त भारत की नींव रख रहे हैं, या गुलामी के रंग से रंगी हुई इमारतें बना रहे हैं? क्योंकि जो राष्ट्र अपने नायकों को भूलता है, वह अंततः स्वयं को भी खो देता है।

# दूसरों के बारे में देखने से क्या फायदा

अक्सर आजकल लोगों को दूसरे के बारे में ज्यादा सोचते हैं उसने ऐ घर ले लिया उसके पास सबकुछ है मेरे पास कुछ नहीं और अपनी चादर से अधिक पैर फैलाते हैं जिससे उसे आर्थिक संकट पैदा होती है उसे क्या मिला जो मिला वो उसके कर्म और भाग्य के कारण मिला जिससे आपको ना मिलने पर कुंठा घर कर जाती है दूसरों को नौकरी मिला अच्छी बात है मेहनत की और मिला लेकिन आप हमेशा उस भगवान राम को ध्यान कीजिये आप दूसरे के घर में ताकना छोड़ कर सच्चाई को जानने की कोशिश करेंगे ऐ संसार मिथ्या है भ्रम में फंसा है आप उससे बाहर निकल कर ईश्वर का ध्यान करें कुछ भी नहीं तो शांति अवश्य मिलेगी इंसान को बनाया ईश्वर ने ज्ञान भी दिया लेकिन ज्ञान को एक जगह संचित नहीं करने से दिमाग भटकने लगता है और वो अपने से तुलना कर और भी निराश या अधिक होने पर खुशी में रहता है अब आप सतर्क हो जाएं क्योंकि आपके पास जो समय मिला है वो बहुत ही कम है जिंदगी एक नाटक की तरह जिसमें सब अपना रोल प्ले करते हैं लेकिन यदि कोई अच्छा रोल कर रहा हो तो उसके बारे में सोच कर डर से अपना रोल भूल जायेंगे और मंच पर आप खुद मजाक के पात्र बन जायेंगे आप ईश्वर पर ध्यान कीजिये भगवान श्री राम पर ध्यान करें ध्यान भटक रहा है तो कुछ समय के लिए बेकार की बातों को सोचना छोड़ दीजिये मुझे क्या करना है वो नेक और पवित्र होना चाहिए विचार सही होगा तो तनाव नहीं होगा सुख और दुःख जीवन में आते रहते हैं जीवन बहुत मुश्किल से मिला है और दोबारा आसानी से नहीं मिलेगा अतः बची खुची जिंदगी को खुशी से जियें लोग क्या कर रहें हैं क्या सोचेंगे इसपर ध्यान देने से आपकी परेशानी और ज्यादा बढ़ेगी अतः मन को शांत कर एकाग्र होने की कोशिश करें हमेशा अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दे क्योंकि अगर आपका स्वास्थ्य ही ठीक नहीं रहेगा तो आप दूसरे पर निर्भर करेंगे और मैं बता रहा हूँ उस समय झेलाना आपको पड़ेगा जो कष्टदाई होगा इस जगत में जब सब एक दिन नस्ट होने वाला है तो क्यों न जो सत्य है उसपर ध्यान दें इसलिए प्रभु राम का ध्यान कीजिये और खुश रहें क्योंकि अंत में उन्ही का नाम सत्य होता है जो सभी बंधनों से मुक्त और सदा आपको गलत चीजों से बचाता है संस्कार अच्छा रहेगा तो सब कुछ मिलेगा कोई बहुत बड़ा आदमी क्यों न हो संस्कार ठीक नहीं है तो सब बेकार मान लीजिये बड़ा आदमी है लेकिन रोज शराब की लत में डूबा है उसके दिमाग में यही चल रहा है कौन सा विस्की, स्कॉच, वाइन, बियर ठीक है और कितना दाम है वो दूसरों पर क्या ध्यान देगा अतः उसे शराब से प्यार है आपसे नहीं और ऐसे आदमी नशे की हालत में कुछ भी बोल सकता है जिससे आपकी प्रतिष्ठा को केवल घर तक ही नहीं मोहल्ले में सुनाएगा जिससे आपकी भारी बदनामी होगी रोज मार पिट कर रोड पर पड़ा रहेगा बताएँगे आपकी और परिवार की क्या इज्जत रहेगी सिर्फ पैसा ही सबकुछ नहीं हैं आप अपनी आय से कितना बचा लेते हैं यही आखिर आपको अंत में काम आएगा खर्ज करना बहुत आसान है बचाना मुश्किल जरूर है लेकिन यही आपके बुरे वक़्त में काम आएगा सीखना है तो भगवान श्री राम से सीखें.राम को वीरता, सही काम करने और एक आदर्श पुत्र और पति होने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा, वह बहुत मयार्दा का पालन करना और असत्य से नहीं डरने का साहस था इसलिए वो महान वीर थे, जैसा कि सीता के पिता द्वारा शिव के धनुष को मोड़ने की चुनौती से देखा जा सकता है। वह इसे तोड़ सकते हैं। भगवान राम विष्णु के अवतार हैं। हिंदू धर्म के कुछ संप्रदायों, जैसे वैष्णव धर्म में, विष्णु सर्वोच्च देवता हैं और उनके सभी अवतारों की पूजा की जाती है। स्वामी विवेकानंद भगवान श्री राम के ध्यान में ऐसा डूबे की उन्हें ईश्वर का साक्षात रूप दिखा स्वामी विवेकानंद ने उन्हें ईश्वर के रूप में माना है और विभिन्न अवसरों पर अपने व्याख्यानों में श्रीराम कथा के पात्रों विशेषकर श्रीराम, माता सीता और श्रीहनुमान आदि के चरित्र का बखान करते हुए मुक्त कंठ से उनकी प्रशंसा की। 2 सितंबर 1897 को मद्रास (अब के चेन्नई) के विक्टोरिया हॉल में उन्होंने कहा थाःह्लमैं बस राम के पुल के निर्माण में उस गिलहरी की तरह बनना चाहता हूँ, जो पुल पर अपनी थोड़ी सी रेत-धूल डालकर काफी मजबूत थी। भगवान श्री उनमें अलौकिकता एवं धीरोदत्त नायक की विशेषताएं राम में भी वे सामान्य मनुष्यो की तरह जीवन जीते है। सामान्य मनुष्यो के सामने एक आदर्श प्रस्थापित करने के लिए प्रभु जीवन जीने की राह दिखाते है। प्रभु ने ब्रह्म स्वरूप होकर भी कहीं पर भी अपनी शक्ति का प्रचलन नहीं किया। प्रभु के लिए तो हर समस्या का समाधान पल भर में मिलता है किंतु प्रभु को सामान्य मनुष्य की तरह रहने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रभु ने सर्वज्ञात होकर भी अज्ञात बनकर गुरु वशिष्ठ से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया तथा विश्वामित्र द्वारा भी मंत्रसिद्धियाँ प्राप्त की। पंचवटी में वे सीता की सुवर्णमृग की चमड़ी से बनी कंचुकी पहनने की चाँह सामान्य मनुष्यो की तरह पूरी करने के लिए मृग के पीछे दौड़ते है। रावण द्वारा सीताहरण होने पर वे सीता की खोज करते समय सामान्य मनुष्य की तरह विलाप करते है। ऐसा अनेक प्रसंगो मे श्रीराम के अलौकिक होते हुए भी उनके लौकिक रुप के दर्शन होते हैं. राम को भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जाना जाता है और साथ ही रामायण में वर्णित उनके कई वीरतापूर्ण कारनामों के लिए भी जाना जाता है। हिंदू राम की निष्ठा, सदाचार, दयालुता, विनम्रता और वीरतापूर्ण कहानियों की सराहना करते हैं।

# संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में राहगीरों को मिलेगा शीतल पेयजल:गरिमा

● गर्मी के मौसम को लेकर प्रत्येक वार्ड से लगेंगे तीन सौ फिट तक गहराई वाले चार चार समर्शेबल बोरिंग व मोटर से कनेक्ट शीतल स्थाई प्याऊ सेट

● नगर निगम प्रशासन ने गवर्मेंट ई.मार्केट पोर्टल पर डिटेल अपलोड कर जारी कर दी है निविदा




प्रात : किरण, संवाददाता

महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में बेतिया के संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के वासियों और राहगीरों को भी शीतल पेयजल सुलभता पूर्वक मिलेगा। जनसाधारण की सुलभ सुविधा के लिए गर्मी के जारी मौसम को लेकर प्रत्येक वार्ड के सार्वजनिक चौक चौराहों और चयनित सड़कों पर तीन सौ फिट तक गहराई वाला चार चार समर्शेबल बोरिंग व उच्च शक्ति के मोटर से कनेक्ट शीतल प्याऊ सेट लगाने की स्वीकृति नगर निगम बोर्ड ने दे दी है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि दो दो कर के दो चरणों में पूरी होने इस योजना के प्रथम चरण के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा जारी कर दी गई है। महापौर ने बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा गवर्मेंट ई.मार्केट पोर्टल पर योजना से जुड़ी निविदा की अर्हता का डिटेल अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 80-80 लिए क्षमता वाला वॉटर कुलर, यूवी फिल्टर, 2 एचपी का मोटर पंप सेट के साथ, छह लेयर और 500 लीटर क्षमता वाले पानी टंकी, दो नल, टाइल्स का बेसिन, सिविल एवं प्लंबिंग का कार्य कराते हुए 200 स्थाई प्याऊ का अधिष्ठापन कराया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने इस योजना में गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर ह्यजेम पोर्टलह्व पर निबंधित संवेदकों से ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

# पर्यटन नगरी के 3 आरडी पूल पर लगता है बार बार जाम,हो चुके हैं कई हादसे

## समाजसेवियों ने एक और पूल की उठाई मांग

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर,पर्यटन नगरी के रूप में सुमार हो चला है जिस कारण वाल्मीकिनगर में पर्यटकों की आवक अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है,लेकिन सूबे का पर्यटन नगरी की तस्वीर उस वक़्त बदस्तूर नजर आने लगती है जब वाल्मीकिनगर स्थित 3 आरडी पूल पर बार बार जाम लग जाता है ।जिस जाम में खासकर देशाटन वाली बच्चों से भरी बसें फंस जातें है ।बच्चों के साथ साथ परिवार के लोग वीटीआर कि खूबसूरती निहारने की कल्पना सजोए पहुंचे पर्यटक बेचैन हो जाते हैं ।बतादें की वाल्मीकिनगर प्रोजेक्ट की स्थापना करीब 60 के दशक में हुई थी तब इस 3 आरडी पूल का निर्माण किया गया था। यह पूल वाल्मीकिनगर त्रिहुत नहर के ऊपर बनाई गई है जो बेहद संकरी है ।यह पूल करीब 10 से 12 फिट मात्र चौड़ी है ।इसके द्वारा त्रिहुत नहर से दो भाग में बटे वाल्मीकिनगर को जोड़ा जाता है। चुनांचे यह पूल वाल्मीकिनगर की लाइफ लाइन पूल है,यह पूल इतना संकरा है कि अगर एक वाहन गलती से इसके ऊपर आ जाए तो दूसरी तरफ से आने वाले वहन को साइड लेने की जगह नहीं होती है,बल्कि एक गाड़ी को बैक कर के वापस लौटना पड़ता है। जानकारी के लिए बतादूँ की इसके संकरा होन की वजह से पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं और कइयों को जान से हाथ धोना भी पड़ा है। गोया की अब पर्यटन नगरी में लोगों की आवक पहले से ज्यादा बढ़ गई है इसलिए इस पूल की चौड़ाई को बढ़ा देना चाहिए ।समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने बताया कि आवागवन की सुविधा के मद्देनजर एक और पूल का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि दो लेंन पूल हो जाने पर जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल सके।

# प्रत्येक रविवार को लायंस क्लब छपरा सारण अन्नपूर्णा भोजन सेवा के तहत भूखों को कराता है भोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा : समाजसेवा के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण के द्वारा शहर के बीचों बीच सिविल कोर्ट गेट के पास प्रत्येक रविवार को लायंस अन्नपूर्णा भोजन सेवा का संचालन किया जाता है। इस सेवा के तहत लगभग 200 जरूरतमंद भूखे लोगों को मात्र 5 रु में भरपेट गरम गरम शुद्ध एवं स्वादिष्ट भोजन कराया जाता है। कार्यक्रम चेयरपर्सन लायन अमर कुमार ने जानकारी दी कि लायंस क्लब छपरा सारण के प्रत्येक सदस्यों के आपसी सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जहां लोग अपनी शादी की सालगिरह और जन्मदिन की पार्टी बड़े-बड़े रेस्टोरेंट में जा कर मनाते हैं, वहीं हमारे क्लब के सदस्य अपने किसी भी शुभ अवसर पर लायंस अन्नपूर्णा में आर्थिक सहयोग कर कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग करते हैं। खाने का स्वाद और शुद्धता की बात करें तो खाना खाने के लिए जरूरतमंदों को प्रत्येक रविवार का इंतजार रहता है, समय से पहले हीं लोग लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते हैं और मात्र 5 रु में भरपेट भोजन करते हैं। अमर कुमार ने बताया कि 5 रु इसलिए लिया जाता है कि उनके आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचे कि वह फ्री में खा रहे हैं। जब किसी के पास 5 रु नहीं होते तो लायंस सदस्य खुद से पांच से दस लोगों का पैसा अपने तरफ से दे कर उन्हें खिला देते हैं। मतलब कोई भी भूखा नहीं जाता है। खाना खाने के बाद लोगों की मुस्कान हीं बता देती है कि यह लायंस क्लब का अन्नपूर्णा भोजन सेवा कार्यक्रम उनके लिए कितना महत्त्व रखता है। पूछने पर एक मजदूर ने बताया कि वैसे तो हम सप्ताह के छह दिन सतुआ अचार खाते हैं लेकिन रविवार को लायंस क्लब में चावल, दाल, सब्जी, पापड़, अचार आदि खाने का इंतजार रहता है हमें और प्रत्येक रविवार को दिन के 1 बजे से मात्र 5 रु में भरपेट भोजन करते हैं। रविवार को कोई त्यौहार भी पड़ने पर यह कार्यक्रम यथावत संचालित किया जाता है। मजदूर वर्ग के लोगों ने बताया कि लायंस क्लब छपरा सारण इसके लिए बधाई का पात्र है। इस अवसर पर अन्नपूर्णा भोजन सेवा के सचिव मनोज वर्णवाल, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र किशोर, लायन आनंद अग्रहरि, लायन रणधीर जायसवाल, लायन साकेत श्रीवास्तव, लायन आशुतोष शर्मा, लायन डा यू के पाठक, लायन मुकेश कुमार, लायन अमित कुमार, लायन प्रमोद मिश्रा, लायन संदीप गुप्ता, लायन रजनीश कुमार, लायन रवि कुमार, लायन मनीष सिन्हा, लियो विकास पटेल आदि मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने तीन शराबियों को किया गिरफ्तार

परसा स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में शराब पीकर हंगामा कर रहे तीन शराबियों को परसा पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए भेजा छपरा व्यवहार न्यायालय। गिरफ्तार शराबियों में ललरहिया गांव निवासी भोला सहनी का पुत्र ललन सहनी,पचलख नवादा गांव निवासी राजदेव सिंह का पुत्र प्रद्युम्न कुमार सिंह एवं बहमारर गांव निवासी विश्वनाथ सिंह का पुत्र विजय सिंह बताया जाता है।

### पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

परसा। स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में छापेमारी कड़ते हुए चार कोर्ट वारंटियों को गिरफ्तार कड़ते हुए भेजा छपरा व्यवहार न्यायालय। गिरफ्तार वारंटियों में बनौता मुकुंद गाव निवासी रकटु राम का पुत्र बालेश्वर राम,अन्याय गाव निवासी स्व दीनदयाल माँझी का पुत्र कन्हाई माँझी,बहमारर गाव निवासी स्व भगवान माँझी का पुत्र सीकेन्द्र साह,एवं परसा शंकरडीह गाव निवासी शिव कुमार दास बताया जाता है.

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

एकमा । प्रखण्ड के परसा गढ़ बाजार निवासी दैनिक अखबार के पत्रकार बिजय सिंह के पिता पूर्व सरपंच धर्मनाथ प्रसाद सिंह (86) वर्ष की निधन ह्रदयाघात से हो गई ।छोटे पुत्र विजय कुमार सिंह ने बताया कि हर दिन की तरह वे सुबह अपने घर से सुबह में मॉर्निंग वॉक करने बाद नास्ता करने के बाद अखबार पढ़ रहे थे तभी उनकी धड़कने तेज होने लगी जिसे देखकर एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।श्री सिंह बिहार पूर्व मुख्यमंत्री जगरनाथ मिश्र एवं बनियापुर के पूर्व विधायक सुश्री उमा पांडेय के बहुत ही करीबी माने जाते थे ।वे परसा पंचायत के लगभग 22 वर्ष सरपंच एवं पैक्स अध्यक्ष तथा 20 सूत्री के अध्यक्ष भी रह चुके थे। मृत्यु उपरांत उनके पार्थिव शरीर को रिविलगंज स्थित सेमरिया घाट में ले जाया गया जहां उनके बड़े पुत्र नागेंद्र सिंह ने मुख अग्नि दी जिसके बाद उनके पंच तत्व में विलीन हो गए । इनकी मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और उनकी अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों की तांता लगा रही।


### शराब कांड में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

इसुआपुर। शराब कांड के फरार अभियुक्त स्थानीय थाना क्षेत्र के परसा गांव के मुसाफिर प्रसाद के पुत्र बृजमोहन प्रसाद को शनिवार की रात उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं आवश्यक पूछताछ के बाद रविवार को छपरा जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष कमल राम ने बताया कि पूर्व में उत्पाद विभाग के द्वारा शराब पकड़ी गई थी। जिस मामले में वह फरार चल रहा था।

### डोरीगंज के अजय कुमार चौरसिया के अवासीए परिसर से टैक्टर की चोरी

डोरीगंज - भैरोपुर निजामत निवासी ट्रैक्टर संचालक अजय कुमार चौरसिया के आवास परिसर से बुधवार की देर रात चोरों ने ट्रैक्टर चुरा ले गई। पीड़ित ने इसकी शिकायत डोरीगंज थाने में की है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बुधवार की रात को अपने आवासीय परिसर के सामने मेरा ट्रैक्टर जिसका नम्बर इफ्ड4र-2830स्वराज कम्पनी की खड़ी थी। रात करीब 2:45 बजे ट्रैक्टर गायब हो गई ।मुझे इसकी जानकारी सुबह मे हुई। और जब सीसी टीबी फुटेज देखा गया तो रात्री के 2-45बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन आदमी मुह बांधकर आया और टैक्टर चोरी कर ले गया ,वे तीनो टैक्टर के साथ पुरब ओर गए।

# गिद्धों की घटती संख्या के बीच वीटीआर से आई सुखद खबर भारी संख्या में दिखे गिद्ध



बगहा। गिद्धों की घटती संख्या के बीच वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से एक सुखद खबर सामने आई है। बगहा के गोनौली,चिऊटाहां और मदनपुर समेत बिहार यूपी सीमा से सटे कई इलाकों में भारी संख्या में गिद्ध देखने को मिले हैं। बता दें कि साल 2003 के बाद भारत समेत दुनिया भर से गिद्ध विलुप्त होते जा रहे हैं। इन गिद्धों का विलुप्त होना पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है। क्योंकि गिद्ध प्राकृतिक तौर पर शिकारी पक्षी होते हैं और उन्हें स्वच्छता प्रहरी के तौर पर जाना जाता है। गिद्ध को दुनिया में सबसे ऊंचा उड़ने वाला पक्षी माना जाता है। साथ ही इसकी गिनती बदसूरत पक्षियों में भी होती है हालांकि ये बदसूरत पक्षी पर्यावरण को स्वच्छ रखने की कुदरती कला में निपुण है। लिहाजा दुनिया भर में इनकी घटती संख्या चिंता का विषय है और इनको विलुप्त होने से बचाने के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग तत्परता से जुटा हुआ है। एक जानकारी के मुताबिक वीटीआर के गोनौली,चिऊटाहां और मदनपुर वन क्षेत्र के कई इलाकों में गिद्धों की बहुत अच्छी जनसंख्या देखी गई है। ये इकोसिस्टम के लिए काफी महत्वपूर्ण और उपयोगी हैं, लेकिन जानवरों को डिक्लोफेनाक दवा दिए जाने के कारण इनकी मौत हो रही है। जिन इलाकों में गिद्धों को स्पॉट किया गया है वहां के किसानों और पशुपालकों को अपने जानवरों को डिक्लोफेनाक दवा नहीं खिलाने के लिए प्रेरित और जागरूक किया जा रहा है, क्योंकि गिद्ध एक मुदाखोर पक्षी है जो जंगलों में मृत जानवरों के अवशेषों और सड़े गले मांस को जल्दी से खा जाता है ।जिस कारण मृत अवशेषों की दुर्गंध जंगल में नहीं फैलने पाती और इस प्रकार पूरा वातावरण और इकोसिस्टम स्वच्छ बना रहता है।

# बाबा साहेब के विचारों को आगे ले जाने का काम कर रही है मोदी की सरकार : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर (दरभंगा)। गीता रामायण और कुरान जैसे धार्मिक ग्रंथ जिस प्रकार से हमें धर्म की राह पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं ठीक उसी तरह देश को चलाने के लिए संविधान की रचना की भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर ने। ये बात बहुत अलीनगर के महथौर पंचायत में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में बिहार सरकार में अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक चमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती के मौके पर बीजेपी की तरफ से पुतई बड़ा चौक पर कार्यक्रम आयोजित की गई। मंच का संचालन दरभंगा पूर्वी भाजपा के अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने की और अध्यक्षता माधव झा आजाद ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक चमार उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मन्त्री जनक चमार ने कहा जिस समाज के लिए अंबेडकर जी ने कानून बनाए थे उस समाज के कईलोग आज भी पेट के लिए लड़ाई लड़ रहे है। इस संविधान का निर्माण 26 जनवरी 1949 को हुआ इससे पहले इस देश में वोट देने का अधिकार नहीं था।अच्छा कपड़ा पहनने का अधिकार नहीं था,अच्छा घर में रहने का अधिकार नहीं था,अच्छा भोजन करने का अधिकार नहीं था,डॉ भीमराव अंबेडकर एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे जिन्होंने भारतीय समाज को एक नई दिशा देने का काम किया। उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार दिया उन्होंने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया और दलितों, शोषितों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। मंत्री चमार ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को आगे ले जाने का काम कर रही है नरेंद्र मोदी की सरकार। इस मौके पर दरभंगा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को और उनकी विचारधारा को सही सम्मान देने का काम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में दिया गया है भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी सामाजिक न्याय के प्रणेता थे। उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया और दलितों, शोषितों और वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। उनके प्रयासों से हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार मिला। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि बाबा साहेब समाज के सबसे आखिरी पायदान पर मौजूद व्यक्ति को देश के शीर्ष स्थान पर पहुंचाना चाहते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजन का ये नतीजा है कि दलित समाज से आने वाले रामनाथ कोविंद देश के राष्ट्रपति बने और आदिवासी समाज की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनीं श्रीमती द्रोपदी मुर्मु। इस मौके पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ प्रदेश प्रवक्ता श्रवण चौधरी,धनपति ठाकुर सुजित चौधरी, महथौर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामकरण दास,राम दत्त दास,रामभजन पासवान,पवन शांडिल्य शंभु पासवान,राम प्रसाद पोद्दार,ब्रजेश झा, पुरषोत्तम झा,मुनेंद्र यादव,निभा झा,शिला पासवान,सुधा देवी आदि सैकड़ों की संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पर्यटन नगरी में मवेशी अस्पताल नहीं होने से वेटनरी चिकित्सा के लिए भटक रहे पशुपालक




प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। इंडो नेपाल सीमा पर स्थित ख्याति प्राप्त पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर में इन्दिनों वेटनरी चिकित्सा सुविधा के लिए पशुपालकों को भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा हैं खासकर इमरजेंसी की हालात में पशुपालक मवेशी अस्पताल स्वास्थ्यकर्मी विहीन वाल्मीकिनगर के चक्कर लगाते देखे जा रहे है। पशुपालकों ने बताया कि बीमार बछड़े को वेटनरी अस्पताल लेकर गए थे वहां टाला लटक रहा है कोई स्टाफ भी नहीं मिला।बल्कि बतादूँ की इमरजेंसी सेवा पूरे बगहा अनुमंडल में नहीं है। एसएसबी कपनी से सम्पर्क करने पर बेतिया मुख्यालय में सेवा उपलब्ध होने की बात बताई गई ।बतादें की करीब 10 वर्ष पहले ही वाल्मीकिनगर स्थित मवेशी अस्पताल की हालात चरमरा गई थी इसके अंतराल के बावजूद एक भी मवेशी डॉक्टर अबतक स्थाई रूप से पदस्थापित नहीं किए गए हैं। एक पशुपालक ने बताया कि नीमहकीम खतरे में जान वाली कहावत चरितार्थ हो रही है,मजबूरी में पशुपालक मवेशी का इलाज अधकचरे ज्ञान वाले झोला छाप तथाकथित डॉक्टरों से करा रहे है,या फिर एसएसबी के द्वारा लगने वाले मवेशी चिकित्सा शिविर के भरोसे रहना पड़ता हैं।

# रील बनाने के चक्कर मे महिला पुलिसकर्मी पर गिरी गाज, हुई सस्पेंड

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। में रील बनाने के शौक ने एक महिला पुलिसकर्मी को मुश्किल में डाल दिया है । लिहाजा महिला पुलिस जवान पर गांज गिरी है और उसे तत्काल प्रभाव से एसपी नें निलंबित कर दिया है । दरअसल आदर्श बगहा नगर थाना में पदस्थापित सिपाही कर्मी प्रिया पप्पी को दूसरी बार निलंबित किया गया है। इसके पूर्व भी उसे रील बनाकर सोशल साइट्स पर डालने के मामले में निलंबित कर कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके अपने हरकतों से बाज नहीं आने वाली प्रिया एक बार फिर सुर्खियों में आ गईं है और एसपी द्वारा उसे सस्पेंड किये जाने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है ।बतादें कि पुलिस वर्दी के ऑन ड्यूटी रिल बनाना और उसे सोशल साइट्स पर डालने से पुलिस की छवि धूमिल होती है । यहीं वजह है कि शुक्रवार को जैसे हीं एसपी सुशांत कुमार सरोज के पास यह शिकायत पहुंची तो उन्होंने बगहा नगर थाना के सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार पाठक को जांच का जिम्मा सौंपा । जांच में मामला सही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक सुशांत सरोज ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस जवान प्रिया पप्पी कों निलंबित कर उसकी छुट्टी कर दिया है ।बगहा के पुलिस अधीक्षक सुशांत सरोज ने बताया कि आरोपी सिपाहीकर्मी पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी । क्योंकि दूसरी बार उसने पेशेवर गलती दुहराई है और बिहार पुलिस की वर्दी में रील बनाकर वायरल किया है जिससे महकमे की किरकिरी हों रहीं है लिहाजा प्रिया पप्पी कों तत्काल सस्पेंड करते हुए विभागीय कार्रवाई की कवायद तेज कर दिया गया है । एसपी नें साफ तौर पर कहा है की ऐसी हरकत करने वाले कोई भी अधिकारी या जवान कतई बकशे नहीं जायेंगें जो भी ऑन ड्यूटी या ऑफ ड्यूटी रील बनाकर वायरल करेगा उसपर सुसंगत कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी ताकि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बरकरार रहें।

# छेड़खानी के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार ,आरोप के बाद शिक्षक के पक्ष में बच्चों ने किया सड़क जाम

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। में एक शिक्षक की गिरफ्तारी के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया। आक्रोशित अभिभावक और बच्चे स्कूल बंद होने के बाद भी सड़कों पर उतरकर शिक्षक को निर्दोष बताकर इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। बताया जाता है कि मध्य विद्यालय महुअर के शिक्षक दीपक पर एक 7 साल की छात्रा ने छेड़खानी का आरोप लगाया था इसके बाद दीपक की गिरफ्तारी हो गई थी। गिरफ्तारी की सूचना के बाद स्कूल के बच्चे और अभिभावक बगहा सेमरा मुख्य पथ को जामकर आंदोलन किया है। सूचना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचकर मामले को शांत कराया है। बताया जाता है कि अभिभावक विद्यालय के राजनीति के कारण शिक्षक को फसाने की बात कर रहे हैं। वहीं एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# विशेष ट्रेन का संचलन 14 से

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05113/05114 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल-छपरा वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 14 मई से 16 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक बुधवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 15 मई से 17 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को 10 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05113 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 14 मई से 16 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक बुधवार को छपरा से 15.45 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 15.57 बजे, मशरख से 16.47 बजे, दिघवा दुबौली से 17.19 बजे, थावे से 18.50 बजे, तमकुही रोड से 19.22 बजे, पडरौना से 19.55 बजे, कप्तानगंज से 21.20 बजे, गोरखपुर से 22.40 बजे, खलीलाबाद से 23.16 बजे, बस्ती से 23.44 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 01.10 बजे, बुढ़वल से 03.03 बजे, सीतापुर से 04.55 बजे, शाहजहाँपुर से 07.02 बजे, बरेली से 08.00 बजे तथा मुरादाबाद से 10.00 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 14.25 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05114 आनन्द विहार टर्मिनल-छपरा ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 15 मई से 17 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को आनन्द विहार टर्मिनल से 16.00 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 19.00 बजे, बरेली से 21.10 बजे, शाहजहाँपुर से 22.42 बजे, दूसरे दिन सीतापुर से 01.10 बजे, बुढ़वल से 03.17 बजे, गोंडा से 04.20 बजे, बस्ती से 05.50 बजे, खलीलाबाद से 06.27 बजे, गोरखपुर से 07.20 बजे, कप्तानगंज से 08.17 बजे, पडरौना से 08.57 बजे, तमकुही रोड से 09.32 बजे, थावे से 10.45 बजे, दिघवा दुबौली से 11.42 बजे, मशरख से 12.15 बजे तथा छपरा कचहरी से 13.20 बजे छूटकर छपरा 14.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# बगहा एसआईटी टीम ने 25 हजार के इनामी बदमाश को तमिलनाडु में धरदबोचा

प्रात : किरण संवाददाता




बगहा। की एसआईटी नें तमिलनाडु से 25 हजार के इनामी अपराधी कों गिरफ्तार किया है ।दरअसल पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी शेख बरकत उर्फ फकरे आलम कों लम्बे समय बाद पुलिस नें गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। ईनामी अपराधी शेख बरकत उर्फ फकरे आलम उम्र करीब 31 वर्ष पिता शेख तैयब, साकिन मानना थाना-रामगढवा, जिला मोतीहारी (पूर्वी चम्पारण) जो बगहा जिलान्तर्गत चौतरवा थाना के विभिन्न कांडों के फरार,ईनामी अपराधी है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। एसपी सुशांत सरोज द्वारा गठित एसआईटी टीम नें जेदारपलयम थानानामागिरीपेटई जिला नामक्कल (तमिलनाडू) में स्थानीय पुलिस के सहयोग से धर दबोचा है ।बताया जा रहा है की चौतरवा थाना कांड सं0-87/24 के फरार और चौतरवा थाना कांड सं0-88/24 के वांछित अपराधी को मानवीय व तकनीकी सहयोग से विधिवत गिरफ्तार किया गया है ।पूछताछ के क्रम में उसने कई कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और अन्य अपने साथी अपराधकमीर्यों के बारे में जानकारी दी है। बतादें की फरार अपराधी फखरे आलम के विरूद्ध 25000/ रू० का सरकार नें ईनाम घोषित किया था। लिहाजा गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मियों को एसपी नें पुरस्कृत करने की जानकारी दीं है ।गौरतलब हों की 24.03.2024 को चौतरवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हमीरा कोट माई स्थान के नजदीक गोरखपुर के मुर्गा व्यवसायी पिकअप वाले को हथियार से लैश होकर मोटरसाईकिल से पिछाकर अपराधियों द्वारा पिकअप भैन के दोनों तरफ से गोली बारी कर चालक एवं खलासी दोनों को गोली मारकर जख्मी करनें के बाद लूट-पाट की घटना की गयी थी। घटना में शामिल अन्य अपराधियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था जबकि शातिर अपराधी शेख बरकत उर्फ फकरे आलम गिरफ्तारी के डर से तमिलनाडु में छुपकर रह रहा था। जिसके विरूद्ध कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गयी थी इसके बावजूद ये फरार चल रहा था। लिहाजा गृह विभाग नें गिरफ्तारी के लिए 25000 हजार रुपए का ईनाम घोषित था। अब पुलिस गिरफ्तार अपराधी फखरे आलम की आपराधिक इतिहास और उसकी कुंडली खंगालने के साथ आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# सदर प्रखण्ड के जिला विधिक सेवा प्राधिकार का जागरुकता शिविर आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

डोरीगंज-सदर प्रखण्ड के जलालपुर पंचायत मे अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश मे विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता बेदार वख्त ने आपता सहित विभिन्न कानुनी पहलुओं चर्चा करते हुए लोगो को जागरुक किया । इसमे उन्होंने ने बताया कि किस प्रकार हम विभिन्न परिस्थितियों मे प्रशासन एवं न्यायालय से मदद ले सकते है । इस अवसर पर मुख्य रुप से स्थानीय सरपंच नीतु देवी , दयानन्द प्रसाद उत्पल कान्त , सुबोध कुमार , प्रो रजनीश कुमार , शोभनाथ राय , आनन्द कुमार , भुषण कुमार , नासीर हुसैन , विन्देश्वर प्रसाद , प्रमोद कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

# स्व पुनीत राय की 21वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता



अमनौर भेल्दी थाना क्षेत्र के तकेया गांव में स्वर्गीय पुनीत राय की 21वीं पुण्यतिथि रविवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा) शाखा के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने की ।इस समारोह में क्षेत्र के कई शिक्षाविद समाजसेवी बुद्धिजियो उपस्थि हुए। समारोह में पुनीत राय के तैल चित्र पर माल्यार्पण और भेल्दी चौक स्थित कबीर पंथी समुदाय द्वारा स्मारक स्थल पर माल्यार्पण सह पुष्पांजलि अर्पित किया गया। वक्ताओं ने पुनीत राय के व्यक्तित्व और कृतित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।पुनीत राय के पुत्र रमेश प्रसाद यादव (पूर्व मुखिया) ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। पुनीत राय ने अपने कार्यकाल में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समारोह में उपस्थित लोगों ने पुनीत राय को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके कार्यों को याद किया ।इस मौके पर दार्शनिक सुरेश बाबा महाराज पूर्व मुखिया सह प्रदेश उपाध्यक्ष बिहार इप्टा रमेश कुमार यादव, पूर्व प्राचार्य प्रो. रामप्रवेश पंडित, महेश कुमार यादव, डॉ नागेंद्र शर्मा, इप्टा सचिव वकील राय, आरजेडी प्रवक्ता वीरेंद्र तिवारी, राजद नेता डॉ अरुण कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट सम्मिट वेव्स शिखर सम्मेलन में रेडियो मयूर ने जीता राष्ट्रीय पुरस्कार

छपरा कार्यालय। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट सम्मिट वेव्स शिखर सम्मेलन का चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मुंबई में किया गया जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया । इस आयोजन में दुनिया भर के ऑडियो विजुअल कंटेंट क्रिएटर्स, सिनेमा , पॉडकास्ट, रेडियो आदि जगत के लोगों ने भाग लिया । इसी कार्यक्रम के दौरान आठवां सामुदायिक रेडियो सम्मेलन और 10 वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार की घोषणा की गई । देश भर से लगभग 500 कम्युनिटी रेडियो ने इसमें भाग लिया । इसी आयोजन में बिहार के सारण जिला अंतर्गत छपरा शहर के रेडियो मयूर को प्रथम पुरस्कार दिया गया। जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है । रेडियो मयूर को ये पुरस्कार थीमेटिक कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार के रूप में दिया गया । रेडियो मयूर पर महिलाओं के जागरूकता के लिए एक प्रोग्राम टेक सखी चलाया गया था जो महिलाओं के डिजिटल सेफ्टी के ऊपर आधारित था। रेडियो मयूर के स्टेशन हेड कहते हैं कि, हम 9 साल से काम कर रहे हैं और समाज में एक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं । रेडियो के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कर मिलना अपने आप में एक सौभाग्य की बात है । ये एक तरह से हमारे लिए हमें और भी बेहतर काम करने को प्रेरित करेगा। पुरस्कार सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री एल मुरुगन द्वारा प्रदान किया गया । इस अवसर पर आम जन ने रेडियो मयूर के इस उपलब्धि पर बधाई दी है ।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में विकसित जीनोम संपादित चावल की दो किस्मों का किया लोकार्पण

## भारत जीनोम संपादित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहला देश बना

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के नई दिल्ली स्थित भारत रत्न सी सुब्रह्मण्यम ऑडिटोरियम, एनएएससी कॉम्प्लेक्स में, देश में विकसित विश्व की पहली दो जीनोम संपादित चावल की किस्मों का लोकार्पण किया और वैज्ञानिक शोध की दिशा में नवाचार की शुरूआत की। बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों और किसानों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दोनों किस्मों के अनुसंधान में योगदान करने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित किया। डीआरआर धान 100 (कमला) के अनुसंधान में योगदान के लिए डॉ. सत्येंद्र कुमार मंग्राउथिया, डॉ. आर.एम सुंदरम, डॉ. आर. अब्दुल फियाज, डॉ. सी. एन. नीरजा और डॉ. एस. वी. साई प्रसाद तथा पूसा डीएसटी राइस के लिए डॉ. विश्वनाथन सी, डॉ. गोपाल कृष्णनन एस, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. शिवानी नागर, डॉ. अर्चना वत्स, डॉ. रोहम रे, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. प्रांजल यादव व अन्य संयोजकों जिसमें श्री राकेश सेठ, श्री ज्ञानेन्द्र सिंह और श्री सत्येंद्र मंग्राउथिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का विकसित भारत का संकल्प पूरा हो रहा है और किसान समृद्धि की ओर बढ़ रहे है। आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री जी ने कृषि की चुनौतियों से निपटने के लिए किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान किया था, उन्हीं के शब्दों को प्रेरणा का रूप देते हुए आईसीएआर के वैज्ञानिकों ने नई किस्सों का इजाद कर कृषि क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि अर्जित की है।

उन्होंने कहा कि इन नई फसलों के विकसित होने से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, साथ ही पर्यावरण के संदर्भ में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। इससे ना केवल सिंचाई जल में बचत होगी, बल्कि ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन से पर्यावरण पर पड़ने वाले दबाव में भी कमी आएगी। यानि आम के आम और गुठलियों के दाम के समान लाभ पहुंचेगा।

श्री चौहान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था जय जवान, जय किसान, उसमें आगे अटल जी ने जोड़ा जय विज्ञान और हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने जोड़ा जय अनुसंधान। श्री चौहान ने कहा कि आने वाले समय में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, पोषणयुक्त उत्पादन बढ़ाने और देश के साथ-साथ दुनिया के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था करते हुए भारत को फूड बासकेट बनाने के ध्येय से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें गर्व हैं कि हम बेहतरीन काम कर रहे हैं, वैज्ञानिक बधाई के पात्र भी है, उन्नत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हम 48 हजार करोड़ का बासमती चावल बाहर निर्यात कर रहे हैं।केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि सोयाबीन, अरहर, तूअर, मसूर, उड़द, ऑयल सीड की किस्मों सहित दलहन और तिलहन के उत्पादन की दिशा में वृद्धि के लिए हमें और आगे कदम बढ़ाना होगा।

श्री चौहान ने यह भी कहा कि हमें माइनस 5 और प्लस 10 के फॉमूर्ले को अपनाते हुए काम करना होगा। इस फॉमूर्ले का मतलब है 5 मिलियन (50 लाख) हेक्टेयर चावल का एरिया कम करना है

# मां काली एवं भगवान शिव, प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ भव्य जलयात्रा से हुआ



प्रातः किरण संवाददाता

तरारी। प्रखंड के सिकरहटा थाना अंतर्गत रन्नी ग्राम में मां काली एवं भगवान शिव,प्राण- प्रतिष्ठा-सह-श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 04/05/2025 को भव्य जलयात्रा से हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में हाथी, घोड़े, और ऊंट के अलावे हजारों की संख्या में नर-नारी, श्रद्धालुओं की आस्था वेमिशाल रही।यह यज्ञ,अनंत श्री समलंकृत श्री श्री 1008 श्री स्वामी श्री रंगनाथाचार्य जी महाराज,स्थानाधीश श्री तोताद्री मठ,लक्ष्मी नारायण मंदिर सोनवर्षा,चरपोखरी, भोजपुर एवं साकेतपुरी संत निवास प्रमोद वन श्रीअयोध्याजी के तत्वाधान में 04/05/2025 से 10/05/2025 तक सुसंपन्न होने जा रहा है जिसमें द्वारिका, काशी, अयोध्या तथा जहानाबाद के अंतर्राषट्रीय स्तर के भागवत कथा, शिव कथा, राम कथा वाचक प्रतिदिन श्रद्धालुओं को ज्ञान दान करेंगे।साथ ही प्रति दिन रात्रि 9 बजे से रामलीला का मंचन होगा। यज्ञ आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के रहने ,ठहरने , भोजन और पेय जल का उतम प्रबंध किया गया है ताकि किसी को किसी तरह की कठिनाई न हो।यज्ञ समिति के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद राय ने बताया कि यह अनुष्ठान पूरे एक सप्ताह तक अनवरत चलता रहेगा जिसमें प्रतिदिन 3.00 बजे दिन से भागवत कथा, शिव कथा तथा राम कथा का वाचन होगा और अंततः 10 मई को विधिवत पूणार्हुति होगी।ज्ञान यज्ञ का सभी भागवत प्रेमी लाभ उठावें।

# धर्म जागरण समन्वय द्वारा संत सम्मेलन के लिए किया गया बैठक का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । धर्म जागरण समन्वय द्वारा 4 मई को सरस्वती शिशु मंदिर, सिंगही, आरा में बैठक किया गया।बैठक में आरा जिला एवं बक्सर जिला के कार्यकर्ता एवं सहयोगी उपस्थित थे।बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जून,2025 को आरा नगर में संत सम्मेलन किया जायेगा।इस सम्मेलन में बक्सर एवं आरा जिला के साधु-संत,पुजारी-पुरोहित, ओझा, भगत को आमंत्रित किया जायेगा।बैठक में धर्म जागरण समन्वय, दक्षिण बिहार के सह संयोजक अरुण जी,विभाग संयोजक श्रीमन नारायण जी,बक्सर जिला के संयोजक रजनीकांत जी, जिला प्रमुख श्रीमती मिथिलेश जानकी,आदित्य जैन जी,विभु जैन जी,रोहित सिंह, विभु सिंह , अरिहंत विजय जैन, प्रतीक चंद्रवंशी,अरुण साह,इस कार्यक्रम के संयोजक श्री अजय सिंह बनाये गये हैं।,कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी श्री रोहित सिंह को दी गयी है।सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 129 वर्षीय योग गुरु शिवानंद जी का वाराणसी में निधन , शिक्षकों के बैठक में मौन धारण कर दी गई योग गुरू को श्रद्धांजलि

प्रातः किरण संवाददाता



आरा : राष्ट्रीय योग शिक्षक महासंघ के सदस्य सहयोग प्रशिक्षक डॉ संजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में रमना मैदान में पद्मश्री से सम्मानित 129 वर्षीय योग गुरु शिवानंद जी का शनिवार रात वाराणसी में निधन हो गया जिसका श्रद्धांजलि तथा योग शिक्षकों का एक बैठक किया गया। बैठक का शुरूआत शिवानंद महाराज को दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि देकर दिया गया, इसके पश्चात एक बैठक किया गया। बैठक में योग प्रशिक्षक को अंशकालीन से पूर्णकालिक करने की मांग रखी। साथ ही साथ जिला स्तर पर विजय प्रकाश सिंह को अध्यक्ष,दीपू कुमार को सचिव, अमर कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, नीतू कुमारी उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार उपसचिव कार्यकारी बनाया गया। बैठक के दौरान डॉ संजय सिंह ने बताया कि भारत ने एक अनमोल हीरा को खो दिया है। शिवानंद जी का जाना हमारे लिए काफी दुखद घड़ी है, मगर उनके विचार एवं व्यवहार हम सभी योगी अपने जीवन में उतारेंगे एवं आगे बढ़ने का काम करेंगे। वही सुधीर कुमार ने बताया कि हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। वह दीपू कुमार ने बताया कि हमें एक दूसरे के साथ देकर चलना होगा तभी हम अंशकालीन से पूर्णकालिक कर सकते हैं। मौके पर धर्मेंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार,पवन कुमार, रियाज खान, मुकेश कुमार, स्वरूप कुमारी, डॉ गणेश कुमार सिंह, पंकज कुमार ,रोशन कुमार यादव, बृजमोहन चौधरी, राजीव कुमार सिंह, अर्चना कुमारी, शशि भूषण सिंह, अनीश कुमार सिंह, विजय प्रकाश सिंह, किशन कुमार ,पंकज कुमार, नितेश कुमार पांडे, पवन कुमार सिंह, चंद्रकांत, चंदन, पूनम कुमारी, रितु कुमारी, नीतू कुमारी, अवधेश कुमार, रोहित कुमार, राम, मुकेश कुमार, शिव बिहारी राम सहित अन्य योग पर शिक्षक मौजूद रहे।

# बाबा भोले नाथ मंदिर का नवनिर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

संदिया । छोटकी संदिया में बाबा भोले नाथ मंदिर का नवनिर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ किया जा रहा है जिसका कलश शोभा यात्रा छोटकी संदिया से रतनपुर ,रामनगर टोला,चकिया,रतनदुलारपुर होते हुए मझौवा नदी में जलभरी करते हुए पुनः यज्ञ स्थल छोटकी संदिया पर वापसी हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरेंद्र प्रसाद यादव मुखिया संदिया,राजेश्वर पासवान जिला अध्यक्ष लोजपा रामविलास भोजपुर, राजनारायन यादव,रमेश प्रसाद,प्रेम कुमार,रमेश यादव,शशि यादव,जमुना गौड़ ,राजकुमार सरपंच,बेबी देवी जिला परिषद आरा मध्य,हरिफन यादव,जय प्रकाश यादव पूर्व मुखिया,जय लाल यादव पूर्व प्रमुख आरा सदर,केदार राय,प्रो रमेश सिंह यादव आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

# कॉग्रेस द्वारा हर घर कॉग्रेस का झंडा कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ

## नगर के सभी वार्डो में घर -घर जाकर पार्टी का झंडा लगाने का काम करेंगे::प्रभारी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मनोज कुमार अंजनी की अध्यक्षता एवं हर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम के नगर प्रभारी डॉ०श्रीधर तिवारी की गरीमामयी उपस्थित मे शुभारम्भ किया गया । हर घर झंडा कार्यक्रम मे उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं वरिष्ठ कांग्रेसीयो को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ० श्रीधर तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम के तहत हम नगर के सभी वार्डो मे घर घर जाकर पार्टी के झंडा लगाने का काम करेगे और डबल इंजन की सरकार कि कमर तोड महागाइ, बढती बेरोजगारी, पलायन पर सरकार के नकामियो का उजागर करेगे ।अपने अध्यक्षीय सम्बोधन मे नगरध्यक्ष मनोज कुमार अंजनी ने कहा कि आज हम आरा नगर के वार्ड संख्या 38 मे कार्यक्रम का शुभारंभ किए हर दिन हम अपने कार्यकर्ताओ के साथ हर घर झंडा कार्यक्रम जारी रखेगे ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक यादव ने कहा कि आरा नगर मे यह कार्यक्रम का शुभारंभ ही सफल रहा वार्ड 38 के आम जनता अपने मन से आकर कांग्रेस का झंडा अपने अपने घर पर लगा रहे है।

इससे यह साबित होता है कि यह कार्यक्रम सफल रहा, बिहार स्टेट बार काउंसिल के सदस्य पन्नग कुमार त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबो यह यह धर्म कि कि पार्टी के हर संदेश को हम बुथ स्तर तक के लोगो तक पहुंचाए, लोगो के उत्साह देखकर यह लगता है कि देश और बिहार से डबल इंजन कि सरकार फेल है आगामी बिहार विधान सभा चुनाव मे लोगो ने बदलाव का मन बना लिया है ।हर घर झंडा कार्यक्रम मे सुरज कुमार, पवन कुमार, अजय कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, धर्मराज पासवान, धनशयाम चौधरी, मो कौशर, अर्जुन राम, कृष्णा कुमार, मनीष कुमार, डब्लू श्रीवास्तव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिए ।

# जदयू बिहार प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का किया जा रहा है आयोजन:विनोद यादव



गया ।6 एवं 7 मई 2025 को बोधगया में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनता दल यू के द्वारा प्रस्तावित है। अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यू के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि बोधगया में पार्टी के दो दिवसीय कार्यालय में सभी प्रदेश प्रवक्ता गण व जिला प्रवक्तागण, मीडिया पैनल लिस्ट, आईटी टीम, मीडिया सेल के प्रदेश पदाधिकारी गण एवं सभी जिला अध्यक्ष गण मुख्य रूप से भाग लेंगे। कुमार ने बताया कि पार्टी द्वारा दी गई स्लोगन 2025- 225 और फिर से नीतीश को हासिल करने के लिए बारीकी तौर से सभी तरह से तैयारी की जा रही है। नीतीश सरकार के कल्याणकारी व विकासात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक अच्छी पहल कार्यशाला के माध्यम से होगी। अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ आए अतिथि का स्वागत करेगी।

# देशी कट्टा व जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



गडहनी। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटी गाँव से गडहनी पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक रणवीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक युवक शनिवार की रात मे कट्टा लहराते हुए गांव मे घुम रहा था।सूचना की पुष्टि करने हेतू पुलिस बल सिकटी पहुंची तो पाया कि युवक गांव की गलियों मे देशी कट्टा लहराते हुए घुम रहा था शायद किसी घटना को अंजाम देने के फिराक मे था।पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा जिसे पुलिस की टीम ने धर दबोचा।गिरफ्तार अभियुक्त सिकटी निवासी बिनोद कुमार पाण्डे का पुत्र अमृतेश कुमार है जिसके पास से एक देशी कट्टा, दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।उक्त अभियुक्त के बिरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेजा गया।

# मंगोलापुर मठिया शिवमंदिर में रुद्र महायज्ञ के लिए हुई जलभरी

जलालपुर। प्रखंड के मंगोलापुर मठिया शिव मंदिर पर आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ के लिए रविवार को जलभरी की गई जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। कलशयात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर जलालपुर पोखरा पर पहुंची जहां पूजा अर्चना के बाद जलभरी कर यज्ञस्थल तक कलश लाया गया। यज्ञ का आयोजन 10 मई तक किया जाएगा। कलशयात्रा में पंडित अभिजीत मिश्रा, गौतम तिवारी, काशी तिवारी, उमेश तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, शैलेश तिवारी, मंजू तिवारी, मिथिलेश तिवारी, टुनटुन तिवारी अमित तिवारी, पवन तिवारी, बीडीसी राजन तिवारी, वार्ड सदस्य दीपक आदि थे।

# भोजपुर जिला के विख्यात तबला वादक लाल बाबू निराला बने जिले के प्रथम ड्रॉक्टरेट उपाधि प्राप्त तबला वादक

प्रात : किरण संवाददाता



ज्ञात हो की जिला के विख्यात तबला वादक लाल बाबू निराला उर्फ निरालाजी को राजा मानसिंह तोमर विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा पी.एच.डी. मानक उपाधि प्रदान की गई ' इनका शोध तबला वादन पर भूमंडलीकरण के प्रभाव के लिए प्रादन किया गया। अपने शोध में तबला के नये गणितीय सुत्र को स्थापित किया है। ज्ञात हो की ड्रॉ निराला नेट क्वालीफाई , नेशनल स्कॉलरशिप प्राप्त है एवं इनके कई लेख इंटनेशनल जनरल में प्रकाशित हो चुके है। इन्हों तबला की शिक्षा बनारस घराने के पं. गोविन्द चक्रवर्ती से नईदिल्ली संगीत नाटक टेकाडमि के घटक कत्थक केन्द्र, पं.लच्छू महाराज, स्वामी राम किशोर दास व पं. देवनंदन मिश्र से प्राप्त की है। पुरे देश में इन्होंने तबला का कार्यक्रम किया है जिनमें -मैसूर, नई दिल्ली, बनारस, भोपाल, कटनी, कानपुर इत्यादि है। पटना रेडियो व दूरदर्शन से भी इनका कार्यक्रम प्रसारित हुआ है ' तबले के क्षेत्र में जिले के प्रथम तबला वादक है जिन्हें ड्रॉ की उपाधि प्राप्त हुई । अभी बिहार सरकार के इंटर स्कूल पूर्णिया मे संगीत की शिक्षा प्रदान कर रहे है 'सफलतम शोध का श्रेय अपने गुरु, रीवा के गाइड डॉ नागेश त्रिपाठी, स्व.माता, पिता - बलेश्वर सिंह व पत्न
ी डॉ. श्वेता यादव को देते है ' शहर के कई संगीतज्ञनों ने इनके सम्मान के लिए बधाई दी है।

# चंड़ी वाहिनी के पटना जिला अध्यक्ष बनी ललिता देवी



पटना। चंडी वाहिनी संस्था के पटना जिला अध्यक्ष ललिता देवी को बनाया गया। उक्त जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी शिवम्जी सहाय ने दी।

उन्होंने बताया कि -चंडी वाहिनी की संस्थापिका-सह-राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्पणा बाला ने संस्था के कार्यालय में ललिता देवी को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर कर स्वागत की और उन्हें पटना जिला अध्यक्ष मनोनयन पत्र दी।

श्री सहाय ने बताया कि अर्पणा वाला जो राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान की संस्थापिका-सह-सचिव भी है, ने उक्त अवसर पर उस क्षेत्र मे सिलाई केन्द्र एवं विद्यालय प्रारम्भ करने की घोषणा की।उन्होंने बताया कि चंड़ी वाहिनी के पटना जिला अध्यक्ष मनोनीत होने वाले ललिता देवी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मैं चंड़ी वाहिनी के नियमावली के अनुरूप संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में और साथ ही इसके उद्देश्य और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, हर संभव प्रयास करूंगी।श्री सहाय ने बताया कि उक्त अवसर पर राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान की पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यशील इकाई पर्यावरण संरक्षण फोरम की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला पाण्डेय एवं मंजू देवी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# आपका शहर आपकी बात के तहत भलुहीपुर मोहल्ला में लगाया गया शिविर

## मोहल्ले वासियों ने महापौर एवं नगर आयुक्त को अपनी समस्याओं से कराया अवगत



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नगर निगम के द्वारा ह्लआपका शहर आपकी बात के तहत रविवार को शहर के वार्ड नंबर-30 भलुहीपुर मुहल्ला में शिविर लगाया गया। जिसमें मोहल्ले वासियों ने अपनी समस्याओं से महापौर इंदु देवी और उपनगरआयुक्त कोमल कुमारी को अवगत कराया। क्षेत्र वासियों ने उत्साह पूर्वक अपनी सड़क, नाला, राशन कार्ड, लाइट, पेयजल तथा प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित, सुझाव व आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर इंदु देवी ने कहा कि मोहल्ले वासियों की समस्याओं को सुनने के लिए यह शिविर लगाया जा रहा है, जो विगत 22 अप्रैल से शुरू है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करना हमलोगों की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जितने भी मामले आ रहे हैं, उसका निदान जरूर होगा।सदर अनुमंडलाधिकारी रश्मि सिन्हा ने बताया राशन कार्ड संबंधित जो भी समस्याएं आ रही है। आवेदन पत्र के साथ लिखकर मेरे ऑफिस में भेजिए, उसे जल्द सॉल्व किया जाएगा। उपनगर आयुक्त कोमल कुमारी ने कहा कि नगर विकास के द्वारा यह शिविर लगाया गया है। इतने दिनों में बहुत सारी समस्याएं आई, उन समस्याओ का प्राथमिकता के अधार पर त्वरित निदान भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर संभव प्रयास किया जा रहा है और संबंधित वार्ड पार्षद से बातचीत करके समस्या का निदान किया जाएगा। इस मौके पर उप नगर आयुक्त कोमल कुमारी, सहायक अभियंता (यांत्रिक) श्री सुनील कुमार रविदास, सफाई प्रभारी विकास कुमार, वार्ड-30 की पार्षद अनीता देवी, पार्षद प्रतिनिधि पिंटू साह, निगम पर कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार, मोहित कुमार एवं स्थानीय लोगों में विवेक कुमार, राजेश चंद्रवंशी, विपुल कुमार, प्रकाश कुमार, सोहन साहू, मनमोहन गुप्ता, सिकंदर कुमार, फूल कुमारी, रवि यादव, विनीता देवी, सुख पाठक कुमारी, अभिनय कुमार, बिट्टू कुमार, पप्पू कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# बंगला स्थान से भव्य रूप में मनाई जाएगी बंगलामुखी जंयती



प्रात : किरण संवाददाता

गया ।वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को बगलामुखी जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मां बगलामुखी की पूजा का विशेष महत्व है ।ऐसा माना जाता है कि बगलामुखी जयंती के दिन मां बगलामुखी की पूजा करने से जीवन के संकटों का निवारण होता है और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है. आइए जानते हैं। गया बगला स्थान के पुजारी ,सोरभ मिश्रा, नागेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कि इस वर्ष बगलामुखी जयंती कब है ।इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है और इसका महत्व क्या है।

### मां बगलामुखी जयंती

इस वर्ष यानी 2025 में मां बगलामुखी जयंती 5 मई को सोमवार के दिन है।

### मां बगलामुखी की पूजा का महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां बगलामुखी की पूजा दस महाविद्या में से एक मानी जाती है। इस कारण से, देश के विभिन्न राज्यों में इन्हें बुद्धि की देवी के रूप में पहचाना जाता है। मां बगलामुखी की पूजा विशेष रूप से न्यायालयों में सफलता और शत्रुओं से मुक्ति के लिए की जाती है. देवी को बगलामुखी, पीताम्बरा, बगला, वल्गामुखी, वगलामुखी, और ब्रह्मास्त्र विद्या जैसे विभिन्न नामों से भी जाना जाता है।

बगलामुखी जयंती देवी बगलामुखी के प्रकट होने के दिन के रूप में मनाई जाती है, जो दस महाविद्याओं में से आठवीं महाविद्या हैं। मां बगलामुखी को शक्ति और विजय की देवी माना जाता है. उनका स्वरूप शत्रुओं का नाश करने वाला और नकारात्मक शक्तियों को पराजित करने वाला है ।इस दिन मां बगलामुखी की पूजा करने से बुरी शक्तियों, काली नजर, और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है, साथ ही शत्रुओं द्वारा रची गई षड्यंत्रों से भी छुटकारा मिलता है और विजय की प्राप्ति होती है.

# कुर्था में हुआ महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) महिला सशक्तिकरण महिलाओं को विभिन्न सामाजिक समस्याओं के माध्यम से जीवन-निर्धारण निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाता है। राष्ट्र, व्यवसाय, समुदाय और समूह महिला सशक्तिकरण की धारणा को अपनाने वाले कार्यक्रमों और नीतियों को लागू करने से लाभान्वित हो सकते हैं। इसी कड़ी में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित महिला संवाद मील का पत्थर साबित हो रहा हैं अरवल जिले के विभिन्न प्रखंडों के कुल 155 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजन संपन्न हो चुका है। विभिन्न गाँवों में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में अब तक कुल 47 हजार से ज्यादा महिलाएँ हिस्सा ले चुकी हैं। आयोजन में शामिल महिलाओं को विडियो फिल्म के माध्यम से सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया जा रहा है। साथ ही खुले संवाद कार्यक्रम में अपनी मन की आकांक्षाओं को सरकार से साझा कर रही हैं। लोगों की आकांक्षाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि की जा रही है। जिसके आधार पर सरकार इसके समाधान के लिए अपनी नीतियों में इसका समावेशन करेगी। यही कारण है कि महिला संवाद कार्यक्रम सरकार की दूरगामी सोच का परिचायक है, जिसके माध्यम से नई नीतियों के निर्माण में जन आकांक्षाओं को जगह मिलेगी।

विकास को लेकर महिलाओं की आकांक्षाओं में सुंदर और स्वच्छ गाँव के साथ-साथ शिक्षण-प्रशिक्षण और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों का सृजन जैसे विषयों को स्थान मिल रहा है। गाँव में गंदे पानी की निकासी की मुकम्मल व्यवस्था चाहती हैं तो नल-जल-योजना की सराहना करते हुए इसमें थोड़ी सुधार की भी मांग करती है। वे चाहती हैं कि रोजगार के लिए उनके बच्चे दूर प्रदेश न जाएं बल्कि स्थानीय स्तर पर ही रोजगार की व्यवस्था हो। सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएँ स्वरोजगार और उद्यम के क्षेत्र में कदम बढ़ा रही है। अब उनकी मंशा पूरे आसमां में उड़ान भरने की है। महिलाओं की मंशा को टटोलने की कोशिश के लिए अरवल जीविका के प्रत्येक ग्राम संगठन स्तर पर महिला संवाद का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुर्था प्रखंड मुख्यालय में महिला संवाद का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार के अलावे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के महिलाओं ने संवाद में भाग लिया और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं ने सरकार को धन्यवाद दिया और अपनी अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त किया संवाद के दौरान महिलाओं ने गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थापना, जीविका भवन का निर्माण, नली नालों की मरम्मत, रखी हैं संवाद में कुर्था प्रखंड परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार कृष्ण, जीविका ग्राम संगठन जयप्रकाश, अमरजीत कुमार, अमित देवी, खुशबू कुमारी, अमित कुमार, रविंद्र कुमार, मुन्ना कुमार रघु कुमार अंजली कुमारी मुनमुन कुमारी, सीमा कुमारी, ज्योति कुमारी समेत कई महिलाएं शामिल थे।

# राजगीर और किउल के मध्य चलायी जा रही 03266/03265 स्पेशल ट्रेन का मार्ग विस्तार, अब यह स्पेशल चलेगी राजगीर और खगड़िया के मध्य




प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर नटेसर-तिलैया-नवादा-वारिसलीगंज के रास्ते गाड़ी सं. 14223/14224 वाराणसी-राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस के रेक द्वारा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, बुधवार, गुरूवार एवं शनिवार को राजगीर और किउल के मध्य गाड़ी सं. 03266/03265 राजगीर-किउल-राजगीर स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है ।

अब दिनांक 06.05.2025 से 31.05.2025 तक सप्ताह में चार दिन मंगलवार, बुधवार, गुरूवार एवं शनिवार को इस स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे राजगीर और खगड़िया के मध्य चलाया जाएगा। गाड़ी सं. 03266 राजगीर-किउल-खगड़िया स्पेशल राजगीर से 06.10 बजे खुलकर 06.30 बजे नटेसर, 07.15 बजे तिलैया, 08.03 बजे नवादा, 08.28 बजे वारिसलीगंज, 09.00 बजे शेखपुरा रूकते हुए 10.10 बजे किउल पहुंचेगी तथा किउल से यह 10.15 बजे खुलकर 10.36 बजे अभयपुर, 10.52 बजे जमालपुर, 11.40 बजे मुंगेर रूकते हुए 13.00 बजे खगड़िया पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03265 खगड़िया-किउल-राजगीर स्पेशल खगड़िया से 14.00 बजे खुलकर 14.55 बजे मुंगेर, 15.22 बजे जमालपुर, 15.58 बजे अभयपुर रूकते हुए 16.53 बजे किउल पहुंचेगी तथा किउल से 16.58 बजे खुलकर 17.25 बजे शेखपुरा, 18.00 बजे वारिसलीगंज, 18.33 बजे नवादा, 19.00 बजे तिलैया, 20.20 बजे नटेसर रूकते हुए 21.25 बजे राजगीर पहुंचेगी ।

# बिजली चोरी को लेकर पांच लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी, लगाया गया 117546 का जुमार्ना

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के निर्देश पर बिजली चोरी को लेकर चलाया जा रहे हैं छापेमारी अभियान के तहत विद्युत विभाग के कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार के नेतृत्व में ने कुर्था थाना क्षेत्र के ढोढरा गांव में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया इस दौरान पांच लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार के बयान पर दर्ज की गई साथ ही उन उपभोक्ताओं पर जुमार्ना भी लगाए गए प्राप्त जानकारी के अनुसार ढोंढरा गांव निवासी कमलेश यादव पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज करते हुए 21795 रुपया का जुमार्ना लगाया है जबकि ढोढरा गांव निवासी सुबोध कुमार बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज करते हुए 16586 रुपया जुमार्ना लगाया है वही ढोढरा गाव निबासी बवन यादव पर 14065 रुपया,कुर्था निवासी रेशमी देवी पर 49762 रुपया ढोढ़रा गाव निबासी रियाजुद्दीन कुरैशी पर 15338 रुपया का जुमार्ना लगाया गया है छापेमारी अभियान में कन्या विद्युत अभियंता के अलावा मनोबल आशुतोष कुमार रंजय कुमार रंजीत कुमार समेत कई मानबबल शामिल थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स, को ले डीएम एवं एसएसपी ने यातायात, विधि-व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



गया। जिलाधिकारी, गया एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया द्वारा बिपार्ड खेल मैदान एवं आईआईएम खेल मैदान मे होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 के अवसर पर यातायात प्रबंधन, विधि-व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया गया है। बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 4 मई से 15 मई तक आयोजित किया जा रहा है।खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन दिनांक 04.05.2025 से 15.05.2025 तक गया जिला के बिपार्ड एवं क्क्ट बोधगया में निर्धारित है। गया जिला में सात खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना हैं, जिसमें बिपार्ड में तैराकी, खो-खो, थांगटा एवं गटका तथा आइ आइ एम बोधगया में मलखंम, कलारिपयट्टु, एवं योगासन खेल का आयोजन किया जायेगा।

गया में खिलाड़ियों का आगमन हो चुका है। आज खेल के अंतिम तैयारी का जायजा लेने जिलाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार सहित वरीय पदाधिकारियों के साथ बिपार्ड एवं आईआईएम पहुंचे और वहां उन्होंने प्लेग्राउंड, दर्शक दीर्घा, वेटिंग रूम, मीडिया कॉर्नर, प्लेयर्स रूम को देखा एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए हैं।


प्रत्येक द्वार पर गेट नंबर तथा उन प्रवेश द्वार से किनका प्रवेश होगा इसका सिगनेज लगवाने के निर्देश दिए हैं। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पदाधिकारी से बात की। आज खिलाड़ियों ने प्ले ग्राउंड में प्रैक्टिस भी किया है।

इसके बाद जिला पदाधिकारी ने गया जिले के तमाम संस्था, आर्गेनाइजेशन, इंस्टीट्यूशन, विभिन्न महाविद्यालय,स्कूली बच्चों एवं आदरणीय मोंक गण जो विभिन्न खेल देखने के प्रति रुचि रखते हैं इच्छा रखते हैं. वह डीपीएम अजय कुमार मोबाइल नंबर 8294270035 पर सम्पर्क करते हुए अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं, ताकि आपके खेल देखने संबंधित व्यवस्था कराई जा सकेगी।

# राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी में अर्चना चौधरी की कला कृति का हुआ चयन

- **प्रख्यात साहित्यकार महेंद्र मलंगिया की पुत्री अर्चना चौधरी लगभग 10 वर्षो से चित्रकला क्षेत्र में सक्रिय**

प्रातः किरण संवाददाता



पटनाः कला संस्कृति एवम युवा विभाग , बिहार के अन्तर्गत ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी में दरभंगा के पिंडारूच गांव की बहू अर्चना चौधरी की कला कृति का चयन हुआ है। 18 अप्रैल से 8 मई तक की इस प्रदर्शनी का उदघाटन मोतीलाल प्रसाद, माननीय मंत्री कला संस्कृति एवम युवा विभाग तथा इसी विभाग के सचिव प्रणव कुमार द्वारा 18 अप्रैल को किया गया था। इस प्रदर्शनी में लोककला, चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, रेखांकन तथा छापकला के कुल 118 कलाकृतियों का चयन हुआ है, जिसमें अर्चना चौधरी की मिथिला चित्रकला का भी चयन हुआ है। प्रख्यात साहित्यकार महेंद्र मलंगिया की पुत्री अर्चना चौधरी लगभग 10 वर्षो से चित्रकला क्षेत्र में सक्रिय है। इनके चित्रों की प्रदर्शनी बिहार ललित कला के कला मंगल श्रृंखला के अन्तर्गत लोक कला की प्रदर्शनी में, बिहार संग्रहालय के स्थापना दिवस समारोह, वैदेहीः सीता बेयोंड द बॉडी आर्ट एग्जीबिशन सहित कई प्रदर्शनियों में भी हुई है। इन्होंने पारंपरिक विषय सामा चकेबा, सीता स्यंवर, राजा सलहेस, छठ , मधुश्रावनी, रास आदि और वर्तमान विषयों जैसे त्रास, एसिड अटैक, पिता , वापसी जैसे चित्र बनाएं हैं। इसके अलावा इनके चित्रों की सराहना अन्य देशों में भी हुई है। अर्चना वर्तमान में पटना में रह रही हैं तथा मिथिला चित्रकला को प्रसारित करना तथा नए कलाकार तैयार करना इनका सपना है।

अर्चना आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को अलग से मिथिला चित्रकला सिखाती हैं।इनका मानना है कि मिथिला चित्रकला में रोजगार की भी अनंत संभावनाएं हैं। अर्चना चौधरी अपनी कला यात्रा का श्रेय बिहार सरकार में अधिकारी अपने पति गोपेश को देती है जिनका सहयोग हर पल मिलता है, और हंसते हुए बताती हैं कि पति के कविता संग्रह का आवरण भी अर्चना ने ही बनाया था।

# बिहार की विकास योजनाओं और कार्यक्रमों का अनुसरण आज पूरा देश कर रहा : वीरेन्द्र कुमार सिंह

## पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जारी है ग्राम जन संपर्क यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार की विकास योजनाओं और कार्यक्रमों का अनुसरण आज पूरा देश कर रहा है। बेटियों को साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति, महिलाओं को नौकरी में 33 फीसदी आरक्षण, हर घर जल का नल, हर घर को बिजली सहित अन्य क्षेत्रों में किये गये विकास कार्यों को केंद्र व दूसरे राज्यों की सरकारें अपना रही हैं। बिहार में वर्ष 2006 से पहले स्वयं सहायता समूहों की स्थिति काफी खराब थी। आज जीविका दीदियां कहां से कहां पहुंच गई हैं। खुद रोजगार से जुड़कर अन्य लोगों के लिए रोजगार का अवसर प्रदान कर रही हैं। बिहार की तर्ज पर ही केंद्र ने आजीविका शुरू की है। बिहार की तकदीर बदलने में जीविका दीदियों का काफी हाथ है। आज बिहार खुशहाल बन रहा है। अगला लक्ष्य बिहार को विकसित राज्य बनाने का है। केंद्र की सरकार भी बिहार को विकसित राज्य बनाने में मदद कर रही है। केंद्र ने हाल ही में जो बजट पेश किया है, उससे बिहार को विकास में मदद मिलेगी। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने रविवार को ग्राम जन संपर्क यात्रा के दौरान कही।

नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेलाई पंचायत में ग्राम जन संपर्क यात्रा किए। उन्होंने देवराज बीघा, चिरैली, बाना बीघा, पोखराहां, फेसरा, बड़वान, पोखराही, पांती, मोगलानी कर्मा, बनराही, बेलाई, अमौना, खिरी दयाल, भटवा भगली, बसडीहा, दानी बिगहा, कुशा पाण्डेय बीघा, ईटवा एवं दुखन बीघा, नोनिया बीघा गांव में ग्राम जन संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगहझजगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया।

यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य सूर्यवंश सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, जदयू युवा नेता रंजीत सिंह, पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य महावीर कुशवाहा, उप सरपंच प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश सिंह, बिगु सिंह, ललन सिंह, अमेरिका साव, रामजन्म सिंह, रविंद्र सिंह, जालंधर सिंह, फेकन राम, गुड्डू राम, सुनील सिंह, विजय सिंह आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम जन संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# दक्षिण बिहार प्रांत के सक्षम, गया जिला इकाई ने मनाया महा कवि संत शिरोमणि सुरदास जयंती पखवाड़ा

प्रातः किरण संवाददाता

गया, बिहार । समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) परिवार, दक्षिण बिहार प्रांत, गया जिला इकाई, गया ने चाँद चौरा स्थित आस्था उत्सव भवन में महा कवि संत शिरोमणि सुरदास जयंती पखवाड़ा दिवस मनाया गया है।

जयंती पखवाड़ा दिवस समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए गया के वरिष्ठ उप जिला कलेक्टर अभिषेक आनंद, दक्षिण बिहार प्रांत के अध्यक्ष तथा शहर के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ० अभय सिम्बा , विशिष्ट अतिथि अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज गया के सीनियर रेजिडेंट डॉ देवाशीष यारी, गया महानगर के संघ चालक देवनाथ मेहरवार , प्राणदा प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार त्रिपाठी, सक्षम के संरक्षक महेंद्र प्रसाद वर्णवाल, गया जिला अध्यक्ष अभिषेक राज, सचिव डॉ रामानुज महाराज इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के उपरांत संत के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि तथा मल्यार्पण कर किया है। तदुपरांत आगंतुक सभी अतिथियों को मल्यार्पण कर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है। इसके बाद संगठन गीत एवम मंत्र के साथ आए हुए अतिथियों के उदबोधन कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया है। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गया के वरिष्ठ उप जिला कलेक्टर अभिषेक आनंद ने कहा कि सूर उच्चकोटि के भक्त थे। भक्त होने के साथ ही वे एक सिद्ध कवि भी थे। उनकी भक्ति में कवि-सुलभ कल्पना का स्वाभाविक योग है। वहीं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अभय सिम्बा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार गुलाब को फूलों का राजा माना जाता है, उसी प्रकार मैं साहित्यकारों में भक्त शिरोमणि सूरदास को कवियों का शिरोमुकट मानता हूँ। पाँच सौ वर्ष बीत जाने पर उनकी कविता आज भी काव्य-रसिकों को रसमग्न करती है और भक्तों को भाव-विभोर करती है।

गया महानगर संघचालक देवनाथ मेहरवार जी ने कहा कि साधुओं की संगति और ईश्वर-प्रदत्त अपूर्व प्रतिभा के बल पर ही उन्होंने बहुत ज्ञान प्राप्त कर लिया। वे मस्ती के क्षणों में वैरागी सूर अपना तानपूरा छेड़कर गुनगुनाया करते थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारे डॉ देवाशीष यारी ने कहा कि सूरदास जी वात्सल्य रस के सम्राट माने जाते हैं। उन्होंने श्रृंगार और शान्त रसों का भी बड़ा मर्मस्पर्शी वर्णन किया है। वहीं प्राणदा प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सूरदास के कृष्ण तो सौन्दर्य, प्रेम और लीला के अवतार हैं। वे तो सूरसागर में भगवान्-कृष्ण की बाल-लीलाओं एवं बालप्रकृति का सूक्ष्म निरीक्षण और विवेचन किया है।

बाल-लीलाओं का जितना स्वाभाविक एवं सरस चित्रण सूरदास कर सके हैं, उतना हिन्दी का कोई अन्य कवि नहीं कर सका।सक्षम के गया जिला सचिव तथा सक्षम संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ रामानुज महाराज ने सुरदास के बारे में बताते हुए कहा कि कालांतर में सूरदास को भगवान श्रीकृष्ण के भक्त और सगुण भक्ति में प्रथम स्थान दिया गया है। सूरदास बचपन से ही गायन और संगीत में रुचि रखते थे।

इन्होंने कई ऐसी काव्य रचनाएं की हैं, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल की लीलाओं का वर्णन किया है। उनके नेत्र नहीं होते हुए भी वे श्री कृष्ण का दर्शन करते थे। नारी शक्ति के रूप में पधारी मिसेल ने कहा कि सूरदास वात्सल्य और श्रृंगार के कवि हैं।

# आम लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए लगाया गया विशेष स्टॉल

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के महिला विंग द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। आम जनता को राहत पहुंचाने हेतु संगठन ने एक विशेष स्टॉल का आयोजन किया, जहाँ सत्तू, लेमन वाटर एवं ठंडा पानी चना आम झोरा बिस्कुट निःशुल्क वितरित किया गया है। इस सेवा कार्य का शुभारंभ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया है।डॉ. मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है और इस भीषण गर्मी में जरूरतमंदों को राहत देना एक आवश्यक कार्य है। उन्होंने महिला विंग की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश फैलाते हैं।इस सेवा सप्ताह के दौरान संगठन के कई सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने लोगों को ठंडा पेय उपलब्ध कराते हुए जनसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। राह चलते यात्रियों, रिक्शा चालकों, गरीब मजदूरों और बच्चों ने इस स्टॉल से लाभ उठाया और संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया संगठन की महिला सदस्यों ने पूरे उत्साह और समर्पण भाव से सेवा की, जिससे यह कार्यक्रम सफल रहा है। डॉ. मिश्रा ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में भी ऐसे जनसेवी कार्यों को संगठन के माध्यम से नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। महिला बिग की अध्यक्ष श्रीमती राखी अग्रवाल निर्मला देवी पूजा देवी रूपा देवी विद्या देवी रश्मि पुष्पा देवी कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव संतोष ठाकुर वार्ड पार्षद उपेंद्र कुमार सिंह दीपक चंद्रवंशी दीपक पांडे महेश यादव बबलू गुप्ता छोटू रजक आदि।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी द्वारा जरुरतमंदों के लिए प्याउ की व्यवस्था किया गया

गया। इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी ने ,गर्मी को देखते हुए ,चौक शिव मंदिर के पास प्याऊ की व्यवस्था की,ताकि आम लोगों को पेयजल से राहत मिल सकें। यह कार्यक्रम तीन महीने तक चलेगा ,और एक महिला को भी पानी पिलाने के लिए रखा गया है,ताकि उसे भी रोजगार मिले सके। क्लब द्वारा गर्मी को मद्देनजर रखते हुए, राहगीरों के बीच, खीरा, फ्रूटी,पानी की बोतल और छाता वितरित किया गया। कार्यक्रम के समय, अध्यक्षा मुक्ता अग्रवाल, पीपी प्रभा देवी, पीपी आशा मित्तल, पीपी गुंजन अग्रवाल, अनिता अग्रवाल और स्मिता नीलेश उपस्थित थीं , इसकी जानकारी क्लब एडिटर प्रीति कुमारी ने दिया है।

# व्यवसायिक प्रकोष्ठ कोंग्रेस जिलाअध्यक्ष द्वारा कोंग्रेस बिहार प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया

गया।गया में आयोजित संविधान बचाओ पद यात्रा आमसभा के मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार राम, सांसद तारिक अनवर , बिहार प्रदेश कांग्रेस ए आई सी सी प्रभारी सचिव सुशील पासी एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण को बाटा मोड़ पर डौल बाजा के साथ स्वागत करते नगर प्रखंड-1 अध्यक्ष केदार प्रसाद, नगर प्रखंड-3 अध्यक्ष धीरज वर्मा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष-बबलु कुमार एवं सैकड़ो में रहें महिलाओं व कार्यकताओं ने स्वागत में घण्टों रहें खड़े रहे।।

# 50 मरीजों का निःशुल्क चिकित्सीय उपचार किया गया

गया । रविवार सुबह 10बजे से 12 बजे तक जेरिएट्रिक क्लीनिक का आयोजन आई एम ए भवन बिसार तालाब गया में किया गया जिसमें 50 मरीजों का निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, शुगर जॉच, श्वास जांच, वजन एवं वी पी जांच किया गया है ।उपस्थित डाक्टर डा विजय कुमार करण शिशु रोग विशेषज्ञ, डा चन्द्रकिरण फिजिशियन,डा एम अशद फिजिशियन,डा अंजुला चर्म रोग विशेषज्ञ,डा अभय सिम्भा आंख, डा सुबोध कुमार नाक,कान एवं गला, डा दीपक कुमार मानसिक रोग विशेषज्ञ,डा सुघा कुमारी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा रोहित सिन्हा फिजियोथैरेपिस्ट, डा अभिषेक मृणाल दंत चिकित्सक। डा अभिषेक मृणाल के द्वारा निः शुल्क दांत निकाला गया है।

# टनकुप्पा गांव की महिला ने ससुराल वालों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप , प्रशासन से न्याय की गुहार

गया ।हमलोग जाति की दुहाई देकर एकजुट रहने की बात करते हैं। सभी समाज करते हैं ।विवाह भी अपने समाज में करने के लिए कहते हैं। करना भी चाहिए। लेकिन जब अपने जाति की लड़की बहू बनकर आती है और उसके साथ ससुराल वाले अत्याचार करते हैं तो परिवार का मामला कहकर उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। घटना दिनांक 02/05/2025 की है ।ग्राम टनकुप्पा, थाना कोंच,जिला गया की है। इस गांव के निवासी जो छपरा में कार्यरत हैं डॉ रत्नेश्वर सिंह एवं रीता सिंह अपने डॉ बेटा की शादी छपरा निवासी इकलौती डॉ लड़की से जिसके इंजीनियर पिता का देहांत हो चुका था, विवाह के तुरन्त बाद छपरा स्थित लड़की के मां का मकान अपने बेटे के नाम से कराने की शर्त पुरी करने के बाद ही बहु को घर में रहने की बात कही जाती है। शर्त पूरा नहीं होने पर उसपर चरित्रहीन का आरोप लगाकर घर से बाहर कर दिया गया है ।उसके बाद बेटे से डाइवोर्स का केस करा दिया गया जो कोर्ट में लंबित है। बहुत दिनों तक मायके में रहने के बाद डॉ बहू अपने ससुराल के पैतृक निवास टनकुप्पा सुबह 9 बजे से आई है। घर में ताला लगा हुआ है बाहर दो दिनों से बिना खाए पीए बैठी है। समाज के लोग न तो मानवता के आधार पर पानी खाना पूछे और न ही ताला तुड़वाकर घर के अंदर करवाये। सभी अपने छतों पर से तमाशबीन बने देख रहे हैं और मोबाइल से रिकॉर्ड कर रहें है। क्या इंसान इतना संवेदनहीन हो सकता है ।देखती हूं समाज के किस व्यक्ति को उस लड़की में अपनी बेटी और बहन की परछाई नजर आती है और वो उसकी मदद के लिए जाता है।

# पृथ्वीराज ट्रस्ट पहुंचे मंत्री नीरज कुमार बबलू, किया गया भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट पृथ्वीराज चौक ब्लॉक मोड के प्रांगण में बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार बबलू का आगमन हुआ। पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह, उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, वरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह चंद्रप्रकाश विकास,पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता रामभजन सिंह, सरपंच संघ के प्रांतीय नेता रविंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह,मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य सदस्यों द्वारा पुष्पहार एवं अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया।

पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल पहुंचने पर माननीय मंत्री द्वारा पृथ्वीराज चौहान एवं चंद्रवरदाई जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने मंत्री जी को बताया कि औरंगाबाद भारत का पहला जिला है जहां पृथ्वीराज चौहान के प्रतिमा के साथ-साथ चंद्रवरदाई जी की भी प्रतिमा लगी हुई है ।स्मृति स्थल पहुंचने पर मंत्री जी काफी हर्षित दिखे एवं उन्होंने आगामी महाराणा प्रताप जयंती पटना में होने वाले भव्य एवं दिव्य समारोह में सभी लोगों को आमंत्रित किया ।मौके पर जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंकज पासवान,रविंद्र कुमार रवि,राम सुरेश सिंह धनीबार के जितेंद्र कुमार सिंह,जयराम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।




# गाड़ी संख्या 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का जसीडीह और नवादा के मध्य ठहराव समय में संशोधन

हाजीपुर। जसीडीह और पुणे के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का जसीडीह और नवादा के मध्य तकनीकी कारणों से दिनांक 11.05.2025 से ठहराव समय में संशोधन किया जा रहा है ।

11 मई, 2025 से गाड़ी संख्या 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस जसीडीह से 20.30 बजे के बजाए संशोधित समयानुसार 21.45 बजे खुलेगी और 22.45 बजे झाझा, 23.30 बजे किउल रूकते हुए 00.33 बजे नवादा पहुंचेगी । गया और पुणे के मध्य समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेगा ।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 05 मई, 2025





## मल्टीबैगर स्टॉक ने तय किया रिकॉर्ड डेट

**नईदिल्ली।** बीते कुछ सालों के दौरान शेयर बाजारों में जिन कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उसमें राजस्थान ट्यूब मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड एक है। इस मल्टीबैगर रिटर्न देने वाले शेयरों का अब बंटवारा होने जा रहा है।




## 26 वाले इस शेयर ने दिया 325 प्रतिशत का तगड़ा रिटर्न

**नईदिल्ली।** फार्मा कंपनी सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज के शेयर सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रह सकते हैं। दरअसल, कंपनी ने बीते शुक्रवार को अपनी छमाही और वित्त वर्ष 25 के लिए नतीजे जारी दी है। मल्टीबैगर फार्मा स्टॉक 2 मई को 1.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ ?26.66 पर बंद हुआ था।



## एलआईसी ने टाटा ग्रुप की कंपनी के खरीदे 25 करोड़ शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलआईसी ने टाटा स्टील ( में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। रेगुलेटरी पर मौजूद जानकारी के अनुसार एलआईसी ने टाटा स्टील के 25 करोड़ शेयर खरीदे हैं। इस हिस्सेदारी बढ़ाने के बाद अब एलआईसी के पास टाटा स्टील का 7 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हो गया है।




**एलआईसी की टाटा स्टील में हिस्सेदारी 7 प्रतिशत के पार**– एक्सचेंज पर मौजूद जानकारी के अनुसार दिसंबर तिमाही तक टाटा स्टील में एलआईसी की हिस्सेदारी 5.83 प्रतिशत है। अब 2 प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़ाने के बाद 7.85 प्रतिशत हो गई है। फाइलिंग के अनुसार एलआईसी के पास टाटा स्टील के 728784890 शेयर थे। अब 2,51,266,188 शेयर खरीदने के पास एलआईसी की टाटा स्टील की हिस्सेदारी 9,80,051,078 शेयर हो गए हैं। बता दें, इस कंपनी में टाटा संस की हिस्सेदारी 31.80 प्रतिशत है।

### शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा?

पिछले 3 महीने के दौरान टाटा स्टील के शेयरों का भाव 6.28 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि, इसके बाद भी टाटा स्टील के शेयरों का भाव एक साल में 15 प्रतिशत गिरा है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स 7.90 प्रतिशत बढ़ा है। टाटा स्टील का 52 वीक हाई 184.60 रुपये और 52 वीक लो लेवल 122.60 रुपये है।

## जेनसोल इंजीनियरिंग की 6 महीने में पूरी होगी जांच, शेयर में मचा है हाहाकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष इकाई आईसीएआई संकटग्रस्त जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड और ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी के वित्तीय विवरणों की समीक्षा छह महीने में पूरी कर सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि आईसीएआई का वित्तीय रिपोर्टिंग समीक्षा बोर्ड (एफआरआरबी) वित्त वर्ष 2023-24 के लिए दोनों कंपनियों के वित्तीय विवरणों की समीक्षा कर रहा है। यदि वित्तीय विवरणों में गंभीर अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो मामले को विस्तृत जांच के लिए आईसीएआई के अनुशासन निदेशक को तथा संबंधित नियामक निकायों को भी भेजा जाएगा।

### क्या है मामला

जेनसोल इंजीनियरिंग कथित रूप से फंड की हेराफेरी और कामकाज संबंधी खामियों के लिए नियामक जांच के दायरे में आ गई है। बाजार नियामक सेबी ने पिछले हफ्ते कंपनी के प्रवर्तकों अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को विभिन्न उल्लंघनों के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

**कंपनी के बारे में**– आपको बता दें कि जेनसोल इंजीनियरिंग सौर परामर्श सेवाएं, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को लीज पर देने के व्यवसाय में शामिल है।

# फेंस कंपनियों के लिए नए रास्ते खोलेगी 63000 करोड़ की राफेल डील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का डिफेंस सेक्टर बहुत तेजी के साथ ग्रोथ कर रहा है। कुछ समय पहले भारत ने 26 राफेल-एम फाइटर जेट्स खरीदने का फैसला किया है। इसके लिए भारत ने फ्रांस के साथ 63000 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट किया है। यह सिर्फ एक डील नहीं है। बल्कि मेक इन इंडिया प्रोग्राम के लिए भी बहुत फायदमेंद रहने वाला है। फ्रांस के साथ हुई डील में एयरक्राफ्ट के साथ-साथ लॉन्ग टर्म के लिए सपोर्ट, ट्रेनिंग और कुछ पार्ट्स का घरेलू स्तर पर उत्पादन शामिल है। ऐसे में डिफेंस कंपनियों के शेयरों पर दांव लगाना फायदेमंद हो सकता है।

इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत धीरे-धीरे डिफेंस बजट को बढ़ा रहा है। मौजूदा समय में भारत का डिफेंस बजट, जीडीपी का 1.9 प्रतिशत है। जिसे आने वाले समय में 4 प्रतिशत तक ले जाने की योजना है। भारत का बढ़ता डिफेंस फोकस हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बीईएल और मझगांव डॉक जैसी डिफेंस कंपनियों के लिए नए रास्ते खोलेगा।

**1- हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड** -एचएएल एयरोस्पेस डिफेंस सेगमेंट में एक मार्केट लीडर है। कंपनी के पास 1.8 हजार करोड़ रुपये का मजबूत ऑर्डर हैं। वहीं, 6 हजार करोड़ रुपये के काम पाइपलाइन में है। ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल ने इस स्टॉक के लिए 5100 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। जोकि शुक्रवार की क्लोजिंग की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।

**2- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड** -इस कंपनी के लिए ब्रोकरेज हाउस ने 360 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। जोकि शुक्रवार की क्लोजिंग की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। पिछले एक साल में इस डिफेंस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 32 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 340.35 रुपये और 52 वीक लो लेवल 221 रुपये है। (यह निवेश की सलाह नहीं है। शेयर बाजार जोखिमों के अधीन है। किसी भी निवेश से पहले सूझ-बूझ के साथ सलाह लें। यहां प्रस्तुत एक्सपर्ट्स के विचार निजी हैं। लाइव हिन्दुस्तान इस आधार पर शेयरों को खरीदने और बेचने की सलाह नहीं देता है।)

## डिफेंस कंपनी कर रही है आईडीएल एक्सप्लोसिवेस का अधिग्रहण, सोमवार को फोकस में रहेंगे शेयर

डिफेंस सेक्टर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। अपोलो माइक्रो सिस्टम के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे। इस डिफेंस कंपनी की सब्सिडियरी अपोलो डिफेंस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने आईडीएल एक्सप्लोसिवेस Limited को खरीदने का फैसला किया है। अपोलो की सब्सिडयरी इस अधिग्रहण के लिए 107 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बता दें, 2 मई को इस डील का ऐलान किया गया है। प्रक्रिया को पूरा होने में 2 से महीने का समय लगेगा। अपोलो ने एक्सचेंज को दी जानकारी के अनुसार में कहा कि इससे उत्पादन क्षमता में इजाफा होगा। जोकि घरेलू डिमांड को देखते हुए एक बड़ी डील है। इस डील से अपोलो ग्रुप की डिफेंस सेक्टर में स्थिति और मजबूत होगी।

**इस अधिग्रहण की डीटेल्स क्या हैं?**– आईडीएल एक्सप्लोसिवेस के 78.65 लाख शेयर खरीदे जाएंगे। अपोलो ग्रुप 135.04 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से ये शेयर खरीदने का फैसला किया है। इस डील के पूरा होने के बाद आईडीएल एक्सप्लोसिवेस का अपोलो डिफेंस 100 प्रतिशत हासिल कर लेगा। बता दें, आईडीएल एक्सप्लोसिवेस जीओसीएल कॉरपोरेशन लिमिटेड की एक सब्सिडियरी कंपनी है। जोकि हिंदुजा ग्रुप का हिस्सा है।

**अपोलो माइक्रो सिस्टम्स शेयरों का क्या हाल है?**– शेयर 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 116.40 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक हफ्ते के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने में यह डिफेंस स्टॉक 13 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है। कंपनी का 52 वीक हाई 157 रुपये और 52 वीक लो लेवल 88.10 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 3567.54 करोड़ रुपये का है।



## मैनेजर ने एम्प्लॉई को बताया सिर्फ एक नंबर

### इसके बाद उसने कुछ ऐसा किया कि कंपनी को लग गया करोड़ों का झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आजकल कंपनियों में कर्मचारियों से कहा जाता है कि वे अपनी जिम्मेदारी से बढ़कर काम करें। उनसे ये भी कहा जाता है कि खुद से आगे बढ़कर और टीम के साथ मिलकर काम करें। लेकिन क्या होता है जब उनकी मेहनत को अनदेखा कर दिया जाता है? या फिर उन्हें बेकार समझ लिया जाता है? एक एम्प्लॉई ने सोशल मीडिया पर अपनी कहानी शेयर की। ये कहानी बहुत से लोगों को पसंद आ रही है। ये सिर्फ एक जीत की कहानी नहीं है। ये उस भावना को दिखाती है जो आजकल कॉर्पोरेट कल्चर में बढ़ रही है। वो ये है कि कर्मचारी अब खुद को कम आंकने से तंग आ चुके हैं। एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपना अनुभव बताया। ये ऐसी कहानी है जिसे सुनकर लोग खुश भी हो रहे हैं और हैरान भी।

### काम ज्यादा, सैलरी कम

उस कर्मचारी ने एक टेक कंपनी में तीन साल काम किया। दो टीम मेंबर्स के जाने के बाद, उसने दोगुनी जिम्मेदारी संभाली। उसने बहुत काम किया और एक बड़े क्लाइंट से उसे हमेशा तारीफ मिली। लेकिन जब उसने सैलरी बढ़ाने की बात की, तो उसे हमेशा अनदेखा कर दिया गया।

**मैनेजर ने बताया नंबर**– आखिर में, उसके मैनेजर ने उससे कहा, यहां सब लोग बस एक नंबर हैं। तुम्हारी जगह लेने के लिए कल 50 रेज्यूमे आ सकते हैं। ये बात सुनकर उस कर्मचारी को बहुत बुरा लगा। इसके बाद उसने दूसरी जॉब ढूंढना शुरू कर दिया। वह एम्प्लॉई अपनी कंपनी के सबसे बड़े क्लाइंट का काम भी करता रहा। उस क्लाइंट ने एम्प्लॉई के काम की तारीफ करते हुए मैनेजमेंट के सीनियर अधिकारियों को ईमेल भी किए थे। लेकिन उस कर्मचारी का कहना है कि उन ईमेल पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। दो हफ्तों में उसे एक दूसरी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिला। उस नौकरी में उसकी सैलरी 40 प्रतिशत ज्यादा थी और सुविधाएं भी बेहतर थी।

### रिजाइन दिया तो बदला कंपनी का रवैया

जब उसने अपनी नौकरी से इस्तीफा दिया, तो कंपनी का रवैया बदल गया। वही मैनेजर जो उसे नंबर बता रहा था, अब उसे रोकने की कोशिश करने लगा।

# दिग्गज अरबपति वॉरेन बफेट ने किया अचानक रिटायरमेंट का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के दिग्गज अरबपति निवेशक और बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन और सीईओ वॉरेन बफेट ने 94 साल की उम्र में रिटायरमेंट का ऐलान किया है। वॉरेन बफेट के इस अचानक लिए फैसले से उनके सबसे एंथूजियास्टिक फॉलोअर्स को भी आश्चर्यचकित कर दिया है। वॉरेन बफेट ने ऐलान किया है कि वे इस साल 2025 के अंत तक बर्कशायर हैथवे के सीईओ के पद से हट जाएंगे। बता दें कि अरबपति निवेशक लंबे समय से कह रहे थे कि उनके लिए रिटायरमेंट संभव ही नहीं है और अब करीबन छह दशक के अध्याय को बंद करने की घोषणा की।

### बफेट ने क्या कहा?

94 साल के बफेट ने कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है जब ग्रेग (एबेल) को साल के अंत में कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनना चाहिए। उन्होंने बिना किसी सवाल का जवाब दिए यह घोषणा की और बताया कि केवल दो बोर्ड मेंबर - उनके बच्चों हॉवर्ड और सूजी बफेट - को पहले से बताया गया था। यहां तक ??कि मंच पर उनके बगल में बैठे ग्रेग एबेल को भी कोई पहले से इसकी जानकारी नहीं थी। फोर्ब्स के रियल-टाइम डेटा के अनुसार, बफेट की कुल संपत्ति 168.2



बिलियन डॉलर है।

**वॉरेन बफेट के उत्तराधिकारी**– एबेल वर्तमान में सभी नान इंश्योरेंस ऑपरेशन की देखरेख करने वाले वाइस प्रेसिडेंट हैं। एबेल ने कहा, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं बर्कशायर का हिस्सा बनकर बहुत ही विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं, क्योंकि हम आगे बढ़ रहे हैं।

बता दें कि लंबे समय से बफेट के उत्तराधिकारी के रूप में देखे जाने वाले एबेल अब बर्कशायर का पूरा कंट्रोल संभालेंगे, जिसमें इसके प्रसिद्ध इंश्योरेंस ऑपरेशन और फर्म के बड़े निवेश निर्णय शामिल हैं - दोनों पहले बफेट के पास ही थे। पद छोड़ने के बावजूद, बफेट ने शेयरहोल्डर्स को बर्कशायर के भविष्य में अपने अटूट विश्वास का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, बर्कशायर हैथवे का एक भी शेयर बेचने का मेरा कोई इरादा नहीं है। मैं इसे अंततः दे दूंगा।

**संकटग्रस्त कंपनी का किया था अधिग्रहण**– बता दें कि बफेट ने एक संकटग्रस्त कपड़ा कंपनी को 860 बिलियन डॉलर की निवेश दिग्गज कंपनी में बदल दिया।

बफेट ने 1965 में बर्कशायर हैथवे का अधिग्रहण किया था, जब कंपनी घाटे में चल रही थी। बाद में उन्होंने उस अधिग्रहण को अपना सबसे खराब निवेश बताया।

# सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, एस24 और एस24 एफई पर आकर्षक डील्स की घोषणा की

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज सीमित अवधि के ऑफर के तहत गैलेक्सी एस24 सीरीज़ पर रोमांचक डील्स की घोषणा की। भारत का नंबर 1 बिकने वाला प्रीमियम स्मार्टफोन गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, जिसकी वास्तविक कीमत 129999 रुपये थी, आज से 84999 रुपये की अविश्वसनीय कीमत में उपलब्ध होगा। गैलेक्सी एस24, जिसकी वास्तविक कीमत 74999 रुपये थी, 44999 रुपये में, और गैलेक्सी एस24 एफई केवल 34999 रुपये से शुरू होने वाली कीमत पर उपलब्ध होगा।

गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा लाइव ट्रांसलेट, इंटरप्रेटर, चैट असिस्ट, नोट असिस्ट और ट्रांसक्रिप्ट असिस्ट जैसे फीचर्स के साथ आता है। यह सभी खूबियां फोन की सबसे मूल भूमिका यानी कम्युनिकेशन को बेहतर बनाती हैं। सैमसंग कीबोर्ड में पहले से बिल्ट इन एआई हिंदी सहित 13 भाषाओं में रीयल-टाइम में मैसेज अनुवाद कर सकती है। इसके अलावा, सैमसंग गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा पर गैलेक्सी एआई फीचर, नोट असिस्ट नोट-टेकिंग और ऑर्गनलाइज़ेशन को सरल बनाता है। इसमें ऑटो-फॉर्मेटिंग, समराइजिंग, स्पेलिंग सुधारना, और नोट्स का अनुवाद जैसे फीचर्स आते हैं। यूजर्स सैमसंग नोट्स ऐप खोलकर, नया नोट बनाकर, और नोट असिस्ट आइकन पर टैप करके इसे एक्सेस कर सकते हैं। गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा का ड्रॉइंग असिस्ट यूजर्स को एआई पावर्ड स्टाइल्स का उपयोग करके साधारण स्केच को इमेजेज में बदलने की सुविधा देता है।




गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा का उद्योग-अग्रणी 200एमपी कैमरा प्रोविजुअल इंजन के साथ आता है। प्रोविजुअल इंजन एआई पावर्ड टूल्स का एक व्यापक सुइट है जो तस्वीर लेने की क्षमताओं को बदल देता है और रचनात्मक स्वतंत्रता बढ़ाता है। बेहतर डिजिटल ज़ूम के साथ 1003 पर भी एकदम साफ तस्वीरें मिलती हैं। स्मार्टफोन 1.4 एमएमए की पिक्सेल साइज से लैस है जिससे नाइटोग्राफी क्षमताएं बेहतर होती हैं।

गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा गैलेक्सी के लिए स्नैपड्रैगन0 8 जेन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म से लैस है, यह अविश्वसनीय रूप से कुशल एआई प्रोसेसिंग के लिए उल्लेखनीय एनपीयू सुधार प्रदान करता है। यह पहला गैलेक्सी फोन है जिसमें टाइटेनियम फ्रेम है, जो डिवाइस की ड्यूरैबिलिटी बढ़ाता है और यह फोन लंबे समय तक चलता है।

गैलेक्सी एस24 भारत का नंबर 1 बिकने वाला एंड्रॉयड स्मार्टफोन है। यह सुंदर वन-मास डिज़ाइन के साथ आता है और इसमें 50एमपी का ट्रिपल कैमरा सेटअप दिया गया है। गैलेक्सी एआई और एडवांस्ड नाइटोग्राफी क्षमताओं के साथ, गैलेक्सी एस24 के एआई ज़ूम से खींचे गए फोटो और वीडियो किसी भी स्थिति में, यहां तक कि ज़ूम इन करने पर भी शानदार होते हैं।

# टाटा की कंपनी जगुआर लैंड रोवर ने अमेरिका को फिर से शुरू किया गाड़ियां भेजना, टैरिफ पर रोक के बाद फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन की कार कंपनी जगुआर लैंड रोवर ने अमेरिका को गाड़ियां भेजना फिर से शुरू कर दिया है। लंदन के टाइम्स अखबार ने यह खबर दी है। अमेरिका ने कुछ टैक्स लगाए थे, जिसके कारण गाड़ियों का भेजना रोक दिया गया था। लगभग एक महीने बाद, बुधवार को पहली बार गाड़ियां ब्रिटेन से रवाना हुईं। छुस्क कंपनी टाटा मोटर्स की है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ नए टैरिफ लगाए थे। इनकी वजह से छुस्क ने अप्रैल में अमेरिका को गाड़ियां भेजना बंद कर दिया था। टाइम्स अखबार के अनुसार, अब छुस्क ने फिर से गाड़ियां भेजना शुरू कर दिया है। बुधवार को छुस्क की गाड़ियों का पहला शिपमेंट अमेरिका के लिए रवाना हुआ।

**शिपमेंट कर दी थी बंद**– अप्रैल में छुस्क ने कहा था कि वे एक महीने के लिए ब्रिटेन में बनी गाड़ियों को अमेरिका भेजना बंद कर देंगे। वे यह देखना चाहते थे कि ट्रंप के लगाए 25 प्रतिशत टैक्स का क्या असर होता है। यह टैक्स अमेरिका में इम्पोर्ट की जाने वाली कारों और हल्के ट्रकों पर लगाया गया था। यह 3 अप्रैल से लागू हुआ था। ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वे ऑटो पर लगाए गए




टैक्स के असर को कम करेंगे। वे इसके लिए कुछ छूट और दूसरे टैक्सों में राहत देंगे।

**ग्राहक भी उठाएंगे खर्च**– ब्रिटेन की एक और लग्जरी कार कंपनी एस्टन मार्टिन के सीईओ एड्रियन हॉलमार्क ने बुधवार को कहा कि वे अमेरिका में लगने वाले टैक्स का खर्च कंपनी और ग्राहक दोनों मिलकर उठाएंगे।

# कोहली ने बनाया छक्कों का 'तिहरा शतक'

## 62 रन की पारी में बनाए कई रिकॉर्ड

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को खेले गए मैच में आरसीबी ने 2 रनों से जीत हासिल की। इस मुकाबले में एक बार फिर विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की और कई रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किए. कोहली ने 33 गेंद में 62 रनों की पारी खेली।



इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को खेले गए मैच में आरसीबी ने 2 रनों से जीत हासिल की। इस मुकाबले में एक बार फिर विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की और कई रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किए. कोहली ने 33 गेंद में 62 रनों की पारी खेली। इस दौरान कोहली ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कोहली ने इस मैदान पर अब तक 152 छक्के जड़ दिए हैं, जो कि किसी भी खिलाड़ी द्वारा एक ही मैदान पर लगाए गए सबसे अधिक छक्के हैं। इस मामले में उन्होंने अपने पूर्व साथी और यूनिवर्स बॉस कहे जाने वाले क्रिस गेल को भी पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने बेंगलुरु में 151 छक्के लगाए थे. दिलचस्प बात यह है कि गेल और कोहली दोनों ने यह कारनामा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से खेलते हुए किया है।

### आईपीएल के इतिहास में आरसीबी ने पहली बार ऐसा किया

इंडियन प्रीमियर लीग के 18 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को लीग स्टेज में होम और अवे दोनों में हराया हो। इस सीजन से पहले आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ।

### जैकब बेथेल और कोहली ने तूफानी शुरुआत दी थी

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी के लिए जैकब बेथेल और विराट कोहली ने तूफानी शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी की। बेथेल ने 33 गेंदों में 55 रन बनाए, वहीं कोहली ने 33 गेंदों में 62 रन ठोके, जिसमें उन्होंने 5 चौके और 5 छक्के लगाए। देवदत्त पडिक्कल (17), जितेश शर्मा (7) और कप्तान रजत पाटीदार (11) कुछ खास नहीं कर सके। अंत में रोमारियो शेफर्ड ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाज़ी करते हुए सिर्फ 14 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाए, जिसमें 6 छक्के और 4 चौके शामिल थे। 214 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत अच्छी रही। शेख रशीद (14) और आयुष म्हात्रे ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। सैम करन (5) जल्दी आउट हो गए, लेकिन इसके बाद आयुष और रविंद्र जडेजा के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी हुई। आयुष ने 48 गेंदों में शानदार 94 रन बनाए, जबकि जडेजा 77 रन पर नाबाद रहे। लुंगी एनगिडी ने मैच का रुख बदलते हुए एक ही ओवर में ब्रेविस और आयुष को आउट कर दिया। एमएस धोनी (12) आखिरी ओवर में आउट हुए। चेन्नई को अंतिम छह गेंदों में 15 रन की जरूरत थी, लेकिन यश दयाल ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 12 रन दिए और आरसीबी को जीत दिलाई।



# स्मृति मंधाना ने बनाया बड़ा कीर्तिमान

- **मिथाली राज-हरमनप्रीत कौर के खास क्लब में मारी एंट्री**

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस वक्त श्रीलंका में है, जहां वह श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के साथ ट्राई सीरीज खेल रही है। ट्राई सीरीज का चौथा मैच श्रीलंका और भारत के बीच में खेला जा रहा है। इस मैच में अब श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। हालांकि,भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इस मैच में एक खास उपबल्धि भी हासिल की है। वह ऐसा करने वाली सिर्फ 7वीं भारतीय महिला खिलाड़ी बनी हैं।

**स्मृति मंधाना खेल रही अपना 100वां वनडे मैच-** श्रीलंका के खिलाफ स्मृति मंधाना अपने करियर का 100वां वनडे मैच खेल रही हैं। वह सिर्फ 7वीं भारतीय महिला क्रिकेटर बनी हैं जिन्होंने 100 वनडे खेले हैं। हालांकि, मंधाना के लिए उनका 100वां वनडे मैच इतना यादगार साबित नहीं हुआ। वह 28 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हो गई। उनकी बल्ले से 3 चौके इस पारी में देखने को मिले। बता दें कि पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज मिथाली राज भारत के लिए सबसे वनडे मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने कुल 232 मैच खेले हैं।

### भारत के लिए खेले गए सर्वाधिक महिला वनडे मैच



| | |
|---|---|
| 232 | मिताली राज |
| 204 | झूलन गोस्वामी |
| 144 | हरमनप्रीत कौर |
| 127 | अंजुम चोपड़ा |
| 116 | अमिता शर्मा |
| 104 | दीप्ति शर्मा |
| 100 | स्मृति मंधाना |

### स्मृति मंधाना का इंटरनेशनल करियर

28 साल की स्मृति मंधाना ने इस मैच से पहले भारत के लिए 7 टेस्ट, 99 वनडे और 148 टी20 मैच खेले हैं। टेस्ट में मंधाना ने 2 शतक और 3 अर्धशतक के चलते 629 रन बनाए हैं। वनडे में 10 शतक और 30 फिफ्टी के चलते 4288 रन बनाए हैं। वहीं टी20 में 30 अर्धशतक के बूते 3761 रन बनाए हैं। बात करें इस ट्राई सीरीज की तो भारतीय टीम ने इस मैच से पहले दो मैच खेले हैं। टीम इंडिया ने दोनों ही मैच जीते हैं। पहले मैच में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 9 विकेट तो दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 15 रन से हराया है।

# इंग्लैंड दौरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कुलदीप यादव : क्रिकेट विशेषज्ञ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व चयनकर्ताओं और कोचों का मानना ??है कि कुलदीप यादव एक ऐसे मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा कलाई के इस स्पिनर को बल्लेबाजी ऑलराउंडरों पर प्राथमिकता जबकि वाशिंगटन तीन टेस्ट मैच में केवल तीन विकेट हासिल कर पाए थे। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद, उनकी चयन समिति के सहयोगी देवांग गांधी और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और प्रसिद्ध कोच डब्ल्यूवी रमन सभी को लगता है कि कुलदीप के पास वह 'एक्स फैक्टर' है जिसकी



मिलनी चाहिए। उनका मानना ??है कि रवींद्र जडेजा अपने बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पहली पसंद होंगे लेकिन कुलदीप के टीम में शामिल होने से भारत का स्पिन विभाग और मजबूत हो जाएगा। ॉराष्ट्रीय चयन समिति आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीमों की स्थिति स्पष्ट हो जाने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए भारत और ए टीम की घोषणा कर सकती है। प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाने वाली अन्य छह टीमों में शामिल लाल गेंद के विशेषज्ञ खिलाड़ी जल्दी इंग्लैंड के दौरे पर चले जाएंगे जैसा कि पहले भी होता रहा है। इससे उन्हें वहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में मदद मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया में वाशिंगटन सुंदर ने पहली पसंद के स्पिनर के रूप में शुरुआत की, क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन के बाद जडेजा और रविचंद्रन अश्विन दोनों को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही संन्यास ले लिया था भारत को इंग्लैंड में जरूरत पड़ेगी। खेल के सबसे चतुर विश्लेषकों में से एक रमन ने कहा, 'कुलदीप यादव एक आक्रामक विकल्प हैं और उन्हें इंग्लैंड में भारतीय टीम में होना चाहिए।

उन्होंने अब तक 12 टेस्ट खेले हैं और अगर हम उनके स्ट्राइक रेट पर गौर करें तो वह हर छह ओवर में एक विकेट (37.3 गेंद प्रति विकेट) है। इसलिए जडेजा के साथ कुलदीप को टीम में रखना मेरे लिए सबसे आसान काम होगा। प्रसाद को भी लगता है कि वह वाशिंगटन की तुलना में बेहतर विकल्प हो सकते हैं। प्रसाद ने कहा, 'हालांकि आप अब भी वाशिंगटन को टीम में रख सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आपको कुलदीप जैसे उचित मैच विजेता स्पिनर की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'कुलदीप एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच जीतने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड में कई ऐसी जगह है जहां स्पिनर को मदद मिलती है और वहां की परिस्थितियों में कलाई का स्पिनर होने के कारण कुलदीप बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं।

# म्हात्रे और सूर्यवंशी ने आईपीएल में उम्र से परे परिपक्वता दिखाकर बिखेरी चमक

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रोमांचक मैच को दो रन गंवाने के बाद कहा, 'मुझे आगामी अंडर-19 विश्व कप में उन टीमों के बारे में सोच कर चिंता हो रही है जिन्हें भारत का सामना करना होगा। फ्लेमिंग ने यह बात थोड़े चुटीले अंदाज में कही लेकिन आईपीएल के मौजूदा सत्र में वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे युवा सितारों ने उम्र को धता बताते हुए जो निडरता और परिपक्वता दिखाई है उससे भारतीय क्रिकेट का भविष्य काफी मजबूत दिखता है।





महात्रे ने 48 गेंद में 94 रन की पारी खेल कर ऋष्क्रके खिलाफ चेन्नई के लिए जीत का मंच तैयार कर दिया था हालांकि उनकी टीम दो रन से पीछे रह गई। महात्रे की इस पारी ने प्रशंसकों को कुछ दिन पहले सूर्यवंशी की 35 गेंद में खेली गई शतकीय पारी की याद दिला दी। महात्रे की पारी से 214 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही चेन्नई को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए सिर्फ 23 रन चाहिए थे।

महात्रे ने अपनी पारी के दौरान चौथे ओवर में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पांच चौके और एक छक्का लगाकर प्रभावित किया। उन्होंने इस दौरान कोई भी आड़ा-तिरछा शॉट नहीं खेला। यह उस भरोसे का प्रमाण था जो चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ महीने पहले म्हात्रे को अपने चयन ट्रायल के नेट सत्र के दौरान देखा था। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की चोट ने उन्हें मुंबई के इस खिलाड़ी को चुनने मौका दे दिया।

चेन्नई की टीम के प्रबंधन के मुताबिक वह ट्रायल में गुजरात के उर्विल पटेल और केरल के सलमान निजार से बहुत आगे थे। फ्लेमिंग ने म्हात्रे को चुनने के पीछे के तर्क को समझाते हुए कहा, 'जब उन्होंने ट्रायल दिया और सत्र के शुरुआती हिस्से में हमारे साथ थे, तो हम उनके कौशल से बहुत प्रभावित हुए थे। उनका संयम काफी प्रभावशाली था। बहुत सारे शॉट लगाने में माहिर होना अच्छी बात है लेकिन दुनिया के बड़े खिलाड़ियों के सामने धैर्य बनाए रखना और टीम की योजना को अंजाम देने में सफल होना काबिले तारीफ है।

म्हात्रे की बल्लेबाजी की सबसे अच्छी बात यह रही कि वह पहले से शॉट खेलने का मन नहीं बना रहे थे और ना ही बहुत ताकत के साथ शॉट लगा रहे थे। वह चतुराई से परिस्थितियों के मुताबिक बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होने 15वें ओवर में भुवनेश्वर की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को एक्स्ट्रा कवर क्षेत्र में छक्का लगाया तो उनका संतुलन देखने लायक था। उनका 'हैंड-आई कॉर्डिनेशन (हाथों और आंखों का समन्वय) शानदार है। सूर्यवंशी ने भी कुछ दिन पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ आक्रामक पारी के साथ क्रिकेट जगत के साथ राजस्थान के कोच राहुल द्रविड़ को भी प्रभावित किया था।

द्रविड़ ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' के दौरान कहा था, 'उसकी बल्ले की गति बहुत अच्छी है। उसकी बैक लिफ्ट बहुत अच्छी है। गेंद की लेंथ के बारे में निर्णय लेने के मामले में उसका हाथ-आंखों का समन्वय बहुत अच्छा है। वह गेंद की लंबाई को जल्दी भांप कर शॉट खेलता है। फ्लेमिंग म्हात्रे और सूर्यवंशी से काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा, 'उनके बेखौफ होकर खेलने हुए देखना असाधारण है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप 14, 18 या 21 साल के हैं।

# आज सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगा दिल्ली

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम घरेलू मैदान पर कमजोर प्रदर्शन से उबरकर सोमवार को यहां निचले हाफ में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 हार से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने विरोधियों के मैदान पर बेहतर प्रदर्शन की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है। दिल्ली की टीम पैट कमिंस की टीम के खिलाफ भी उसके मैदान पर जीत दर्ज करना चाहेगी।

अक्षर पटेल चोट से जूझ रह हैं। वह 30 अप्रैल को नाइट राइडर्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से चले गए थे। देखना यह होगा कि वह चोट से उबरकर सनराइजर्स के खिलाफ खेलते हैं या नहीं। अक्षर ने हालांकि चोटिल होने के बाद भी 23 गेंद में 43 रन की उम्दा पारी खेली थी। अगर वह चोट से पूरी तरह नहीं उबरते हैं तो उन्हें गेंदबाजी में समस्या हो सकती है।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। अक्षर ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया और अगर वह



नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। टीम को अपने पिछले दो मैच में घरेलू मैदान पर नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली ने अपने पिछले पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं और टीम लीग के इस महत्वपूर्ण चरण में और झटकों से बचने की कोशिश करेगी।

नाइट राइडर्स के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज फाफ डु प्लेसी ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा था लेकिन धीमी पिच से सामंजस्य बैठाना उनके लिए चिंता का सबब बना हुआ है। लोकेश राहुल नौ मैच में 371 रन के साथ दिल्ली के शीर्ष रन स्कोरर है लेकिन वह घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 39 गेंद में 41 रन ही बना पाए। नाइट राइडर्स के खिलाफ वह सात रन बनाकर सुनील नारायण के स्टीक थ्रो का शिकार बने।

विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल कमिंस, मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल जैसे गेंदबाजों का सामना करने के लिए खुद को तैयार करेंगे क्योंकि सनराइजर्स की यह तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है।

# चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह मिशेल ओवेन पंजाब टीम में शामिल, 3 करोड़ में टीम से जुड़ेंगे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को चुना है। मैक्सवेल उंगली टूटने के कारण आईपीएल 2025 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ओवेन ने 34 टी20 मैच खेले हैं और दो शतकों और 108 के उच्चतम स्कोर सहित 646 रन बनाए हैं, 3 करोड़ रुपए में पीबीकेएस से जुड़ेंगे। उनके नाम 10 टी20 विकेट भी हैं।



मैक्सवेल को पिछली मेगा नीलामी में 4.2 करोड़ रुपए में चुना गया था और वह इस सीजन में बल्ले से संघर्ष करते रहे थे। उन्होंने छह पारियों में सिर्फ 48 रन बनाए और अपने पिछले चार मैचों में दोहरे अंक को पार करने में असफल रहे। हालांकि वह गेंद के साथ एक उपयोगी विकल्प बने रहे। उन्होंने अपनी ऑफ स्पिन के साथ 4 विकेट लिए। चोट ने अब उनके अभियान को समाप्त कर दिया है। मैक्सवेल की चोट पंजाब सेटअप से बाहर होने वाला दूसरा बड़ा नाम बन गया। इससे पहले लॉकी फर्ग्यूसन को गंभीर चोट के कारण बाहर कर दिया गया था। इस बीचओवेन, जो पिछले साल की मेगा नीलामी में नहीं बिके थे, ने इस जनवरी में सबसे बड़े मंच पर बिग बैश के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया, जब उन्होंने होबार्ट हरिकेंस को उनके पहले खिताब पर पहुंचाने के लिए क्रेग सिमंस के सबसे तेज बीबीएल शतक (42 गेंदों पर 11 छक्कों की मदद से 108 रन) के रिकॉर्ड की बराबरी की।

उन्होंने बीबीएल की सफलता के बाद वन-डे कप में तस्मानिया के लिए मात्र 69 गेंदों पर 149 रन की शानदार पारी खेली और अब फ्रेंचाइजियों ने उन्हें दक्षिण अफ्रीका 20 और पीएसएल में खेलने का मौका दिया है। 10 मैचों में से छह जीत के साथ पंजाब वर्तमान में अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। वे रविवार शाम को लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेंगे, जहां एक जीत से लीग चरण के समापन के साथ शीर्ष चार में उनकी जगह मजबूत हो सकती है।

# धोनी का खलील अहमद को गेंद थमाने का फैसला सही था: फ्लेमिंग

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ यहां खेले गए मैच में 19वें ओवर में 33 रन लुटाने के बावजूद तेज गेंदबाज खलील अहमद का भरपूर समर्थन किया, लेकिन कहा कि वे इंडियन प्रीमियर लीग में आगे बढ़ने के लिए और विकल्प तलाशेंगे। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंशुल कंबोज का एक ओवर शेष रहने के बावजूद अहमद को गेंदबाजी के लिए बुलाया लेकिन उनका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि रोमारियो शेफर्ड के आक्रामक अंदाज के सामने यह तेज गेंदबाज कमजोर पड़ गया।



फ्लेमिंग ने शनिवार रात मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस सत्र में खलील ने हमारे लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए धोनी का उनकी जगह किसी अन्य गेंदबाज को गेंद थमाने का कोई कारण नजर नहीं आता। कंबोज अपनी भूमिका में लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। वह डेथ ओवरों गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। वह भविष्य के लिए एक विकल्प हो सकते हैं, लेकिन ऐसा कोई कारण नहीं था कि खलील की जगह उन्हें गेंदबाजी करने के लिए बुलाया जाता। आरसीबी ने चेन्नई के सामने 214 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम पांच विकेट पर 211 रन ही बना सकी। फ्लेमिंग ने कहा, 'अगर हमने किसी एक ओवर में अच्छे रन बनाए होते तो हम जीत जाते लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हमें 10 ओवर के बाद एक बड़े ओवर की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु के तिरुवारुर में भीषण सड़क हादसा, वैन-बस की टक्कर में 4 की मौत



**तिरुवारुर , एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुवारुर जिले के थिरुथुरैपोंडी क्षेत्र के करुवेप्पनचेरी गांव के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब केरल से वेलनकन्नी जा रही एक ओमनी वैन की सरकारी बस से आमने-सामने टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार, यह ओमनी वैन पर्यटकों को लेकर वेलनकन्नी जा रही थी। दूसरी तरफ, सरकारी बस नागपट्टिनम से रामनाथपुरम की ओर जा रही थी। करुवेप्पनचेरी के पास वैन और बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को तुरंत थिरुथुरैपोंडी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले, 27 अप्रैल को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के नांगुनेरी के नजदीक थलपति समुद्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसा हुआ था। दो कारों की आमने-सामने हुई टक्कर में सात लोगों की जान चली गई थी। मृतकों में तीन पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ था, जब एक कार तिरुनेलवेली की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी कार विपरीत दिशा से आ रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार और लापरवाही इस दुर्घटना का मुख्य कारण हो सकता है। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कारें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और यात्रियों को बचाने का कोई मौका नहीं मिला।

### पालघर में गड्ढे में गिरने से दो मजदूरों की मौत, एक घायल



**पालघर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) संयंत्र में बने 30 फुट गहरे गड्ढे में गिरने के बाद दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम को सासुपाड़ा इलाके में स्थित संयंत्र में हुई। उन्होंने बताया कि मजदूर विश्वजीत हरिश्चंद्र राजभर (20) और राजन सुरेंद्र राजभर (24) काम करते समय फिसलकर करीब 30 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए। गड्ढे में कुछ रसायन या कंक्रीट जैसी सामग्री थी, जिससे दोनों का दम घुटने लगा।

अधिकारी ने बताया कि जब मौके पर मौजूद एक अन्य मजदूर सलमान खान ने दोनों की चीख-पुकार सुनी तो वह उन्हें बचाने के लिए गड्ढे में उतरा लेकिन उसका भी दम घुटने लगा। बाद में तीनों को हाइड्रा क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि विश्वजीत और राजन को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया था और तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जबकि खान को सांस लेने में बेहद तकलीफ हो रही थी,उसका फिलहाल मीरा रोड स्थित एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि यह जांच की जा रही है कि क्या संयंत्र में मानक सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन किया गया था और क्या गड्ढे को ठीक से ढंका या हवादार बनाया गया था। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है।

# चालान काटने से गुस्साए ट्रक चालक ने कोटा के आरटीओ इंस्पेक्टर को कुचला

**कोटा, एजेंसी।**
राजस्थान के कोटा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां कथित तौर पर चालान काटने से गुस्साए एक ट्रेलर ड्राइवर ने आरटीओ इंस्पेक्टर को कुचलकर मार डाला। मृतक आरटीओ इंस्पेक्टर की पहचान नरेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात कोटा-झालावाड़ रोड दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़ी आरटीओ टीम की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में गाड़ी के अंदर बैठे आरटीओ इंस्पेक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका ड्राइवर भी घायल हो गया। घटना के वक्त आरटीओ की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। यह हादसा मंडाना थाना इलाके के टोल प्लाजा के नजदीक हुआ। वहीं हादसे के बाद ट्रेलर भी अनियंत्रित होकर रोड के किनारे उतर गया। इस बीच ट्रेलर का ड्राइवर मौका पाकर फरार हो गया।

घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस के साथ आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि आरटीओ की टीम नेशनल हाईवे-52 पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान आरटीओ टीम ने कोटा से झालावाड़ की तरफ जा रहे ट्रेलर का चालान बनाया था। इससे नाराज होकर ट्रेलर का ड्राइवर ट्रेलर को वापस तेज गति से लेकर आया और आरटीओ टीम की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश बारवाल और चालक देवेंद्र गंभीर घायल हो गए। इस हादसे में नरेश बारवाल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। एसपी ग्रामीण राजेश ढाका ने बताया कि घटना के समय आरटीओ





टीम के अन्य सदस्य सड़क पर ही खड़े थे। फरार हुए ट्रेलर चालक के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि ट्रेलर चालक ने नंबर प्लेट को काला किया हुआ था। दूसरी तरफ उसमें माल भी काफी ऊंचाई तक भरा हुआ था। ओवर लोडिंग को देखते हुए आरटीओ टीम ने ट्रेलर को रोकने का इशारा किया था, लेकिन वह नहीं रुका और तेज गति से आगे चल गया। इसके बाद आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश ने उसका 15500 का ऑनलाइन चालान बना दिया। जैसे ही यह मैसेज ट्रेलर ड्राइवर के पास पहुंचा वह ट्रेलर को वापस घुमा कर लाया और आरटीओ इंस्पेक्टर सरकारी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश और चालक देवेंद्र बैठे हुए थे।

**6 महीने पहले हुआ था ट्रांसफर:** मृतक आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश 6 साल पहले सरकारी सेवा में आए थे। 6 महीने पहले ही उनका कोटा में ट्रांसफर हुआ था। फिलहाल वह कोटा के कुन्हाड़ी इलाके में रह रहे थे। इस दुखद घटना के बाद कोटा जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी मोर्चरी भी पहुंचे और मृतक आरटीओ इंस्पेक्टर के परिजनों से बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी।

## बस धमकी दी है, मारेंगे नहीं, सिंधु जल संधि पर केंद्र के फैसले को लेकर फारुख अब्दुल्ला

**जम्मू, एजेंसी।**
पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को निरस्त कर दिया था। पाकिस्तान की तरफ से इस फैसले को लेकर काफी पैर पटके गए थे। अब जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि का जिक्र करते हुए एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने भले ही इस्लामाबाद को पानी बंद करने की चेतावनी दी हो लेकिन हमारा इरादा कभी भी पाकिस्तानी आम जनता को नुकसान पहुंचाने का या उनकी जान लेना का नहीं होता।
जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने भारत को गांधी का देश बताया। उन्होंने कहा, भारत, गांधी का देश है, हमने उन्हें धमकी दी है कि हम सिंधु का पानी रोक देंगे, लेकिन हम उन्हें मारेंगे नहीं। हम उनके जैसे क्रूर नहीं है.. पूर्व सरकारों पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि की जा रही थी, उस वक्त कश्मीर के लोगों को विश्वास में नहीं लिया गया था। इस संधि से सबसे ज्यादा नुकसान जम्मू-कश्मीर के लोगों का ही हुआ है। एनसी के चीफ ने



सरकार सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए अपील की कि अब सरकार को यह पानी को जम्मू के लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए। इतना ही नहीं फारुख अब्दुल्ला शनिवार को घाटी में आए पर्यटकों से भी मिलने पहुंचे।
पर्यटकों से मिलने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए हमले के बाद भी घाटी में पर्यटकों की आती भीड़ इस बात का सबूत है कि हमारे लोग डरे नहीं है। उन्होंने कहा, जो भी लोग घाटी में और पर्यटकों के मन में डर फैलाना चाहते थे वह हार गए हैं। आतंकवादी हार गए हैं। आज यह तय हो गया है कि आम जनता के मन में कोई डर नहीं है। स्थानीय लोग भी चाहते हैं कि अब आतंकवाद को खत्म हो जाना चाहिए।
35 साल हो गए.. 35 साल से यहां दहशत गर्दी है.. अब हम विकास चाहते हैं.. हम आगे बढ़ना चाहते हैं.. किसी दिन एक बड़ी शक्ति बनना चाहते हैं। फारुख अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बयान को नजरअंदाज करते हुए कहा कि ऐसे बयानों को अहमियत नहीं देनी चाहिए क्योंकि अगर हम इन्हें अहमियत देंगे तो कभी भी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

## केआईआईटी में मृत पाई गई नेपाली छात्रा का अंतिम संस्कार

**पुरी, एजेंसी।**
ओडिशा के कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईआईटी) के छात्रावास में मृत पाई गई 18 वर्षीय एक नेपाली छात्रा का पुरी में शनिवार को उसके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में स्वर्गद्वार पर अंतिम संस्कार किया गया।

नेपाली परंपरा के अनुसार, मृतक लड़की के पिता श्याम प्रसाद साह ने पवित्र शहर के श्मशान घाट पर उसकी चिता को मुखाग्नि दी। छात्रा प्रिसा की मां पिंकी साह, अन्य रिश्तेदार और अखिल भारतीय नेपाली एकता समाज समिति के सदस्य, नेपाल दूतावास के कर्मचारी और जिला अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद थे।

प्रिसा के पिता ने रुंआसे गले से कहा, ''हमें यह बताया जाना चाहिए कि हमारी बेटी कैसे और क्यों मरी।'' प्रिसा के माता-पिता ने दावा किया कि उसने बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजे अपनी मां से बात की थी और वह



खुश लग रही थी, तथा उन्हें रात आठ बजे उसकी मौत की खबर मिली। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रकाश चंद्र पाल ने बताया कि छात्रा के माता-पिता की सहमति के बाद एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तीन चिकित्सकों की एक टीम ने एम्स-भुवनेश्वर में शव का पोस्टमार्टम किया।

उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई है। छात्रा के माता-पिता उसकी मौत की खबर मिलने के बाद शुक्रवार रात यहां पहुंचे थे। पुलिस ने बताया कि उसने करीब 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें उस छात्रावास के कर्मचारी शामिल हैं, जहां से बृहस्पतिवार शाम को उसका शव बरामद किया गया था। इस घटना के संबंध में इंफोसिटी पुलिस थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वह छात्रा के लैपटॉप और मोबाइल फोन की जांच कर रही है। नेपाल सरकार ने इस घटना की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## लखनऊ की फैक्ट्री में भीषण आग, दो लोगों की मौत

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सरोजिनी नगर की स्वीटी फूड फैक्ट्री में शनिवार शाम भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि फैक्ट्री को भारी नुकसान पहुंचा। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक जानमाल का नुकसान हो चुका था। सूचना मिलते ही सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर, थाना प्रभारी सरोजिनी नगर, स्थानीय पुलिस टीम, पीआरबी और फायर ब्रिगेड की 15-16 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। फैक्ट्री मालिक अखिलेश के बेटे ऋतिक ने बताया कि यह बेकरी फैक्ट्री पिछले एक साल से बंद थी, लेकिन वहां वेल्डिंग का काम चल रहा था।

## ऑफिस से ज्यादा नाइटक्लब में समय बिता रहे एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल? साथी ने ही लगाए गंभीर आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के निदेशक भारतीय मूल के काश पटेल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ गए हैं। आरोप लगाया गया है कि काश पटेल ऑफिस से ज्यादा समय नाइट क्लब में बिताते हैं। ये आरोप ब्यूरो के लिए ही एक पूर्व अधिकारी फ्रैंक फिग्लुजी ने लगाए हैं। फिग्लुजी एफबीआई के काउंटरइंटेलिजेंस के सहायक निदेशक के रूप में काम कर चुके हैं। उनका आरोप है कि काश पटेल अपने ऑफिस में कम और नाइटक्लब में ज्यादा रहते हैं।

## महिलाओं के अधिकारों को लेकर इस्लामी समूह ने किया शक्ति प्रदर्शन, महिला आयोग को खत्म करने की मांग

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को हजारों लोग एक बड़े प्रदर्शन में जुटे। यह रैली देश के प्रभावशाली इस्लामी संगठन हेफाजत-ए-इस्लाम ने बुलाई थी। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से महिला अधिकारों से जुड़ी आयोग को खत्म करने की मांग की, क्योंकि उनका मानना है कि आयोग की सिफारिशें इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ हैं।

यह रैली ढाका के सुहारवर्दी उद्यान में हुई, जिसमें ज्यादातर कौमी मदरसों के शिक्षक और छात्र शामिल थे। हेफाजत-ए-इस्लाम बांग्लादेश में एक बड़ा दबाव समूह माना जाता है। प्रदर्शन का मकसद उस महिला आयोग की रिपोर्ट का विरोध करना था, जिसे नोबेल विजेता मुहम्मद युनूस की अंतरिम सरकार ने बनाया था। आयोग ने महिलाओं को संपत्ति में बराबरी और अन्य कानूनी अधिकार देने की



सिफारिश की थी। लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस्लाम में मर्द और औरत के लिए अलग-अलग नियम तय हैं और दोनों को बराबर करना शरीयत के खिलाफ है।

यह रैली ढाका के सुहारवर्दी उद्यान में हुई, जिसमें ज्यादातर कौमी मदरसों के शिक्षक और छात्र शामिल थे। हेफाजत-ए-इस्लाम बांग्लादेश में एक बड़ा दबाव समूह माना जाता है। प्रदर्शन का मकसद उस महिला आयोग की रिपोर्ट का विरोध करना था, जिसे नोबेल विजेता मुहम्मद युनूस की अंतरिम सरकार ने बनाया था। आयोग ने महिलाओं को संपत्ति में बराबरी और अन्य कानूनी अधिकार देने की सिफारिश की थी। लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस्लाम में मर्द और औरत के लिए अलग-अलग नियम तय हैं और दोनों को बराबर करना शरीयत के खिलाफ है।

हेफाजत के वरिष्ठ नेता मौलाना महफूजुल हक ने रैली में 12 सूत्रीय मांगों का एलान किया। उनकी पहली मांग थी कि महिला आयोग को तुरंत भंग कर दिया जाए और उसकी जगह नया आयोग बने जिसमें इस्लामी विद्वानों और महिलाओं की भागीदारी हो। वहीं एक और बड़े नेता मामूनुल हक ने आयोग के सदस्यों के खिलाफ सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि आयोग ने बहुसंख्यक मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। रैली में एक महिला मदरसे के शिक्षक मोहम्मद शिहाबुद्दीन ने कहा, पुरुष और महिला कभी बराबर नहीं हो सकते। कुरान ने दोनों के लिए अलग-अलग जीवन नियम बताए हैं और हम इससे आगे नहीं जा सकते।

## अब स्टारबेस नाम से जाना जाएगा दक्षिण टेक्सास शहर; एलन मस्क को मिली बड़ी जीत, मतदाताओं ने लगाई मुहर

**मैकलेन, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य टेक्सास के दक्षिणी टेक्सास शहर को अब स्टारबेस के नाम से जाना जाएगा। नए शहर को लेकर हुए मतदान के दौरान मतदाताओं ने अपनी मुहर लगाकर इसे मंजूरी दी। दक्षिणी टेक्सास का नाम बदले जाने को एलन मस्क की बड़ी जीत माना जा रहा है। स्पेसएक्स रॉकेट कंपनी का प्रक्षेपण स्थल है। रक्षा विभाग और नासा के साथ अनुबंध के तहत यहां से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जाता है। एलन मस्क ने 2021 में स्टारबेस शहर बनाने का प्रस्ताव पेश किया था। इसे लेकर शनिवार को मतदान हुआ। इसमें मतदाताओं ने स्टारबेस शहर बनाने की मंजूरी दी। हालांकि कुल 283 मतदाताओं में से ज्यादातर स्पेसएक्स के कर्मचारी थे। मतदान का परिणाम आने के बाद खुशी जताते हुए मस्क ने एक्स पर लिखा कि यह अब एक वास्तविक शहर है। यह स्पेसएक्स के साथ ही मस्क की व्यक्तिगत जीत भी है। स्पेसएक्स को इस क्षेत्र में नौकरियों और निवेश के लिए स्थानीय अधिकारियों से व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है। मैक्सिको सीमा के पास टेक्सास के दक्षिणी सिरे पर बसा यह शहर केवल 1.5 वर्ग मील (3.9 वर्ग किलोमीटर) में फैला हुआ है। 2024 में स्टारबेस के महाप्रबंधक कैथरीन ल्यूडर्स ने स्थानीय अधिकारियों को पत्र लिखकर शहर के मुद्दे को मतपत्र पर लाने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि हमें स्टारबेस को एक समुदाय के रूप में विकसित करने की क्षमता की आवश्यकता है। पत्र में कहा गया कि कंपनी पहले से ही सड़कों और उपयोगिताओं के साथ-साथ संपत्ति पर रहने वालों के लिए स्कूली शिक्षा और चिकित्सा देखभाल के प्रावधान का प्रबंधन करती है।

# ऑस्ट्रेलिया चुनाव में लेबर पार्टी जीती, 21 साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता होंगे अल्बनीज

**कैनबरा, एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी दोबारा चुनाव गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक 60प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी को 89 सीटों पर जीत हासिल हुई है, वहीं विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन 36 सीटों पर जीती है। चुनाव जीतने के लिए 76 सीटों की जरूरत होती है। लेबर पार्टी की जीत से तय हो गया है कि एंथनी अल्बनीज एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। 21 साल में यह पहली बार होगा जब कोई नेता दोबारा प्रधानमंत्री बनेगा। इसे पहले 2004 में लिबरल पार्टी के जॉन हावर्ड लगातार दूसरी बार चुनाव जीते थे।

वहीं, विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन ने हार मान ली है। विपक्षी उम्मीदवार पीटन डटन अपनी खुद की सीट भी हार गए हैं। डटन का डिक्सन संसदीय सीट हारना सदी की सबसे बड़ी राजनीतिक हारों में गिनी जा रही है। विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा, हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं।

ऑस्टेलिया में 3 साल पर होते हैं चनाव ऑस्टेलिया में 3 साल पर चुनाव होते हैं। देश में 28 मार्च 2025 को संसद भंग कर दी गई थी, जिसके बाद सरकार केयरटेकर मोड में चली गई थी। इसके बाद 22 से 30 अप्रैल तक पोस्टल वोटिंग की गई। पिछली बार 2022 में हुए चुनाव में लेबर पार्टी को 77 और लिबरल-नेशनल गठबंधन को 58 सीटें मिली थीं। इस बार मुख्य मुकाबला प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी और विपक्षी नेता पीटर डटन के लिबरल-नेशनल गठबंधन के बीच था। ऑस्ट्रेलिया में भारत की तरह ही दो सदन हैं। ऊपरी सदन को सीनेट और निचले सदन को हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स कहा जाता है। निचले सदन में बहुमत पाने वाली पार्टी या गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री बनता है। इसकी 150 सीटों के लिए आज वोटिंग हो रही है। इसका रिजल्ट 3 मई की रात या फिर 4 मई की सुबह तक आएगा। निचले सदन के साथ ही ऊपर सदन की 76 में से 40 सीटों के लिए भी आज वोटिंग हो रही है। इस सदन में चुने गए सदस्यों का कार्यकाल 6 साल होता है। हर 3 साल में आधे सदस्य बदल जाते हैं।

ऑस्टेलिया में 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी





नागरिकों को अनिवार्य रूप से वोट देना होता है और अगर गैर जरूरी कारण से वो ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 20 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुर्माना लगाया जा सकता है। यहां प्रधानमंत्री बनने के लिए उम्र तय नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो 18 साल या ज्यादा उम्र के जो लोग वोटिंग कर सकते हैं, वो चुनाव भी लड़ सकते हैं और प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं। महंगाई: बढ़ती महंगाई और ऊंची ब्याज दरों इस बार प्रमख मद्दा है। दोनों प्रमख पार्टी ने लोगों को वित्तीय राहत देने का वादा किया है।

महंगा घर: ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए घर खरीदना मुश्किल हो गया है। खासकर युवा लोगों को नए घर खरीदने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जलवायु परिवर्तन: 2022 की बाढ़, 2023 की बुशफायर और जैस्पर साइक्लोन, 2025 का अल्फ्रेड साइक्लोन की वजह से जलवायु भी प्रमुख मुद्दा है। लेबर पार्टी ने रिन्यएबल एनर्जी में इन्वेस्ट किया. जबकि लिबरल पार्टी ने न्यूक्लियर एनर्जी का प्रस्ताव दिया है।

हेल्थ सर्विसः महिला मतदाता खासतौर पर हेल्थ सर्विस में सुधार की मांग कर रही हैं। चुनावी सर्वे में भी लेबर पार्टी को बढ़त थी चुनाव से पहले किए गए सर्वे में लेबर पार्टी को बढ़त दिखाई गई थी। अनुमान लगाया गया था कि लेबर पार्टी 84 सीटें जीत सकती है। इसके अलावा हंग पार्लियामेंट (त्रिशंकु संसद) का भी अनुमान लगाया गया था, अगर ऐसा होता तो छोटे दलों को लेकर सरकार बनानी पड़ सकती थी। 2010 में जूलिया गिलार्ड ने इसी तरह सरकार बनाई थी। ऑस्ट्रेलिया के 31वें प्रधानमंत्री हैं और लेबर पार्टी के नेता हैं। उन्होंने 2022 के चुनाव में स्कॉट मॉरिसन को हराकर सरकार बनाई। उनकी मां मैरीएने एलरी आयरिश मूल की थीं, जबकि पिता कार्लो अल्बनीज इटैलियन थे। अल्बनीज ने सिडनी यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में डिग्री ली है। वो 16 साल की उम्र में लेबर पार्टी से जुड़ गए थे। इसके बाद सिडनी यूनिवर्सिटी की छात्र राजनीति में एक्टिव रहे। 1996 से सिडनी की इनर वेस्ट सीट से लगातार सांसद है, इस सीट को लेबर पार्टी का गढ माना जाता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129